# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, शनिवार
14 जून 2025
वर्ष: 38, अंक: 188
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961




फीचर

‘अगर तुम्हें कोई लड़का पसंद आए तो...’ बेटी जान्हवी कपूर को डेटिंग पर क्या सलाह देती थीं श्रीदेवी?

झारखंड



विचित्र नवजात बच्चे का जन्म से इलाके में चर्चा का विषय

हजारीबाग



सांसद मनीष जायसवाल की अनोखी पहल: 29 जून से शुरू कर रहें हैं सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना

## रामगढ़ के भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर अंधाधुंध फायरिंग, क्षेत्र में दहशत



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रामगढ़।** भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर हमले की नीयत से दिनदहाड़े दो लोगों ने फायरिंग कर दी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया. फायरिंग भदानीनगर थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई है. दिनदहाड़े हुई फायरिंग के बाद कानून व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं.

भदानीनगर थाना पुलिस के मुताबिक, रेलवे साइडिंग संचालक भोला यादव को जान मारने की नीयत से फायरिंग हुई है. हालांकि फायरिंग की घटना में भोला यादव बाल बाल बच गए. फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी, बाइक पर सवार होकर फरार हो गए. इससे पहले घटना के बाद साइडिंग संचालक भोला यादव ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पतरातू एसडीपीओ, पतरातू इंस्पेक्टर और पतरातू अंचल के कई थानों की टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले को लेकर सीन रीक्रिएट किया गया. इस दौरान पुलिस ने बरामद खोखे की गिनती की.

घटना के बाद पुलिस आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है. सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर दिख रहा है कि बाइक पर सवार दो अपराधी मौके पर पहुंचे और बाहर बैठे साइडिंग संचालक और कर्मियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी. जिससे वे आनन-फानन में इधर-उधर भागने लगे. इसी दौरान थोड़ी देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया. लेकिन जब तक संचालक और कर्मी संभल पाते तब तक अपराधी बाइक पर बैठकर फरार हो गए.

साइडिंग संचालक भोला यादव ने बताया कि हम लोग ऑफिस में बाहर बैठकर काम कर रहे थे. इसी दौरान दो अपराधी पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी और जब तक हम सब संभल पाते हैं तब तक वह वहां से फरार हो गए. फायरिंग की वारदात को किसके द्वारा अंजाम दिया गया? यह पता नहीं है लेकिन हमले के बाद कर्मी दहशत में है.

दो अपराधियों ने भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कार्यालय में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया है. पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है. कुल पांच छः राउंड फायरिंग होने की बात सामने आ रही है. सीसीटीवी को खंगाले जा रहे हैं अपराधियों की धर पकड़ के लिए उनकी पहचान की जा रही है और जल्द ही अपराधी पुलिस की पकड़ में होंगेः गौरव गोस्वामी, एसडीपीओ, पतरातू

दरअसल जिले का पतरातू अंचल गैंगस्टर और खूनी वर्चस्व को लेकर पूरे झारखंड में विख्यात रहा है. पतरातू अंचल में पतरातू, भुरकुंडा, भदानीनगर थाना क्षेत्र में लगातार आपराधिक गिरोह सक्रिय रहा है. इसी कड़ी में भदानीनगर ओपी के सामने बने भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में दिनदहाड़े घटना को अंजाम देने की कोशिश हुई है. भदानीनगर थाना और रेलवे साइडिंग के बीच केवल फोरलेन सड़क है और भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में दिनदहाड़े गोलीबारी की वारदात को अंजाम देकर अपराधियों ने पुलिस को चुनौती दी है. रेलवे साइडिंग में कर्मियों के बीच दहशत का माहौल है. पुलिस अपराधियों की पहचान करने में जुटी

## एटीएस की टीम ने मारा छापा, भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**पाकुड़।** जिला में पाकुड़िया थाना क्षेत्र के डोमनगढ़िया गांव में आतंकवाद निरोधक दस्ता एवं जिला पुलिस की संयुक्त छापेमारी में भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया है. छापेमारी के दौरान एक कारोबारी को भी गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है. गिरफ्तार विस्फोटक कारोबारी का नाम समसुल हसन बताया जा रहा है.

पुलिस की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को झारखंड की राजधानी रांची से आतंकवाद निरोधक दस्ता (ATS) की टीम पाकुड़ पहुंची. इसमें शामिल अधिकारियों और जिला के पाकुड़िया थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से डोमनगढ़िया गांव में छापेमारी की. इस कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक जिलेटीन एवं डेटोनेटर जब्त किया गया. विस्फोटक लाखों रुपये का बताया जा रहा है. हालांकि इस मामले में जिला की पुलिस खास जानकारी देने से बच रही है. जिस डोमनगढ़िया गांव में छापेमारी कर विस्फोटक जब्त किया है वह इलाका पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिला से सटा है.

इस मामले को लेकर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि बरामद विस्फोटक जिलेटिन एवं डेटोनेटर है. उन्होंने बताया कि बरामद विस्फोटक सामानों की गिनती की जा रही है. थाना प्रभारी ने बताया कि एटीएस झारखंड टीम को यह सूचना मिली थी कि पाकुड़िया थाना क्षेत्र के डोमनगढ़िया में अवैध विस्फोटकों का जखीरा स्टोर कर उसे खपाने की तैयारी की जा रही है. मिली सूचना पर एटीएस टीम पाकुड़ पहुंची और जिला पुलिस के सहयोग से छापेमारी की. जिसमें भारी मात्रा में जिलेटिन एवं डेटोनेटर बरामद किया गया है.

बता दे कि पाकुड़ जिला के पाकुड़िया, महेशपुर प्रखंड में दर्जनों पत्थर खदान हैं. इन खदानों में माफियाओं द्वारा अवैध रूप से कारोबार भी किया जाता है. फिलहाल यह जांच का विषय है. पुलिस हर बिंदु पर मामले की जांच-पड़ताल कर रही है.

झारखंड शराब घोटाला

# गिरफ्तार एजेंसी कर्मी नीरज से एसीबी की कड़ी पूछताछ, उगले कई राज

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची।** बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अपनी कार्रवाई को और तेज कर दिया है। शुक्रवार को एसीबी ने घोटाले में गिरफ्तार मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह से रिमांड के दौरान कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में नीरज ने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उसने स्वीकार किया कि वह शराब की बिक्री में अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक वसूले गए पैसे को अवैध तरीके से इकट्ठा कर वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का काम करता था। नीरज को इस काम में वरीय अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त था, और वह उत्पाद सचिव मनोज कुमार के एक करीबी रिश्तेदार के संपर्क में था, जिसके माध्यम से यह राशि ऊपर तक पहुंचाई जाती थी।



एसीबी की जांच में सामने आया है कि नीरज कुमार सिंह इस घोटाले में वसूली का एक प्रमुख किरदार था। वह निजी प्लेसमेंट एजेंसी मार्शन के लिए काम करता था, जो झारखंड में शराब दुकानों के लिए मैनपावर सप्लाई करती थी। जांच में पाया गया कि शराब की प्रत्येक बोतल, विशेषकर बीयर पर 10 रुपये की अतिरिक्त वसूली की जाती थी, जिससे एक साल में 57 करोड़ रुपये से अधिक की राशि इकट्ठा की गई। यह राशि नीरज और उत्पाद सचिव मनोज कुमार के कथित करीबी रिश्तेदार अंशु के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जाती थी। अंशु को हर महीने इस अवैध वसूली से 50 लाख रुपये दिए जाते थे।

एसीबी ने नीरज से फर्जी बैंक गारंटी के मामले में भी पूछताछ की। नीरज ने मार्शन और विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज जैसी कंपनियों के लिए फर्जी बैंक गारंटी जमा की थी, जिसके आधार पर इन्हें शराब दुकानों के लिए मैनपावर सप्लाई का ठेका मिला। नीरज ने इन फर्जी गारंटियों के नवीकरण के लिए झारखंड हाईकोर्ट में भी फर्जी दस्तावेज दाखिल किए थे।

पूछताछ में नीरज ने दावा किया कि उसने यह सब प्लेसमेंट एजेंसियों के निर्देश पर किया, लेकिन एसीबी सूत्रों का कहना है कि इसके पीछे वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत थी। इस घोटाले में अब तक पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, जेएसबीसीएल के पूर्व महाप्रबंधक सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास सहित कई लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

एसीबी ने उत्पाद सचिव मनोज कुमार और पूर्व आयुक्त अमित प्रकाश को भी पूछताछ के लिए समन जारी किया है। साथ ही, दो आइएएस अधिकारियों करण सत्यार्थी और फैज अक अहमद, जो इस घोटाले को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं, से गवाह के तौर पर पूछताछ की जाएगी। कई शराब कंपनियों और प्लेसमेंट एजेंसियों के निदेशकों को भी समन भेजा गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि 2022 की नई उत्पाद नीति में जानबूझकर बदलाव किए गए, जिससे फर्जी होलोग्राम और अवैध शराब बिक्री को बढ़ावा मिला। इस नीति से राज्य को 38 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व नुकसान हुआ।

एसीबी के अनुसार, नीरज की पूछताछ से घोटाले के और बड़े खुलासे होने की संभावना है। जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस अवैध राशि का कितना हिस्सा किस-किस अधिकारी तक पहुंचा और क्या इसमें और भी बड़े नाम शामिल हैं।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व आयुक्त उत्पाद अमित प्रकाश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई का खौफ साफ दिख रहा है। जब एसीबी ने उन्हें पूछताछ के लिए समन किया तो उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत आनन-फानन में विभाग से 1200 पन्ने की सूचनाएं मांग ली। अमित प्रकाश आयुक्त उत्पाद के पद से ही गत वर्ष सेवानिवृत्त हुए थे।

20 मई को एसीबी थाने में दर्ज प्राथमिकी को आधार बनाकर पूर्व आयुक्त उत्पाद अमित प्रकाश ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचनाएं मांगी।

## 2.5 करोड़ की भूरी चीनी वाली लेडीज, घर में 23 लाख कैश, ऐसी-ऐसी चीजें कि पुलिस भी दंग

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**चतरा।** चतरा जिले की पुलिस को नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने लगभग ढाई करोड़ रुपए मूल्य का ब्राउन शुगर, अफीम और अन्य मादक पदार्थ जब्त किया है। अवैध कारोबार के नेटवर्क से जुड़ी को एक महिला मधु कुमारी को गिरफ्तार किया गया है और उसके घर से 23 लाख 60 हजार रुपए कैश बरामद किए गए हैं। यह जानकारी चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने गुरुवार शाम एक प्रेस वार्ता में दी।

**चतरा में नशे के नेटवर्क का खुलासाः** उन्होंने बताया कि पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय के कुम्हार टोला में नशीले पदार्थों की प्रोसेसिंग का सेंटर चलाए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने सिमरिया के एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया। इस टीम ने उदेश कुमार दांगी और मधु कुमारी के घर पर रेड डाली तो 3.821 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 2.784 किलोग्राम अफीम, 1.019 किलो अवैध सफेद पाउडर, नशीले पदार्थ की प्रोसेसिंग में इस्तेमाल किए जाने वाले चार बॉटल केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक मापतौल मशीन, रबर बंडल और दो मोबाइल बरामद किए गए।



**जानिए क्या कहा गिरफ्तार महिला ने :** मौके से गिरफ्तार की गई मधु कुमारी ने पुलिस को बताया कि अफीम एवं ब्राउन शुगर बनाने और इसकी तस्करी में पत्थलगड़ा के तेतरिया गांव निवासी रौशन दांगी उसकी मदद करता है। उसके बयान के आधार पर एडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसने अवैध कारोबार के नेटवर्क के बारे में पुलिस को कई अन्य सूचनाएं दी हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**आरोपी महिला को भेजा गया जेल :** मधु कुमारी को न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है। इस अभियान में सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के अलावा सिमरिया एसडीपीओ संदीप कुमार, डीएसपी मुख्यालय अमिता लकड़ा, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, पत्थलगड़ा थाना प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार समेत सशस्त्र बल एवं महिला होमगार्ड बल के जवान शामिल थे।

## बिहार में गठबंधन का हिस्सा नहीं है झामुमोः राजद

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची।** झारखंड में मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अब इंडिया ब्लॉक की नजर बिहार चुनाव पर है. लेकिन बिहार की राजनीति में झामुमो अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उतरने की इच्छा जताने के बावजूद बिहार के इंडिया ब्लॉक दलों की एक के बाद एक चार बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन बैठक में झामुमो को आमंत्रित नहीं किया गया.



बिहार की चुनावी राजनीति में राजद-कांग्रेस द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा की लगातार उपेक्षा के बावजूद झामुमो के नेताओं का मानना है कि जब इंडिया ब्लॉक के बड़े और राष्ट्रीय स्तर के नेता सीट शेयरिंग के मुद्दे पर बैठेंगे, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा का जरूर ख्याल रखा जाएगा. साथ ही हमें भी आमंत्रित किया जाएगा.

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि झामुमो के साथ-साथ उनके नेता हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि बैठक में नहीं बुलाए जाने पर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन हमारी नजर बिहार की राजनीति पर है. उन्होंने कहा कि बिहार में हमारा मजबूत संगठन है और कल की बैठक के आलोक में झामुमो भविष्य के लिए कोई निर्णय लेगा.

एक ओर जहां बिहार के इंडिया ब्लॉक में सम्मान नहीं मिलने से झामुमो नेता नाराज और दुखी हैं, वहीं दूसरी ओर झारखंड राजद इशारों में सवाल उठा रहा है कि क्या झारखंड मुक्ति मोर्चा भी बिहार में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है? राजद के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि बिहार में इंडिया ब्लॉक में शामिल दलों को बैठक में बुलाया जाता है.

वहीं राजद के प्रदेश सचिव रामकुमार यादव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं को बिहार के संदर्भ में राजद के झारखंड में जनाधार से कोई तुलना नहीं करनी चाहिए. रामकुमार यादव ने कहा कि जिस दिन राजद गठबंधन से अलग होकर झारखंड में चुनाव लड़ेगा, उस दिन झामुमो का तीन दीया तेल जल जाएगा.

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि हमारी पार्टी की बिहार इकाई ने 16 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए सूची भेजकर आग्रह किया है. जिसमें से झामुमो कम से कम 12 विधानसभा सीटों पर चुनाव जरूर लड़ेगा, फिर भी अगर गठबंधन में बात होती है तो हम भाजपा को हराने के लिए 5-8 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार हैं, लेकिन बिहार चुनाव में हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता.

## झारखंड के 150 बीजेपी नेताओं के हाथ में बिहार विधानसभा चुनाव की कमान

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है. चुनावी जंग जीतने के लिए झारखंड सहित देश के अन्य राज्य के नेताओं को बिहार दौरे पर भेजा जा रहा है. इस सूची में अकेले झारखंड से करीब 150 बीजेपी नेता-कार्यकर्ता शामिल हैं जिनके हाथों में चुनाव प्रबंधन होगा.



बिहार प्रवास पर जाने वाले नेताओं पर संगठनात्मक कार्य से लेकर चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी. इसके लिए सभी बड़े नेता कम से कम 48 घंटों तक पार्टी द्वारा निर्धारित जिला एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रवास करेंगे. इन प्रवासी भाजपा नेताओं को बूथ मैनेजमेंट, मीडिया, बड़े नेताओं के चुनावी दौरे और संगठन के कामकाज की जिम्मेदारी दी जाएगी. जानकारी के मुताबिक बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक होगा बड़े नेताओं का बिहार प्रवास में तेजी आएगी.

झारखंड से जो बड़े नेता बिहार दौरे पर जाने वाले हैं उसमें पूर्व सीएम रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद निशिकांत दूबे, विधायक सीपी सिंह सहित कई वर्तमान और पूर्व विधायक शामिल हैं.

झारखंड बीजेपी के बड़े नेताओं में से दीपक प्रकाश पहले से ही बिहार भाजपा के सह प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं. आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करना उनके लिए बड़ी चुनौती है.

बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने का दावा कर रहे सांसद दीपक प्रकाश कहते हैं कि दोनों राज्यों के बीच सामाजिक संबंध है जाहिर तौर पर एक राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते झारखंड के भी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी दी जाएगी उसका निर्वहन वह करेंगे.

पूर्व विधायक अमित मंडल कहते हैं कि बिहार से सटे जिलों में न केवल रोटी बेटी का नाता है बल्कि भाषा को लेकर भी दोनों राज्यों के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है. ऐसे में एक राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते हम मदद करने के लिए बिहार जाएंगे. हमारा एकमात्र लक्ष्य है कि राज्य में भाजपा की सरकार बने. इसके लिए पहले भी दूसरे राज्यों में जाने की परंपरा रही है. इसी के तहत इस बार भी पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे हम पूरा करेंगे.

गोड्डा से सटे बिहार के भागलपुर और बांका जिले हैं. इसी तरह पलामू और कोडरमा से सटे बिहार के कई जिले हैं. जहां झारखंड के पार्टी नेता प्रभावी ढंग से लोगों तक बातों को रख सकते हैं.

# पिता आयोग के अध्यक्ष, बेटी को बनाया सिंडिकेट का मेंबरः प्रवासी नेताओं पर इनाम की बौछार

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

बिहार बीजेपी में विस्फोट के आसार नजर आने लगे हैं. जो खबर आ रही है उसके मुताबिक पार्टी कार्यकर्ताओं की नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है. कार्यकर्ताओं की नाराजगी इस बात पर है कि जिन लोगों ने 30-40 साल से पार्टी को खून-पसीने से सींचा, वे सड़क पर धक्के खा रहे हैं. लेकिन, प्रवासी नेताओं पर इनाम की बौछार की जा रही है. प्रवासी नेताओं को पुरस्कृत करने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं.

पूरी जिंदगी कांग्रेस की राजनीति करने वाले पूर्व विधान पार्षद डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह कुछ साल पहले बीजेपी में शामिल हुए हैं. विधान परिषद के चुनाव में बीजेपी ने उन्हें मैदान में उतारा था लेकिन हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद महाचंद्र प्रसाद सिंह को बीजेपी ने बड़ा इनाम दिया. कुछ दिनों पहले गठित हुए सवर्ण आयोग में महाचंद्र प्रसाद सिंह को अध्यक्ष बना दिया गया है. लेकिन बीजेपी ने सिर्फ महाचंद्र प्रसाद सिंह को ही पुरस्कृत नहीं किया है, उनकी पुत्री को भी बीजेपी की ओर से तोहफा मिला है. महाचंद्र प्रसाद सिंह की बेटी सीमा शर्मा को बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी में सिंडिकेट का सदस्य बना दिया गया है. सीमा शर्मा को 22 अप्रैल को ही राज्यपाल के प्रतिनिधि के तौर पर बिहार यूनिवर्सिटी के सिंडिकेट का सदस्य बनाया गया था.



महाचंद्र प्रसाद सिंह की बेटी को सिंडिकेट का मेंबर बनाने वाला आदेश को गोपनीय रखा गया था. लेकिन जब बिहार में आयोग, बोर्ड-निगम का गठन हुआ और उनमें बीजेपी के प्रवासी नेताओं को मलाईदार जगह मिली तो ये मामला सामने आया है. बीजेपी नेताओं ने ही फर्स्ट बिहार को ये जानकारी दी है कि सीमा शर्मा दिल्ली के किसी कॉलेज में पढ़ाती हैं. उन्हें पटना के महाचंद्र प्रसाद सिंह के घर का निवासी बता कर बिहार यूनिवर्सिटी के सिंडिकेट का मेंबर बनाया गया है. बता दें कि किसी विश्वविद्यालय में सिंडिकेट का मेंबर बेहद अहम पद होता है और सिंडिकेट ही यूनिवर्सिटी से संबंधित सारे अहम फैसले लेती है.

बीजेपी में प्रवासी नेताओं को इनाम की बौछार से पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं और नेताओं में भारी खलबली मची है. कुछ दिनों पहले बोर्ड, निगम का गठन हुआ है. उसमें बीजेपी कोटे से मलाईदार पद पाने वाले ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जो कुछ दिनों पहले पार्टी में शामिल हुए थे. पार्टी ने उन्हें पुरस्कृत कर दिया. सवर्ण आयोग के अध्यक्ष की कुर्सी महाचंद्र प्रसाद सिंह को मिली जिन्होंने पूरी जिंदगी कांग्रेस की राजनीति की. इसी आयोग में राज कुमार सिंह को जगह दे दी गयी. कुछ ही साल पहले बीजेपी में शामिल होने वाले राज कुमार सिंह को पार्टी के ज्यादातर नेता पहचानते तक नहीं. इसी तरह से खाद्य आयोग में ऐसे नेता को मलाईदार पद मिला जो भाजपा में कब शामिल हुए, ये भी पार्टी के अधिकतर नेताओं-कार्यकर्ताओं को पता नहीं. कई और ऐसे नेताओं को आयोग और बोर्ड-निगम में जगह मिली है.

एक पखवाड़े पहले बीजेपी की प्रदेश कमेटी का भी गठन किया गया था. उस पर गंभीर सवाल उठे. दिलचस्प बात तो ये रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशों को भी हवा में उड़ा दिया गया. बता दें कि 29 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पटना दौरे के दरम्यान बीजेपी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे.

## निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही ट्रेन बेपटरी, कोई हताहत नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई। ट्रेन का चौथा डिब्बा प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राहत एवं सुरक्षा उपायों का आकलन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के अनुसार, शाम 4:10 बजे के आसपास ट्रेन नंबर 64419 (एनजेडएम-जीजेडबी ईएमयू) का एक डिब्बा शिवाजी ब्रिज के पास डाउन मेन लाइन पर पटरी से उतर गया। रेलवे अधिकारी और कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर बहाली के काम में जुट गए हैं। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। रेलवे अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## सीएम रेखा गुप्ता ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के विकास कार्यों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्षेत्र की प्रमुख विकास परियोजनाओं और संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। सीएम रेखा गुप्ता ने विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में सड़कों की मरम्मत, जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइटिंग और नालों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री ने इन क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के निवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। सीएम रेखा गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल के नए ब्लॉक के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने और तय समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने को कहा। यह नया ब्लॉक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## अहमदाबाद विमान हादसा - जयराम रमेश ने विजय रूपाणी के साथ अपनी दोस्ती को याद किया

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की दुखद मौत हो गई। रूपाणी के निधन पर राजनीतिक दलों के श्रद्धांजलि अर्पित की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रूपाणी के साथ संसद में बिताए हुए समय को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। जयराम रमेश ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मुझे अभी भी सदन में हमारी बहस याद हैं, साथ ही सेंट्रल हॉल में दोस्ताना बातचीत भी याद है, जहां हम जलवायु परिवर्तन, शहरी गर्मी और पर्यावरण के बारे में बात करते थे। वह बेहद मिलनसार थे और सदन में आक्रामकता के साथ अक्सर मुस्कुराहट भी होती थी। 2 अगस्त 1956 को म्यांमार के रंगून (अब यांगून) में जन्मे रूपाणी का प्रारंभिक जीवन राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित रहा। जैन समुदाय से ताल्लुक रखने वाला उनका परिवार 1960 में राजकोट चला गया। उन्होंने कला और कानून में डिग्री हासिल की और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसकी छात्र शाखा एबीवीपी के माध्यम से अपना सार्वजनिक जीवन शुरू किया। वह नवनिर्माण आंदोलन में सक्रिय थे और आपातकाल के दौरान जेल भी गये थे। वह 1996 से 1997 तक राजकोट के मेयर रहे और कई बार गुजरात विधानसभा के लिए चुने गए।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर विदेश मंत्रालय ने जताई गहरी संवेदना, प्रवक्ता बोले-हमने कई अनमोल जिंदगियों को खोया

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर विदेश मंत्रालय ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह एक बेहद दुखद दुर्घटना है, जिसमें कई लोगों की जान गई है। हादसे में विदेशी नागरिकों के हताहत होने की भी खबर है। दिल्ली में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जायसवाल ने कहा, अहमदाबाद में जो कुछ हुआ, वह अत्यंत दुखद है। हमने कई अनमोल जिंदगियों को खोया है। हम उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने आगे कहा कि हादसे से जुड़ी विस्तृत जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एयर इंडिया और अन्य संबंधित विभागों द्वारा साझा की जा रही है। बचाव अभियान अब भी जारी है और स्थिति लगातार बदल रही है। जायसवाल ने स्पष्ट किया कि सटीक और अंतिम विवरण के लिए कुछ और समय इंतजार करना होगा।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर हाजियों की वतन वापसी शुरू, चेयरपर्सन कौसर जहां ने फूलों से किया स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस साल हज यात्रा की समाप्ति के बाद हाजियों की वतन वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। सऊदी एयरलाइन की उड़ान संख्या 3086 से 399 हाजियों का पहला जत्था दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के टर्मिनल 3 पर उतरा।

दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उप कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली और अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सभी हाजियों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। पहली फ्लाइट से आने वाले कुल 399 हाजियों में 188 महिलाएं और 211 पुरुष हैं। दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां के अनुसार वर्ष 2024 की तुलना में इस साल



का हज यात्रा बहुत ही सुगम और सुविधाजनक रही। सऊदी अरब में मौसम अधिक गर्म और शुष्क होने के बावजूद व्यवस्था अच्छी रही, जिससे हाजियों को आसानी से हज के सारे मनासिक (विधि विधान) पूरे करने का अवसर मिला। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने बताया कि आज से शुरू हुई हाजियों की वापसी का सिलसिला अगले माह जुलाई की 10 तारीख तक जारी रहेगा।

इस बीच कुल 37 फ्लाइट से 15069 हाजियों की वतन वापसी होगी। उन्होंने बताया कि 25 जून तक दिल्ली वापस होने वाले हाजी सऊदी अरब के जेद्दा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आयेंगे, जबकि 26 जून से 10 जुलाई तक हाजी सऊदी अरब के शहर मदीना से दिल्ली वापस होंगे।

इस बीच दिल्ली स्टेट हज कमेटी ने वतन वापस लौटने वाले हाजियों के लिए हज मंजिल में ठहरने की व्यवस्था भी की है, ताकि दिल्ली आगमन के बाद दूर-दराज स्थानों के हाजी अपनी सुविधा के अनुसार यहां रुक सकें।

## भारत-कनाडा संबंधों में सुधार की संभावना, जी-7 शिखर सम्मेलन में बातचीत का अवसर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के संबंधों में सुधार की संभावनाएं बन रही हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि दोनों देश एक-दूसरे के साथ जुड़ने और आपसी विश्वास बहाल करने के रास्ते तलाश रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का फोन आया था। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री को जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। यह कॉल दोनों नेताओं के लिए भारत-कनाडा संबंधों पर विचार करने और भविष्य की दिशा तय करने का एक अवसर भी बना। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और कनाडा दोनों जीवंत लोकतंत्र हैं और कानून के शासन के प्रति समान प्रतिबद्धता रखते हैं। जायसवाल ने



बताया कि भारत और कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच ऐसे तंत्र पहले से मौजूद हैं जो आपसी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को समय-समय पर सुलझाते रहे हैं।

# बांग्लादेश में रबींद्र नाथ टैगोर के पैतृक घर पर तोड़फोड़, भाजपा ने की घटना की निंदा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बांग्लादेश में रबींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है। पार्टी प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि बांग्लादेश से जुड़े इस पूरे मामले को सरकार ने बड़ी ही संवेदनशीलता से लिया है। डॉ. पात्रा ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रबींद्रनाथ टैगोर ने दो राष्ट्रों के राष्ट्रगान को लिखा। भारत के राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' को रबिन्द्रनाथ जी की कलम ने ही संजोया। बांग्लादेश के राष्ट्रगान को भी उन्होंने ही लिखा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस घर पर हाल ही में हमला किया गया था, जिसे जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम के सदस्यों ने अंजाम दिया था। ये हमला योजनाबद्ध तरीके से किया गया। भाजपा प्रवक्ता डॉ. पात्रा ने कहा कि टैगोर कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे। वे असाधारण विविधता वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने साहित्य, दर्शन और दृष्टि के माध्यम से दुनिया को बहुत उचित नहीं है। अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहां की सरकार इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय स्मारक को बचा कर नहीं रख सकी।



योगदान दिया। टैगोर सीमाओं तक सीमित नहीं थे; उनकी विरासत राष्ट्रों से परे थी। रबिन्द्रनाथ टैगोर के दादा दी द्वारकानाथ टैगोर ने 1840 में ढाका से लगभग 125 किमी दूर सिराजगंज में दो मंजिला घर बनवाया था। डॉ. पात्रा ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का व्यवहार भाजपा प्रवक्ता के नाते बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की हम निंदा करते हैं। जब उनके घर पर हमला होता है, तो सिर्फ़ इमारत ही नहीं बल्कि उनके सोचने के तरीके पर भी हमला होता है। हम वैश्विक समुदाय से इस कृत्य के खिलाफ़ एकजुट होने की अपील करते हैं।

# मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को लोकतांत्रिक बनायाः अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के शासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाया है और व्यापार क्षेत्र के लिए इसकी शक्ति का उपयोग किया है, जिससे भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, 'मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाया और व्यापार क्षेत्र के लिए इसकी शक्ति का दोहन किया, जिससे भारत #vvYearsOfDigitalIndia में दुनिया की अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया। चाहे वह स्वास्थ्य सेवा हो, शिक्षा हो, व्यापार हो या वाणिज्य, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल क्रांति के माध्यम से अर्थव्यवस्था और समाज के हर क्षेत्र को बदल दिया है।÷

**डिजिटल इंडिया की प्रमुख उपलब्धियां:**

- **आधारः** विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल आईडी प्रणाली÷ 140 करोड़ से अधिक लोगों को एक अनोखा 12-अंकों का आधार नंबर दिया गया है, जिससे सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने में आसानी हुई है।
- डिजिटल पेमेंट्सः डिजिटल भुगतान प्रणाली ने देशभर में तेजी से विस्तार किया है, जिससे लेन-देन में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ी है।
- डिजिलॉकरः52 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के साथ, डिजिलॉकर ने दस्तावेज़ प्रबंधन को आसान और सुरक्षित बना दिया है।



- जीवन प्रमाणः 10 करोड़ से अधिक पेंशनभोगियों ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र का उपयोग करके अपने जीवन प्रमाण को सत्यापित करने के लिए पंजीकरण कराया है।
- उमंग ऐपः 8.21 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के साथ, उमंग ऐप ने सरकारी सेवाओं को एक ही मंच पर लाकर नागरिकों के जीवन को आसान बना दिया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-प्रौद्योगिकी गरीबों को सशक्त बनाने का बड़ा माध्यम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी गरीबों को सशक्त बनाने का बड़ा माध्यम है। इसकी ताकत के प्रयोग से अनगिनत लाभ हुए हैं। जन सामान्य से जुड़ी सेवाओं में अभूतपूर्व पारदर्शिता आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज एक्स हैंडल पर यह टिप्पणी डिजिटल इंडिया के 11वर्ष के अवसर पर माय गवर्नमेंट इंडिया (MyGovIndia) के पोस्ट पर की है। उन्होंने लिखा, 'प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने से लोगों को अनगिनत लाभ हुए हैं। सेवा वितरण और पारदर्शिता में बहुत वृद्धि हुई है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी सबसे गरीब लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का एक साधन बन गई है। भारत के युवाओं की मदद से हम इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भर बनने और (MyGovIndia) के एक्स हैंडल पर कहा गया है,11 साल पहले, एक खामोश डिजिटल क्रांति शुरू हुई-




वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने के हमारे प्रयासों को भी मजबूत कर रहा है। माय गवर्नमेंट इंडिया जिसने भारत के जुड़ने, शासन करने और विकास करने के तरीके को नया आकार दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डिजिटल इंडिया पहल ने प्रौद्योगिकी को सशक्तिकरण के एक उपकरण में बदल दिया है। अंतराल को पाटा है। अवसरों के द्वार खोले हैं। हर नागरिक के लिए शासन को अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाया है।

माय गवर्नमेंट इंडिया की एक्स पोस्ट पर लिखा गया, दूरदराज के गांवों में इंटरनेट की पहुंच से लेकर दुनिया में अग्रणी वास्तविक समय के डिजिटल भुगतान तक, यह परिवर्तन केवल संख्याओं के बारे में नहीं है- यह लोगों, प्रगति और संभावना के बारे में है। यह डिजिटल इंडिया के 11 वर्ष में समावेशी विकास, नवाचार और डिजिटल पावरहाउस के रूप में भारत के उभरने की कहानी है। भारत की तकनीकी यात्रा क्रांतिकारी है।

## अहमदाबाद में विमान दुर्घटना पर जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने दुख व्यक्त किया

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान की दुखद



दुर्घटना पर कहा है कि हम गहरे सदमे में हैं और दुखी हैं। इतने सारे निर्दोष लोगों की जान जाने से गमगीन हैं। यह अकल्पनीय पैमाने की आपदा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना स्थल से दिखने वाले दृश्य अत्यंत दुखद हैं तथा लोग अपने प्रियजनों की पहचान और समाचार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। परिवारों का दर्द शब्दों से परे है। हम बचाव और राहत कार्यों में भाग लेने वाले स्थानीय अधिकारियों और स्वयंसेवकों के अथक कार्य की सराहना करते हैं। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह इस दुखद घटना के कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच करे तथा यह सुनिश्चित करे कि सुरक्षा सुधार शीघ्रता से लागू हों। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद सभी प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है और उनके गम में पूरी तरह से शामिल हैं।

# दिल्ली भाजपा के नेताओं के साथ पीएम मोदी की साढ़े 3 घंटे चली बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर दिल्ली के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सांसदों और विधायकों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री आवास पर उनकी यह बैठक करीब साढ़े तीन घंटे तक चली। लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की सभी सात सीटों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत और विधानसभा चुनाव 2025 में निर्णायक बहुमत हासिल करने के बाद यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री ने पार्टी के दिल्ली इकाई के नेताओं के साथ सीधे संवाद किया। यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब केंद्र में भाजपा सरकार को 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और साथ ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार के 100 दिन भी पूर्ण हो चुके हैं। इस अवसर को पार्टी नेताओं ने एक सांकेतिक और उत्सवपूर्ण क्षण बताया। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में दिल्ली के 100 दिनों के रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी विधायकों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा संपर्क



अभियान बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने क्लीन दिल्ली ग्रीन दिल्ली मिशन पर काम करने का मंत्र दिया। राजधानी का विकास किस तरह से किया जाए, इस पर भी प्रधानमंत्री ने विधायकों व सांसदों को टिप्स दिए। वहीं मुलाकात को लेकर दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष और भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा, ÷यह एक सुनहरा दौर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और अब दिल्ली में भी शानदार कार्य हुआ है, जिसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देने आए हैं। उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिल्ली के भविष्य के लिए निर्धारित राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण पर चर्चा करना था। उन्होंने कहा, पहले जब हम चुनाव जीतकर मिले थे, तब हमारे पास दिल्ली की सत्ता नहीं थी।

## विमान हादसे पर कांग्रेस ने जताया दुख, कार्यकर्ताओं से हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह



एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर कांग्रेस ने दुख जताया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पोस्ट में हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि भयावह दृश्य देखकर दिल दहल जाता है। यात्रियों, पायलट और चालक दल के परिवारों के प्रति पार्टी की हार्दिक संवेदना, विचार और प्रार्थनाएं उन्होंने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से पीड़ितों और उनके प्रियजनों को हर संभव सहायता और समर्थन प्रदान करने का आग्रह किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विमान दुर्घटना पर दुख जताते हुए इसे दिल दहला देने वाली घटना बताया है। राहुल ने एक्स पर साझा किए अपने संदेश में कहा कि यात्रियों और चालक दल के परिवारों को जो दर्द और चिंता हो रही होगी, वह अकल्पनीय है। इस कठिन क्षण में सभी के परिवारजन के प्रति संवेदनाएं। प्रशासन द्वारा तत्काल बचाव और राहत प्रयास महत्वपूर्ण हैं- हर जीवन मायने रखता है, हर सेकंड मायने रखता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

# दुश्मनों की कमर तोड़ने को यूएवी 'रुद्रास्त्र' तैयार, पोखरण फायरिंग रेंज में दिखाई ताकत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने पोखरण फायरिंग रेंज में अपने हाइब्रिड वीटीओएल यूएवी रुद्रास्त्र के परीक्षण पूरे कर लिए हैं। यह परीक्षण भारतीय सेना ने निर्धारित प्रदर्शन मापदंडों के अनुरूप किये, जिसमें वर्टिकल टेक ऑफ लैंडिंग शामिल थी। यूएवी ने डेढ़ घंटे में 170 किमी से अधिक दूरी तक जाकर मजबूत परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करके मूल लॉन्च बिंदु पर सफलतापूर्वक वापस लौटा। भारत ने रक्षा प्रौद्योगिकी में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने हाइब्रिड वर्टिकल टेक ऑफ एंड लैंडिंग यूएवी 'रुद्रास्त्र' विकसित किया है। एसडीएएल ने यूएवी के परीक्षण 11 जून को राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में किये। यह परीक्षण भारत की सैन्य शक्ति को मजबूत करने और क्षेत्रीय चुनौतियों, विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ एक कड़ा जवाब देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। परीक्षण के दौरान सटीक निर्देशित एंटी पर्सनल वारहेड की भी तैनाती की गई थी। परीक्षण के दौरान मध्यम



ऊंचाई से गिराए जाने पर गोला-बारूद ने कम ऊंचाई पर विस्फोट किया, जिसने सामरिक प्रभावशीलता बेंचमार्क को पूरा किया। यह सफल प्रदर्शन भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों की खोज में प्रमुख मील का पत्थर और आत्मनिर्भर पहल के तहत स्वदेशी सैन्य तकनीक को सुदृढ़ बनाने के भारत के प्रयासों में एक बड़ा कदम है। मिशन की बहुमुखी स्थितियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए यूएवी रुद्रास्त्र ने अपनी प्रमुख विशेषताओं को प्रदर्शित किया, जिसमें वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग, विस्तारित उड़ान रेंज, रियल टाइम निगरानी और सटीक निशाना शामिल है। यूएवी रुद्रास्त्र वर्टिकल टेक ऑफ और लैंडिंग में माहिर है, जिसकी 170 किलोमीटर से अधिक की रेंज है और सटीक लक्ष्य को भेदने में कारगर है, जो इसे युद्ध के मैदान में एक शक्तिशाली हथियार बनाता है। रुद्रास्त्र अपने वर्टिकल टेक ऑफ और लैंडिंग क्षमता के कारण दुर्गम इलाकों में भी प्रभावी ढंग से परिचालन कर सकता है।

# रॉबर्ट वाड्रा ने श्वष्ट समन से बचने के आरोपों का किया खंडन, जांच में सहयोग का दिया भरोसा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन से बच रहे हैं। उनके अधिवक्ता सुमन ज्योति खेतान ने एक बयान जारी कर कहा कि ऐसी खबरें पूरी तरह से असत्य और तथ्यहीन हैं। वाड्रा ने पिछले एक दशक से ईडी के सभी समन, सूचनाओं और दस्तावेजों की मांगों का पूर्ण अनुपालन किया है और भविष्य में भी कानून का पालन करने वाले नागरिक के रूप में अपना सहयोग जारी रखेंगे। वाड्रा को एक मामले के संबंध में 10 जून को ईडी के समक्ष पेश होने का समन मिला था, जिसमें वह 2019 से कई बार ईडी के सामने पेश हो चुके हैं और भारी मात्रा में दस्तावेज जमा कर चुके हैं। उनके वकील ने बताया कि 9 जून को वाड्रा को फ्लू जैसे लक्षण दिखाई दिए, जिसके बाद उन्हें चिकित्सकीय सलाह पर कोविड-19 टेस्ट कराने को कहा गया। यह प्रक्रिया पीएमओ सहित कई संस्थानों द्वारा अपनाई जा रही मौजूदा प्रथाओं के अनुरूप थी। इसके चलते वाड्रा ने ईडी को सूचित किया कि वह 10 जून को व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हो पाएंगे। वाड्रा ने ईडी को यह भी आश्वासन दिया कि जैसे ही उन्हें चिकित्सकीय मंजूरी मिलेगी, आ जाएंगे। उन्होंने स्वेच्छा से कहा कि यदि ईडी को तत्काल आवश्यकता महसूस होती है, तो वह उपलब्ध हैं, जैसा कि उन्होंने पहले कई बार किया है।

उनके वकील ने कहा कि वाड्रा ने हाल ही में भी भारी मात्रा में दस्तावेज जमा किए हैं और ईडी के सभी सवालों के जवाब दिए हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि वाड्रा अपनी बेटी के स्नातक समारोह में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा के बहाने ईडी की कार्रवाई से बच रहे हैं। इस पर खेतान ने कहा, यह पूरी तरह से असत्य, अस्वीकार्य और तथ्यहीन है। वाड्रा की सभी विदेश यात्राएं ईडी की पूर्व सूचना और न्यायालय की अनुमति के साथ होती हैं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ईडी के रिकॉर्ड में वाड्रा का नियमित रूप से पेश होने का इतिहास दर्ज है और यह सोचने का कोई आधार नहीं है कि वह समन का जवाब देने के लिए गलत कारण देंगे।

# सांसद मनीष जायसवाल की अनोखी पहलः 29 जून से शुरू कर रहें हैं सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना

● हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क कराई जाएगी तीर्थ यात्रा ● हजारों लोग कर सकेंगे अयोध्या, काशी, विंध्याचल और प्रयागराज संगम स्थल का भ्रमण, ● यात्रा हजारीबाग लोकसभा के इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में साबित होगा अमिट धरोहर ● सांसद मनीष जायसवाल ने इस योजना की डेमो अपने पैतृक गांव के श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा कराकर किया ● क्षेत्र के बुजुर्ग नागरिकों के तीर्थ यात्रा का सपना होगा साकार, हम कर रहें है एक प्रयासः मनीष जायसवाल



## सांसद मनीष जायसवाल ने अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों के लिए जताया गहरा शोक

सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस- वार्ता की शुरुआत गुरुवार को अहमदाबाद विमान हादसे की हृदयविदारक घटना से किया और कहा कि यह अत्यंत ही व्यथित कर देने वाली बेहद दुखद घटना है। इस दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले समस्त यात्रियों को हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति और परिजनों को यह असहनीय पीड़ा सहने की अदम्य शक्ति प्रदान करने की कामना की साथ ही कहा कि पूरा देश इस क्षति से मर्माहत है और शोक की इस घड़ी में हम सब एकजुट हैं। यह घटना हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायक और अविस्मरणीय है।

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के बतौर सांसद शपथ लेने के एक साल आगामी 24 जून को होने वाले हैं। इस उपलक्ष्य में उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एक अनोखी पहल करते हुए ÷सांसद तीर्थ दर्शन-2025÷ नामक एक योजना की शुरुआत करने का ठाना है। इससे पहले भी सांसद मनीष जायसवाल सरकार और गैर- सरकारी योजना के अलावे क्षेत्र और क्षेत्रवासियों के हित में व्यक्तिगत रूप से कई योजनाएं चला रहें हैं जिसका समाज में व्यापक प्रभाव और लाभ लोगों को मिल रहा है। युवाओं के लिए नमो फुटबॉल टूर्नामेंट, क्षेत्र की बहनों के लिए लहंगा वितरण अभियान, जरूरतमंद परिवारों के लिए नमो श्राद्ध कीट उनके द्वारा संचालित बेहद लोकप्रिय योजना है। सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना का उद्घाटन सह प्रथम जत्थे का रवानगी आगामी 29 जून 2025 को प्रातः 11ः00 बजे हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड स्थित नृसिंह स्थान मंदिर प्रांगण,खपरियावाँ से भव्य कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। जिसमें इस आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता प्रदेश स्तर के नेता एवं कई प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम जनता जनार्दन को इस भव्य कार्यक्रम का साक्षी बने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। इस महत्ती योजना के बाबत सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस- वार्ता कर बताया कि यह योजना लंबे समय के लिए शुरू किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के जरूरतमंद वरिष्ठ जनों को सम्मान मिले और उन्हें तीर्थयात्रा कराया जा सके। इस योजना के तहत प्रति माह छह ट्रिप यात्रा कराया जाएगा जिसमें प्रत्येक ट्रिप में 65 श्रद्धालु जा सकेंगे। इसके लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस वातानुकूलित बस होगा जिसमें 45 सीट और 20 स्लीपर सीट होंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा के पांच- पांच पंचायत करके इस योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। श्रद्धालुओं के चयन प्रक्रिया से लेकर उन्हें तीर्थ दर्शन कराने में सांसद सेवा कार्यालय की टीम तत्पर रहेगी। प्रत्येक ट्रिप में संबंधित क्षेत्र के पांच भाजपा कार्यकर्ता साथ जाएंगे। प्रथम चरण में श्रद्धालुओं के उम्र सीमा को 60 साल तय किया गया है। यह यात्रा प्रसाद और भोजन खर्च, मंदिर आने जाने ट्रैवलिंग खर्च को छोड़कर पूरी तरह निःशुल्क होगा। प्रवास और भोजन के व्यवस्था के साथ तीर्थ स्थलों के सुलभ दर्शन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से वार्ता चल रही है। यात्रा हजारीबाग से प्रारंभ होकर काशी पहुंचेगा, दिनभर यात्री विभिन्न धार्मिक स्थलों में पूजा- अर्चना करने के उपरांत रात में यात्रा कर अगले दिन अयोध्या पहुंचेंगे अयोध्या में विभिन्न धार्मिक स्थान एवं आरती- दर्शन के उपरांत अगले दिन प्रयागराज संगम पहुंचेंगे इसके बाद विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी की पूजा- अर्चना करने के बाद यात्रा हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेगी और यात्रीगण हजारीबाग पहुंच जाएंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के सम्मान में और समाज के संस्कृति के सम्मान में इस यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में बड़कागांव की धरती से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महाराज योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि आप लोग अयोध्या दर्शन के लिए आइए हम स्वागत करेंग। उनके बातों को मानकर हमलोग तीर्थ दर्शन यात्रा शुरू कर रहें हैं विश्वास है कि सीएम योगी आदित्यनाथ श्रद्धालुओं के सुलभता के लिए सहयोग करेंगे ।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा यह यात्रा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अमिट धरोहर साबित होगा। उन्होंने इस महत्ती योजना के उद्घाटन सह प्रथम जत्थे के रवानगी के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों को उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक समारोह को सफल बनाते हुए इस सुखद पल का गवाह बनने का अपील किया है ।

**मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद**

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के प्रेस- वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य के.पी. ओझा, अशोक यादव, टुन्नू गोप, सुदेश चंद्रवंशी, जिला पदाधिकारी दामोदर सिंह, रेणुका साहू, जय नारायण प्रसाद, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष राजकरण पांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष मनोरमा राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह राठौर, नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष विवेक बैरियर, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, सांसद सेवा कार्यालय कर्मी विजय वर्मा, रूपम ओझा, विशेषांक वर्मा, राजेश कुमार, अमन कुमार, प्रबीर मंडल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### बुजुर्गों का सम्मान, उनके तीर्थयात्रा से समाज होगा संस्कारितः सांसद

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के प्रति मेरे मन में गहरा सम्मान है। उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही हमारा समाज संस्कारित और सशक्त बनता है। सांसद के रूप में एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना की शुरुआत मेरे लिए केवल एक योजना नहीं, बल्कि वरिष्ठ जनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक प्रयास है। यह आध्यात्मिक यात्रा काशी, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल जैसे पावन स्थलों तक ले जाएगी, जिससे हमारे बुजुर्गों को न केवल धार्मिक शांति मिलेगी, बल्कि उनके जीवन में आत्मिक संतोष भी आएगा। भाजपा की सेवा संकल्पना को धरातल पर उतारते हुए यह योजना पूरी तरह निःशुल्क और सम्मानजनक होगी। मेरा प्रयास रहेगा कि इस योजना से जुड़े हर श्रद्धालु को यात्रा के दौरान आदर, सुविधा और श्रद्धा तीनों का अनुभव हो। इस अवसर पर मैं क्षेत्रवासियों से आह्वान करता हूं कि इस पुनीत पहल में सहभागिता दें और बुजुर्गों को आशीर्वाद रूपी सहयात्री बनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग में अपराध गोष्ठी आयोजितः एसपी ने दिए नशा कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश



**हजारीबाग।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग की अध्यक्षता में एक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित कांडों के निष्पादन, वारंट तामिला और अपराध नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। विशेष रूप से नशा एवं मादक पदार्थों से संबंधित मामलों में अब तक जिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई है, उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

उन्होंने कहा कि जिले में नशे का अवैध कारोबार समाज को खोखला कर रहा है, और इसके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि नशा तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई करें और नए मामलों को शीघ्रता से निष्पादित करें।

### जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार ने अंचल का निरीक्षण किया



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार ने बड़कागांव अंचल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीओ मनोज कुमार से प्रखंड में भू अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की और अंचल निरीक्षक ,लिपिक एवं कर्मचारीओं को भू अर्जन से संबंधित सभी कार्य को शीघ्र निष्पादन करने का भी निर्देश दिया है, तथा कार्य में तत्परता लाने को कहा गया है। तत्पश्चात जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से औपचारिक मुलाकात की।मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के अलावा निशीकांत ओझा, बड़कागांव अंचल के अंचल निरीक्षक, लिपिक के अलावा अंचल के कर्मी शामिल थे।

### हजारीबाग में बिजली संकट गहराया, सीपीआई ने दी आंदोलन की चेतावनी

● बिजली आपूर्ति का जल्द हो समाधान, नहीं तो 19 जून से होगा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शनः पूर्व सांसद



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने शुक्रवार को पगमिल स्थित अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता के माध्यम से हजारीबाग जिले में गहराते बिजली संकट को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हजारीबाग शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की स्थिति भयावह हो चुकी है। बिजली कब आती है, कब जाती है - इसकी कोई तय समय सीमा नहीं है। लो वोल्टेज की समस्या के कारण पंखे और कूलर जैसे उपकरण भी बेकार पड़े हैं।

जिले में इन दिनों बिजली की बदहाल व्यवस्था ने लोगों को परेशान कर रखा है। अनियमित आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या के कारण घरों में लगे पंखे और कूलर बेकार पड़े हैं, जिससे गर्मी में जनता बेहाल है। श्री मेहता ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारी जनता की समस्याओं को लेकर पूरी तरह उदासीन हैं। फोन नहीं उठाते, न कोई समाधान की दिशा में कार्रवाई हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिजली आपूर्ति का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगामी 19 जून से विद्युत महाप्रबंधक एवं अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इस धरने में सीपीआई सहित कई जन संगठनों की भागीदारी होगी।

प्रेस वार्ता में सीपीआई के जिला सह सचिव निजाम अंसारी, वरिष्ठ नेता महेंद्र राम, अखिलेश मेहता और खतियानी परिवार के महासचिव मोहम्मद हकीम भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृत 241 लोगों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्री मेहता ने केंद्र सरकार को असंवेदनशील बताते हुए उड्डयन मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की।

## अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगतों को विधायक प्रदीप प्रसाद ने अर्पित की श्रद्धांजलि

● विधायक कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा में प्रदीप प्रसाद ने कहा यह समय एकजुटता का है, दुःख की इस घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ हैं



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुए भीषण विमान हादसे में 250 से अधिक लोगों की असामयिक मृत्यु से देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। इस हृदय विदारक घटना से पूरा देश स्तब्ध और दुःखी है। इसी क्रम में हजारीबाग सदर से भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार की सुबह अपने विधायक सेवा कार्यालय परिसर, हजारीबाग में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्माओं को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेता, कार्यकर्ताओं, सामाजिक प्रतिनिधियों, कार्यालय कर्मियों सहित अनेक नागरिकों ने भाग लिया। सभा की शुरुआत दो मिनट के मौन से की गई, जिसके माध्यम से दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की यह घटना अत्यंत दर्दनाक, दिल दहला देने वाली और अपूरणीय क्षति है। 250 नागरिकों का एक ही पल में यूं असमय चले जाना न केवल उनके परिजनों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए भारी दुःख का क्षण है। हमारा संवेदनशील समाज इस त्रासदी को लंबे समय तक नहीं भुला सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि इस हृदय विदारक हादसे को लेकर केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है, जिसे ध्यान में रखते हुए *उन्होंने स्वयं भी आगामी दो दिनों तक अपने सभी सार्वजनिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है।* विधायक श्री प्रसाद ने ईश्वर से प्रार्थना की सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति दें।

## कुलपति को लिखा पत्र, कार्रवाई की माँग, नहीं तो होगा आंदोलनः चंदन सिंह



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का छात्र संगठन विश्वविद्यालय हित और छात्र हितों को लेकर पिछले कुछ दिनों में कुलपति को कई पत्र लिखे। पत्र के माध्यम से छात्र मोर्चा ने विश्वविद्यालय में समस्याओं के प्रति कुलपति का ध्यान आकृष्ट करवाया परंतु के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। चन्दन सिंह ने एलएलएम में नामांकन की प्रक्रिया को अविलंब चालू करने,जिससे नहीं कर के अप्रत्यक्ष रूप से प्राइवेट संस्थानों को पहुंचाया जा रहा फायदा बंद होने,पूर्व कुलपति के कार्यकाल की झारखंड सरकार के अंकेक्षण विभाग से की गई जाँच पर आई रिपोर्ट पर कार्यवाही सुनिश्चित करने,चन्द्रशेखर सिंह और मिथलेश सिंह पर बनी जाँच कमिटी पर कारवाई सुनिश्चित करने,चतरा महाविद्यालय में हुए युवा महोत्सव में हुए लाखों के घोटाले पर बनी जाँच कमिटी के अनुसार कारवाई सुनिश्चित करने के साथ ही कुलसचिव के द्वारा अतिथि भवन को भाड़े पर लगाये जाने के मामले में कारवाई सुनिश्चित करने,सुरक्षा एजेंसि के निकाले गए टेंडर,जो की राजभवन के द्वारा महीनों पूर्व दिए आदेश के बाद भी नहीं निकाला जाना कुलपति के कार्य शैली पर भी प्रश्न खड़े करता है।इसे अविलंब निकाले जाने और विश्वविद्यालय में कैंटीन,छात्रावास,वाई-फाई,स्वास्थ केन्द्र और पेय जल हेतु बने पियाऊ को अविलंब चालू किये जाने की काट कही। चंदन सिंह ने कहा की हमारे द्वारा इस संबंध में कुलपति को पूर्व में कई आवेदन दिए गए हैं परंतु कोई कारवाई होती प्रतीत नहीं हो रही है। अगर दस दिनों के भीतर समुचित समाधान नही किया गया तो बाध्य होकर झारखंड छात्र मोर्चा उग्र आंदोलन करेगा।इस प्रकार के रवैये से झारखंड और हजारीबाग के छात्र और युवाओं में काफ़ी रोष है।

## ड्रग्स के कुचक्र को तोड़ो, जीवन से नाता जोड़ोः उपायुक्त

● स्लोगन राईटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों ने मादक पदार्थों की रोकथाम का दिया संदेश

● निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में चल रहा है जन जागरूकता कार्यक्रम



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर जिले में नशे से पीड़ित लोगों से नशे की लत छुड़वाने एवं मादक पदार्थों का उपयोग बंद करने के लिए वृहत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। उपायुक्त के निर्देश पर जिले में लोगों को मादक द्रव्यों के सेवन का शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने हजारीबाग वासियों से अपील की है कि सभी को नशे की लत से सचेत रहने की जरूरत है। मादक पदार्थों का लत नहीं लगने दें। मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं, ताकि लोगों में जागरूकता आए। जागरूकता अभियान के तहत जिले में जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय, विभिन्न प्रखंडों सहित पंचायत, गांवों एवं स्कूलों में जागरूकता का कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में एलईडी वैन के माध्यम से लोगों को दृश्य एवं श्रव्य (फिल्म) दोनों माध्यमों से लोगों को मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने से संबंधित जागरूक किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से भी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिकाओं को जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि अपने संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्रों के पोषक क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा जनजागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। हजारीबाग जिले के अधिसूचित पर्यटन स्थल हजारीबाग झील परिसर में पर्यटकों के बीच मादक पदार्थों के उपयोग न करने संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत सदर प्रखंड में भी शपथ कार्यक्रम आयोजित लोगों को नशा न करने और इसे रोकने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। शिक्षा विभाग की ओर से जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के बीच आयोजित स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने नशे से दोस्ती, जीवन से मुक्ति, हम सबका यही है सपना, नशा मुक्त हो झारखंड/भारत अपना, नशा अभिशाप है, आदि विभिन्न स्लोगन राईटिंग के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

## बड़कागांव ब्लॉक मोड़ के पास सूखा पेड़ दे रहा खतरे को न्यौता



**बड़कागांव संजय कुमार**

**बड़कागांव।** बड़कागांव ब्लॉक मोड़ के पास आम का सूखा पेड़ दे रहा है खतरे को न्यौता, कभी भी अचानक तेज हवाओं के चलने से आम का सूखा पेड़ टूट कर सड़क पर गिर सकती है और पेड़ के नीचे संचालित दुकानों को और राहगीरों को कभी भी क्षति पहुंचा सकती है। दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द इस पेड़ को हटाना अति आवश्यक है नहीं तो कभी भी सूखा पेड़ टूट कर गिर सकती है एवं किसी को भी जान माल की नुकसान पहुंच सकती है। साथ ही ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी एवं वन विभाग से जल्द से जल्द सूखे पेड़ हटाने की अपील की है। बता दें कि इस सूखे पेड़ के नीचे से प्रत्येक दिन बड़कागांव प्रखंड कार्यालय सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, अंचलाधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारी आते जाते हैं।

## पोस्टर लांच, हजारीबाग कलाकार महोत्सव 2025 का होगा आयोजन, शामिल होंगे कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** स्थानीय नगर भवन में हजारीबाग वासियों को कला-संस्कृति का भव्य समागम देखने को मिलेगा। हजारीबाग के सभी प्रमुख सांस्कृतिक संस्थाओं के द्वारा संयुक्त रूप से इस रंगारंग महोत्सव की शुरुआत की जा रही है। कला, संस्कृति और लोक परंपराओं को समर्पित हजारीबाग कलाकार महोत्सव 2025 का आयोजन हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के बैनर तले दोपहर 2 बजे से किया। जा रहा है । जिसमें हजारीबाग जिला के साथ साथ अन्य जिले के कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इस अवसर के झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार, जो खेलकूद, कला-संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग का प्रतिनिधित्व करते वो बतौर मुख्य अतिथि कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए मौजूद रहेंगे। आयोजन के संबंध में आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले भव्य रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारतीय लोक नृत्य, पारंपरिक झारखंडी लोक नृत्य, समूह गान, रंगारंग फैशन शो,

नाटक एवं नाट्य प्रस्तुति, लोक चित्रकला और पेंटिंग्स की प्रदर्शनी का आयोजन होना है। हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट एक ऐसी सामाजिक संस्था है जो वर्षों से स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच देने का कार्य करता आ रहा है। हजारीबाग के सभी सांस्कृतिक संस्थाओं के निर्देशकों ने बताया कि विलुप्त लोक एवं जनजातीय कला उत्थान हेतु हजारीबाग कलाकार महोत्सव को मुकाम देने की तैयारी में जुट हुए है। यह महोत्सव रविवार 15 जून को आयोजित होगा. हजारीबाग के सभी सांस्कृतिक संस्थाओं के सहयोग से इसका आयोजन किया जा रहा है. रविवार को नगर भवन के मंच पर लोक संस्कृति जीवंत हो उठेगा. महोत्सव में नागपुरी, सादरी, मराठी, देशभक्ति, राजस्थानी लोक नृत्य को खास तौर पर शामिल किया गया है जो आज के दौर में विलुप्त हो रहे हैं. इस महोत्सव में झारखंड की पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी. इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट द्वारा लोक कलाकारों एवं दलों का चयन कर लिया गया बल्कि कलाकारों के प्रदर्शन, उनकी वेशभूषा, पर विशेष रूप चर्चा की गई और तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया साथ ही झारखंड के प्रमुख सांस्कृतिक विधाओं में पद्मश्री पुरुस्कार से सम्मानित कलाकारों को भी अतिथि के तौर पर बुलाने की चर्चा की गई। आज के इस पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष राम किशोर सावंत, सचिव प्रदीप पाठक, गूंज स्टूडियो के संचालक सुबोध आकाश, श्री मां संगीतयन के दीपक घोष ,सीमा घोष, आदिशक्ति के धमेंद्र ठाकुर, रागेश्री म्यूजिक अकादमी के चंदन चौबे, अजय साव, एकता अरोड़ा, अरमान अलाम, रागा फ्यूजन के शान सैय्यद आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

# विधायक रोशनलाल चौधरी ने प्रखंड मुख्यालय का किया निरीक्षण, सीओ को लगाया फटकार

● ग्रामीण को परेशान करने वाले को कर्मचारियों को बक्सा नहीं जाएगाः रोशनलाल चौधरी



**बड़कागांव संवाददाता**
**बड़कागांव।** विधायक रोशनलाल चौधरी ने बड़कागांव अंचल सह प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में घूम ही रहे थे कि ब्लॉक में आए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अपनी समस्या विधायक को सुनाने लगे। और यह निरीक्षण कार्यक्रम जनता दरबार में तब्दील हो गया। तत्पश्चात सभी ग्रामीणों ने एक-एक कर अपनी समस्या को विधायक के समक्ष रखा जिस पर सबसे ज्यादा समस्या अंचल कार्यालय का ही था। कई कार्यों का तो निष्पादन विधायक में ऑन द स्पॉट कर दिया और कई कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया है। मौके पर विधायक और रोशन लाल चौधरी ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार पर गुस्सा होते हुए कड़े शब्दों के साथ फटकार लगाया तत्पश्चात उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय का ही ग्रामीणों के पास शिकायतें क्यों रहता है क्यों आप ग्रामीणों को परेशान करते हैं जो सही काम है उसे क्यों पूरा नहीं करते हैं। आगे विधायक रोशन लाल चौधरी ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार को म्यूटेशन, भूमि प्रतिवेदन, ऑनलाइन रशीद,आय प्रमाण पत्र , संबंधित विषयों पर अंचल अधिकारी मनोज कुमार को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अपने कार्यों में तेजी लाएं। अनावश्यक रूप से जनता को परेशान ना करें जनता सर्वोपरि है। और जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि मैं हूं और जनता के हक अधिकार उनके कार्यों के लिए मैं किसी भी हद तक गुजर जाऊंगा। आगे उन्होंने कहां की ब्लॉक से ही पूरे प्रखंड का सारा कार्य होता है इसलिए सभी ब्लॉक के सभी कर्मी अपने कामों में तेजी लाएंगे और ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो उसका ख्याल रखें ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा अगर होती है शिकायत आने पर किसी को बक्सा नहीं जाएगा।
मौके पर मुख्य रूप से लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि बड़कागांव पूर्वी महेंद्र महतो, मंडल अध्यक्ष केरेडारी कर्मचारी साव सह सांसद प्रतिनिधि, उप प्रमुख वचन देव कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, मुखिया अनिकेत नायक, भिखन महतो, सनित महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, नर्सिंग महतो, दिनेश कुमार, मुरली महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, तुलेश्वर राम, सुरेश प्रसाद दांगी, कामेश्वर महतो, पंकज शाहा, अजीत कुमार, राजा खान, शंकर मिश्रा, दिनेश महतो, घनश्याम मेहता, नारायण प्रसाद, रवि राम, समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनजीटी रोक के बाबजूद बालू तस्कर सक्रिय, हंटरगंज पुलिस ने दो ट्रैक्टर को किया जब्त

● लगातार करवाई से बालू तस्करों में हड़कंप



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**हंटरगंज (चतरा)।** 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूरे देश में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) ने नदी से बालू के उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया दिया है। इसके बावजूद बालू तस्कर बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में हंटरगंज थाना क्षेत्र के निलांजन नदी से शुक्रवार की अहले सुबह बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया।पुलिस अवैध बालू उठाव करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है जिससे बालू तस्करों में हड़कंप मचा है। पुलिस बालू लदे दोनों ट्रैक्टरो को जब्त कर थाना ले आयी है। जब्त ट्रैक्टर में मैसी फर्ग्यूसन लाल रंग वही दूसरी पावरट्रैक ब्लू रंग का है। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि थाना प्रभारी को सूचना मिली थी की दोनों ट्रैक्टर बालु का अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे। थाना प्रभारी इसी दौरान अवैध बालू लदे दोनो ट्रैक्टरों को नदी से जब्त कर ली है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने शुक्रवार शाम 5 बजे दोनों बालू लदे ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी को कानुनी करवाई हेतु लिखित आवेदन किया गया है। नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

### बसपा की बैठक हुयी संपन्न, इस बैठक में पार्टी के मजबूती पर किया गया चर्चा





**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**चतरा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की बैठक न्यू परिसदन भवन में हुई संपन्न ।जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद राज व संचालन सिमरिया विधानसभा अध्यक्ष रामावतार राम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य प्रभारी श्रीकांत व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह जोन प्रभारी अरुण कुमार, पूर्व प्रदेश सचिव सह जोन प्रभारी चंद्रशेखर दास उपस्थित थे।बैठक में पार्टी मजबूती पर चर्चा की गयी। पार्टी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। 26 जून को झारखंड व बिहार का मुख्य नेशनल को ओर्डिनेटर आकाश आनंद द्वारा बिहार में समीक्षा की जायेगी। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों को शामिल होने की बात कही गयी। इस मौके पर जिला प्रभारी रामप्रीत यादव, नागेश्वर राम, चतरा संसदीय क्षेत्र प्रभारी हाजी जैनुल आबेदिन, चतरा विधानसभा प्रभारी राजदेव दास, चतरा विधानसभा अध्यक्ष संतोष राम, रामोतार राम, चंद्रशेखर दास, संतोष दास समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बालूमाथ में खराब पड़ा है हाईमास्ट लाइट, शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है घनी आबादी क्षेत्र



**संवाददाता राम कुमार**
बालूमाथ। बालूमाथ थाना चौक हाईमास्ट लाइट के खराब हो जाने से पिछले कई वर्षों से शाम होते ही अंधेरे की आगोश में समा जाता है।हालांकि कोयला खनन क्षेत्र के रूप में चर्चित और राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इलाके में ऐसी बुनियादी सुविधा का अभाव गंभीर सवाल खड़े करता है. इन लाइटों की मरम्मत के लिए न तो बिजली विभाग की ओर से कोई पहल की गई और न ही प्रशासन की ओर से कोई गंभीरता दिखाई गई है. अंधेरे के कारण रोजमर्रा की गतिविधियों में परेशानियां होती हैं. खासकर महिलाओं, स्कूली बच्चों,और बुजुर्गों के लिए शाम के बाद बाहर निकलना असुरक्षित और मुश्किल हो जाता है.स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि अंधेरे का फायदा असामाजिक तत्व उठाते हैं.हाईमास्ट लाइट के चालू नहीं रहने से थाना चौक जैसा संवेदनशील क्षेत्र में भी असुरक्षा की भावना महसूस की जाती है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने बालूमाथ थाना चौक में शाम होते ही अंधेरे की स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया.उन्होंने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्य की बात है कि इतने बड़े माइनिंग क्षेत्र होने के बावजूद बालूमाथ शहर अंधेरे में रहने को मजबूर है.प्रशासन की निष्क्रियता और विभागीय लापरवाही इसका बड़ा कारण है. यह जनता के साथ अन्याय है.
उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत कराई जाए अन्यथा झामुमो चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी. स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस विषय में कई बार लिखित और मौखिक रूप से बिजली विभाग एवं प्रखंड प्रशासन को अवगत कराया है. लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं की गई. स्थानीय लोगों ने बालूमाथ थाना चौक और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सभी लाइटों की शीघ्र मरम्मत कराने समेत लाइटों की नियमित देखरेख और समय-समय पर निरीक्षण करने, रात में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने हेतु पुलिस गश्ती बढ़ाई जाने, कोल माइंस कंपनियों से सीएसआर फंड के तहत सहयोग लेकर बालूमाथ शहर को रोशन करने की मांग रखी है।

# आम्रपाली-चन्द्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत कम्पनी स्तरीय सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा निरीक्षन किया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता-अबुल कलाम**
सीसीएल के आम्रपाली- चन्द्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत 13 जून 2025 को कम्पनी स्तरीय सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा निरीक्षन किया गया। निरीक्षण के पूर्व एक बैठक आहूत की गयी। अमरेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक, आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। जिसमें सीसीएल कंपनी स्तर के सुरक्षा समिति के सदस्य, रबीन्द्र नाथ सिंह, विकाश कुमार, राजेश कुमार सिंह, अरुण सिंह, जे पी झा, खुसी लाल महतो, विशाल कुमार, राघवेंद्र पासवान, सीसीएल मुख्यालय से आए आई एस ओ नोडल ऑफिसर राकेश रंजन, परसुरम सिंह, महाप्रबंधक (संचालन) ए के बी सिंह, क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष, आम्रपाली परियोजना के परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधक, सुरक्षा पदाधिकारी एवं संवेदक के प्रतिनिधि उपस्थित थे। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने पावर पॉइंट के माध्यम से वर्तमान सुरक्षा स्थिति की प्रस्तुति दी। उक्त बैठक में श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई जैसे कार्यस्थल की सुरक्षा, सुरक्षा उपायों का कार्यान्वयन, और प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रमुखता से उठाया गया। अमरेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक, ने कहा कि सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी कर्मचारियों को इसे सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने शून्य दुर्घटना पर ज़ोर दिया। अंत में क्षेत्रीय कार्मिक अधिकारी के द्वारा सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक को समाप्त किया गया। बैठक के उपरांत कंपनी स्तर के सुरक्षा समिति के सदस्यों ने आम्रपाली खुली खदान का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया तथा निरीक्षण रिपोर्ट सीसीएल मुख्यालय से आए आई एस ओ नोडल ऑफिसर को सौंपे।

### विचित्र नवजात बच्चे का जन्म से इलाके में चर्चा का विषय




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**सतगावां कोडरमा।** सतगावां प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रीना देवी नामक महिला 30 वर्ष ने एक विचित्र नवजात शिशु को जन्म देने से प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है । गांव इलाके के साथ दूर - दूर से लोग बच्चे को देखने के लिए आ रहे हैं । लोग का मानना है कि यह कोई साधारण बच्चा नहीं है यह साक्षात बजरंगबली का रूप है लोग समयडीह आकर चढ़ावा चढ़ा रहे हैं , जब बच्चा का जन्म हुआ था उस वक्त शरीर में कोई हलचल नहीं थी डॉक्टर ने कोडरमा रेफर कर दिया था परिजन भी कोडरमा नहीं जाना चाहते थे पर भगवान भरोसे गया वहां इलाज कराया गया। फिलहाल बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है लोग उसे चम्मच से दूध पिला रहे हैं , गांव इलाके में बजरंगबली का मंदिर बनवाने की बात कह रहे हैं । बच्चा का आँखें सामान्य बच्चे की आंख से बड़ी - बड़ी है एवं माथा पर आंख जैसा डिजाइन बना है परिजन सरकार से बच्चे की ईलाज करवाने के लिए गुहार लगा रहे हैं।

# खाता 20 के कई रैयत मिले सीओ से कागजात से कराया अवगत

● रैयतों ने कहा कि खाता बीस के जमीन पर तथाकथित जमीन दलालों का है नजर। झूठी आरोप गढ़कर करते है परेशान ● रैयतों ने कहा कि खाता बीस में 80 रैयतों के नाम से चल रहा है डिमांड



**विकाश कुमार कान्हाचट्टी**
प्रखंड के चर्चित खाता 20 की जमीन कई दशकों से चर्चा में रही है। कई बार इस जमीन से जुड़ी दस्तावेजों को जांच हो चुकी है। इस जमीन की रकवा कुल 206 एकड़ है जो चार गांवों तक फैली हुई है। वर्तमान समय में इस जमीन पर सैकड़ों लोग जोत कोड कर खेती कर रहे है तथा सैकड़ों परिवारों का घर भी बना हुआ है। वर्तमान अंचल अधिकारी मनोज गोप द्वारा सामूहिक समन जारी कर खाता 20 से जुड़ी दस्तावेजों को जमा करने को कहा गया था जिसके आलोक में खाता 20 के कई रैयतों ने अपनी अपनी दस्तावेजों को अंचल अधिकारी के समक्ष पेश किया। वही रैयतों ने कहा कि कुछ तथाकथित जमीन दलालों का इस जमीन पर नजर है और वह समय समय पर परेशान करते रहते है। तथा इस जमीन को अपने जीविका का जरिया बना लिए है रैयतों को डरा धमकाकर घर बनवाने के नाम पर मोटी वसुली भी करते है।

**खाता बीस की जमीन पर दर्जनों प्रधानमंत्री आवास का हो चुका है निर्माण**

खाता बीस की जमीन पर चार गांव के लोग बसे हुए है। जिसमें पेलतौल खुर्द, हैसापरम, डोंडागड़ा, पंडाखाप शामिल है। जिसमें दर्जनों सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का हो चुका है निर्माण। साथ में सैकड़ों परिवारों द्वारा घर बना कर जीवन यापन किया जा रहा है।

**रैयतों द्वारा खाता बीस से जुड़ी कई अहम दस्तावेजों को किया गया पेश**

रैयतों द्वारा खाता 20 से जुड़ी कई अहम दस्तावेजों को अंचल अधिकारी मनोज गोप के समक्ष पेश किया गया जिसमें 1, सन् 1946 बढ़ो राय वगैरह के नाम से बंदोबस्ती रजिस्ट्री पटा, 2 रिटर्न, 3 डोंडागड़ा स्कूल निर्माण के लिए बिहार सरकार को बढ़ो राय वगैरह द्वारा रजिस्ट्री किया गया है जिसका केवाला, 4 बिहार गजट बलदेव पांडे के नाम से, 5 जिला गजट बिहार सरकार द्वारा प्रमाणित, 6, 80 रैयतों के नाम से वर्तमान में डिमांड चालू है और करेंट रशीद कट रहा है, 7 सन् 2000 में 144 की मुकदमा में डिग्री और भी कई अहम कागजात पेश किए गए है।

### हुसैनाबाद के कजरात नावाडीह में बिजली तार पोल का खस्ता हाल, जान जोखिम में डालकर बिजली जला रहे लोग



**आदिवासी एक्सप्रेस/लालू कुमार यादव**
**हुसैनाबाद।** आज के आधुनिक दौर में बिजली सभी के लिए आवश्यक बन गयी है। बिजली के बिना हमारे कई कार्य प्रभावित होते हैं, जिन्हें हम इसके माध्यम से करते हैं। सुबह चाय बनाने से शुरू हुए कार्य से लेकर रात को सोने तक के सभी काम हमलोग बिजली का उपयोग कर करते है। लेकिन इस उमस भरी गर्मी में यदि बिजली उपलब्ध नहीं हो तो इसकी पीड़ा आप खुद महसूस कर सकते हैं।पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के कजरात नावाडीह में लगभग सौ से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं लेकिन आज तक विभाग द्वारा गांवों में एल टी पोल व तार नहीं लगाया जा सका है, गांव के लोग जान जोख्मि में डालकर अपना अपना व्यक्तिगत तार खरीदकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं। जिससे आए दिन बिजली का तार टूटकर गिर जाने से जान माल का गंभीर खतरा होने की आशंका बनी रहती है। पूर्व में बिजली की तार के चपेट में आने से पालतू पशु के अलावे एक ग्रामीण की मौत भी हो चुकी है।ग्रामीणों का कहना है कि हर दो-चार दिन में तार टूटकर सड़क पर गिर जाता है एवम बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। पुनः गांव के लोग किसी प्रकार से अपने खर्च पर पुनः तार जोड़कर बिजली आपूर्ति चालू करते हैं। ऐसे ही प्रक्रिया चलती रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के समय में यह समस्या और बढ़ जाता है गांव के एल टी तार व पोल के साथ साथ दंगवार से लेकर कजरात नावाडीह तक ग्यारह हजार तार व पोल की भी जर्जर स्थिति है। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से अवगत कराया है। लेकिन अब तक तार पोल की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। हालांकि राजद के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह यादव ने बिजली विभाग के अधिकारियों व ठिकेदार से इस मामले में बात की एवम प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र क्षेत्र में बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने का आग्रह किया है।

# तेज रफ्तार हाईवा ने जानवर को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराया, चालक गंभीर रूप से घायल



**बालूमाथ।** बारियातू शुक्रवार सुबह बारियातू थाना क्षेत्र के नचना गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के समीप चतरा-रांची मुख्य सड़क एनएच-99 पर एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। तेज रफ्तार में जा रहा हाइवा वाहन (पंजी संख्या छ्॥-02क्क्-4155) अचानक सामने आए एक जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक विशाल पेड़ से टकरा गया। हादसा इतना जोरदार था कि हाइवा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक स्टीयरिंग में फंस गया। राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। गश्ती दल के पुलिसकर्मी और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लगभग आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक को बाहर निकाला। चालक को तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के लिए भेजा गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,हाइवा वाहन बालूमाथ की ओर से बगरा होते हुए चतरा की दिशा में जा रहा था। इसी दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के समीप अचानक एक जानवर सड़क पर आ गया। चालक ने जानवर को बचाने की कोशिश की,लेकिन वाहन असंतुलित होकर पेड़ से जा भिड़ा। बारियातू थाना पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहन को हटवा दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि यदि वाहन की रफ्तार अधिक होती, तो यह हादसा और भी गंभीर हो सकता था। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने बिना देरी किए पुलिस को सूचित किया और चालक को बचाने में पूरी तत्परता दिखाई। उनकी त्वरित सहायता से एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर आवारा जानवरों की समस्या और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे अवरोधक लगाए जाएं और जानवरों की रोकथाम के लिए ठोस व्यवस्था की जाए।

# बिजली की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान, रात में अंधेरा दिन में बिजली आने का इन्तजार करते रहते है लोगों



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता-अबुल कलाम**
**टंडवा- (चतरा)** प्रखंड क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान है, इन दिनों क्षेत्र में कड़ाके की धूप व चिलचिलाती गर्मी से आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। टंडवा प्रखंड से संतोष कुमार आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- से बात करते हुए उन्होंने कहा कि टंडवा प्रखंड का दुर्दशा खराब है इस क्षेत्र में नेता का पता ही नहीं चलता है। कि इस क्षेत्र में कोई नेता हैं लगता है की ये प्रखंड बिना नेता का ही है अयशा लगता है। भीषण गर्मी के कारण लोगों के पसीने छूट रहे है लाईन नहीं तो पानी नहीं, लाईन नहीं है तो कुछ भी नहीं क्षेत्र के लाखों की आबादी का जीना मुश्किल हो गया है, संतोष कुमार ने कहा कि जबसे विधानसभा की चुनाव हुआ तबसे बिजली की लचर व्यवस्था चल रही है। रात में लोगों को सही तरीके से बिजली नहीं मिल पाती है, दिन में बिजली का इन्तजार करते हुए बित जाता है। अगर बिजली रहती भी है, तो लोगो को पर्याप्त मात्रा में वोल्टेज नहीं मिलता है, इससे जीना मुहाल हो जाता है, विगत लो वोल्टेज की परेशानी से क्षेत्र के लोगों को झेलना पड़ रहा है, इधर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश मिजाज में देखने को मिला, लोगों को लो वोल्टेज मिलने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ग्रामीणों ने बताया कि आखिर इस तरह की परेशानी कब तक झेलनी पड़ेगी, सूचना के बाद भी कोई सुधार नहीं हो पा रहा है, ग्रामीणों ने जल्द समस्या के निदान की मांग विभाग से की है, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों को थोड़ी राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले के सभी 1167 आंगनबाड़ी केंद्रों में नशामुक्ति की दिलाई गई शपथ

● लाभार्थियों का पोषण ट्रैकर एप में एफ.आर.एस को लेकर शिविर का हुआ आयोजन, डाटा एंट्री में आ रही समस्याओं को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने किया भौतिक निरीक्षण



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार के निदेशानुसार शुक्रवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती बसंती ग्लाडिस बाड़ा के नेतृत्व में पाकुड़ जिला अंतर्गत सभी 1167 आंगनबाड़ी केंद्रों में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णता संकल्पित झारखंड सरकार द्वारा नशे को ना जिंदगी को हां÷ का शपथ दिलाया गया, जिसमें सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं आंगनबाड़ी सहायिका तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में उपस्थित सभी लाभार्थी ने भाग लिया। साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सेविका को पोषण ट्रैकर ऐप में स्र्त्रऋ में आ रही समस्या को लेकर शिविर का आयोजन किया गया एवं डाटा एंट्री में आ रही समस्याओं को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा भौतिक निरीक्षण किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त ने बैठक की



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयुष विभाग के साथ बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने योग दिवस वृहद स्तर पर मुख्य रूप से रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में 21 जून को आयोजित करने का निर्णय लिया गया एवं संबंधित पदाधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। आयोजन में विद्यालयों, महाविद्यालयों, जिला कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने योग की महत्ता व इसके शारीरिक और मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक करने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने आगामी 13 एवं 14 जून को आयोजित होने वाले योग प्रशिक्षकों के चयन की प्रक्रिया को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। उन्होंने चयन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर साक्षात्कार प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला आयुष पदाधिकारी डॉ विपिन चंद्र गुप्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ के.के.सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ सुजीत कुमार चौहान,डॉ कुलेश, डॉ अबू तालिब शेख सहित अन्य मौजूद थे।

### बासुकीनाथ मंदिर स्थित सभागार में मंत्री ने राजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

● श्रद्धालुओं की सभी आवश्यक सुख सुविधाओं का रखा जाएगा ख्याल...
● सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाय ,कोई भी कमी किसी भी स्तर पर नहीं रहे...
● बाबा के भक्तों की सेवा कर लें,बाबा की पूजा का फल प्राप्त हो जाएगा...
-सुदिव्य कुमार, माननीय मंत्री, झारखंड सरकार



**दुमका।** माननीय मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग श्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में आयोजित राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन बासुकीनाथ मंदिर स्थित सभागार में किया गया। माननीय मंत्री ने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान किये जाने वाले कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों से जानकारी प्राप्त की एवं सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निदेश दिया। कहा कि किसी प्रकार की समस्या हो तो मुझे अवगत कराएं लेकिन श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को श्रावणी मेला के दौरान बासुकीनाथ में कठिनाई नहीं होगी।राजकीय श्रावणी मेला 2025 का आयोजन सभी के सहयोग से बेहतर होगी,विश्वास है श्रद्धालु एक बेहतर अनुभूति के साथ वापस जाएंगे।कहा कि श्रावणी मेला के दौरान आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति बासुकीनाथ में की जायेगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को 5 जुलाई तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निदेश दिया।कहा कि 11 जुलाई को किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहे इसे सुनिश्चित करें।बाबा की सेवा भक्तों की सेवा में निहित है।कहा कि बाबा के भक्तों की सेवा कर लें,बाबा की पूजा का फल प्राप्त हो जाएगा।

इस दौरान उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम से बासुकीनाथ में राजकीय श्रावणी मेला 2025 के दौरान श्रद्धालुओं के लिए की गयी व्यवस्था, विधि व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। इससे पूर्व माननीय मंत्री ने रुट लाइन का निरीक्षण किया।उपायुक्त ने उन्हें रुट लाइन की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं के मंदिर में प्रवेश एवं निकास,शिवगंगा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से की जाने वाली व्यवस्थाओं से अवगत कराया। इस दौरान उप विकास आयुक्त,अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपर मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा ने पाकुड़ स्टेशन एवं पाकुड़ याड का निरीक्षण किया

*ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने ज्ञापन सौंपा*

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**



**पाकुड़।** शुक्रवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा, उदय कुमार केसरी द्वारा पाकुड़ स्टेशन एवं पाकुड़ यार्ड का निरीक्षण किया गया ,जिनके साथ मंडल यांत्रिक अभियंता, हावड़ा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक ,हावड़ा वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, हावड़ा वरिष्ठ मंडल अभियंता ( 4) मौजूद थे। इस क्रम में उन्होंने अपने निरीक्षण यान से उतरने के बाद पाकुड़ स्टेशन में साफ सफाई एवं शौचायलयों का निरीक्षण किया ,जिसमें यात्री सुविधाओं को लेकर उन्होंने कई विभिन्न सुझाव दिए । मौके पर उपस्थित मंडल यांत्रिक अभियंता, हावड़ा, जो की पूरे मंडल में साफ सफाई से संबंधित कार्यों की देखरेख करते हैं वह भी मौजूद रहे ।उन्होंने प्लेटफार्म की साफ सफाई हेतु अन्य आवश्यक निर्देश दिए ।साथ-साथ रेलवे परिसर में पशुओं के प्रवेश को रोकने हेतु मुख्य गेट द्वार पर एनिमल कैचर लगाया जा रहा है ताकि पशुओं के प्रवेश को रोका जा सके ।साथ-साथ मंडल विद्युत अभियंता ने लिफ्ट एवं एक्सीलरेटर की व्यवस्था को सुधारने हेतु भी स्थल निरीक्षण किया । तथा आवश्यक उपाय करने का भरोसा दिया ।स्टेशन निरीक्षण के बाद पूरी निरीक्षण टीम पाकुड़ यार्ड का निरीक्षण करने हेतु चली गई, जहां पर गाड़ियों के परीक्षण संबंधी कई कार्य किए जाते हैं उक्त अवसर पर सभी विभाग के सुपरवाइजर उपस्थित रहे ।संबंधित पदाधिकारी ने अपने-अपने विभाग को सभी सुरक्षा मानकों के साथ कार्य करने का सुझाव दिया ।स्टेशन निरीक्षण के उपरांत ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे एवं शाखा सचिव संजय कुमार ओझा सहित अमर कुमार मल्होत्रा एवं संतोष कुमार यादव ने अपर मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर पाकुड़ रेलवे कॉलोनी में जल की समस्या के स्थाई समाधान हेतु जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर उसका समाधान निकाला जा सके। ज्ञात हो कि पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना का काम लगभग पूर्ण होने पर है ,इस बाबत ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने आग्रह किया कि जिला प्रशासन के साथ मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा एवं उपायुक्त, पाकुड़ की मौजूदगी में एक बैठक की जाए ताकि पाकुड़ रेलवे कॉलोनी एवं पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में जल की समस्या के समाधान पर एक समुचित निर्णय हो सके ।साथ ही मंडल यांत्रिक अभियंता को रेलवे कॉलोनी में साफ सफाई की व्यवस्था काफी खराब होने संबंधी ज्ञापन सौंपा।

## झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति के सभापति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**



**पाकुड़।** शुक्रवार को झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति के सभापति सह धनबाद विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो एवं शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन से उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने मुलाकात कर सभी का स्वागत किया। इसके अलावा झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की बैठक पाकुड़ परिसदन के सभागार में आयोजित हुई।

इसके अलावा बैठक के दौरान बैठक के दौरान समिति ने पेयजलापूर्ति योजनाएं, खनन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उत्पाद, बिजली विभाग, उद्योग विभाग, प्रदूषण विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा, कृषि, खाद्य, आपूर्ति, वन, श्रम, ग्रामीण कार्य, विशेष प्रमंडल, सिंचाई प्रमंडल,पथ निर्माण, पंचायत राज विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पशुपालन समेत अन्य विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के विगत तीन वित्तीय वर्षो में विकास कार्यों के प्रतिवेदनों व जनहित के मामलों पर जिला स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। साथ ही विभागवार प्राप्त अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और कई सुझाव व निर्देश दिये। इसके साथ ही समिति के सभापति ने सभी पदाधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने किसी भी योजना के संचालन में यदि कोई समस्या आ रही हो तो उसे जल्द से जल्द दूर करते हुए उसे पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर उनकी निगरानी और निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 10 से 26 जून तक चल रहे राज्यव्यापी नशामुक्ति अभियान के तहत जिले के विभिन्न बैंकों में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया

● जिला के विभिन्न बैंकों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने ली पाकुड़ को नशामुक्त बनाने की शपथ



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़।** झारखंड को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा 10 जून से विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और हमलोग उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए दिन रात लगे हुए हैं। शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निदेशानुसार जिला के विभिन्न बैंकों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने पाकुड़ को नशामुक्त बनाने की शपथ ली है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि उसके भविष्य, परिवार और समाज को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग करें।

## उपायुक्त ने बैंकों के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक की, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**



**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैंकों के जिला समन्वय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने पाकुड़ में वित्तीय धोखाधड़ी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पाकुड़, एचडीएफसी बैंक और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को दिया गया। कार्यशाला में वित्तीय साक्षरता और जागरूकता, साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी देना एवं लोगों को शिक्षित करना, पीएमईजीपी, सीएमईजीपी, पीएमएफएमई, पीएम स्वनिधि और अन्य योजनाओं के बारे में जागरूकता (ऋण पात्रता, दस्तावेजीकरण, लंबित प्रस्ताव आदि) एवं स्कूल बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स का सम्मान, स्वयं सहायता समूह (स्ात्र) दीदियों का सम्मान, शिक्षा ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण एवं एमएसएमई क्षेत्र में प्रत्येक बैंक से दो सफलता की कहानियों का संग्रह किया जाएगा। इसे संकलित कर जून के अंत तक एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा, जिसमें सफलता और धोखाधड़ी रोकथाम की कहानियाँ होंगी। उपायुक्त ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर एटीएम का स्थापना करने का निर्देश दिया। साथ ही साथ उपायुक्त ने महत्वपूर्ण बैंकिंग निर्देशों का प्रचार-प्रसार, जिसमें धोखाधड़ी / बैंकिंग जागरूकता शामिल हो, संथाली और बांग्ला भाषाओं में कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बैंकों का कैशबुक मिलान और सत्यापन करने एवं धरती आबा पहल बैंक खाता खोलने का अभियान चलाने का निर्देश दिया।सीएसआर गतिविधि के तहत 18/19 जून को बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन करने एवं ग्रीन इनिशिएटिव के तहत प्रत्येक बैंक द्वारा 5 पेड़ लगाने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा परियोजना परिवर्तन के तहत जेल कैदियों के साथ जुड़ाव लिंक कार्यक्रमों की पहल करें। उपायुक्त ने कहा कि छात्रों के लिए बैंकिंग अनुभव प्राप्त करने हेतु इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

● जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकता: उपायुक्त ● ऑन स्पॉट कई मामलों का किया गया निष्पादन ● जिला अन्तर्गत लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द करें समाधान- उपायुक्त



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान समाज कल्याण विभाग, बैंक से संबंधित, जमीन से संबंधित एवं शिक्षा विभाग आदि से संबंधित मामले से एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**



**साहिबगंज।** विकास भवन सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को बाल अधिकारों की रक्षा हेतु कर्तव्यों के प्रति सजग एवं उत्तरदायी रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों से जुड़ी योजनाओं का लाभ वास्तविक ज़रूरतमंदों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है बैठक में डीसीपीयू के कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने, जेजे फंड से संबंधित खर्चों की समीक्षा तथा डीसीपीयू एवं चाइल्ड हेल्पलाइन कर्मियों के यात्रा व्यय के भुगतान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यालय के सुचारू संचालन हेतु अकस्मिक व्यय के लिए अग्रिम राशि निर्धारित करने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। विकास भारती बालगृह में निवासरत बच्चों के विद्यालयों में नामांकन, आधार पंजीकरण एवं बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही बाल श्रम, बाल व्यापार और बाल विवाह से प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु विशेष कार्य योजना बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में ग्राम स्तरीय महिला, शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति के गठन की प्रक्रिया और उसकी उपयोगिता पर भी चर्चा हुई। यह समिति पंचायत स्तर पर बाल सुरक्षा एवं कल्याण के मुद्दों को चिन्हित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगी।

# दुर्गा सोरेन सेना ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन की मूलभूत समस्याओं को लेकर मंडल रेल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**



**पाकुड।** दुर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष उज्जवल भगत ने शुक्रवार को पाकुड़ रेलवे स्टेशन की मूलभूत समस्याओं और पाकुड़ बाजार से रेलवे लाइन क्रॉसिंग की असुविधा के संबंध में हावड़ा मंडल, पूर्वी रेलवे, हावड़ा के मंडल रेल प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को हो रही विभिन्न परेशानियों को विस्तार से बताया और तत्काल समाधान की मांग की।

उज्जवल भगत ने मंडल रेल प्रबंधक का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि पाकुड़ बाजार से रेलवे स्टेशन पैदल आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को रेलवे लाइन पार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यहां कोई उचित पैदल उपरिगामी पुल या भूमिगत मार्ग नहीं है, और जो भूमिगत मार्ग है वह केवल वाहनों के लिए है। ऐसी स्थिति में लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है, जो अत्यंत चिंताजनक है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए तत्काल समाधान की आवश्यकता है।

भगत ने यह भी आरोप लगाया कि स्टेशन परिसर के रिजर्वेशन काउंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरे अक्सर बंद रहते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे प्रशासन के कुछ अधिकारियों द्वारा इस स्थिति का फायदा उठाकर टिकटों की कालाबाजारी की जा रही है, जिससे आम यात्री विशेष रूप से परेशान हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फर्स्ट क्लास वेटिंग रूम के बाहर प्रचार-प्रसार के लिए लगाया गया टीवी लगातार बंद रहता है, जिससे न तो यात्रियों को जानकारी मिलती है और न ही रेलवे की योजनाओं का प्रचार-प्रसार हो पा रहा है।

इसके अतिरिक्त, उज्जवल भगत ने मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के कोच में लगी डिस्प्ले लाइटों के अक्सर खराब रहने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कई बार ये लाइटें लंबे समय तक खराब रहती हैं, लेकिन जैसे ही किसी उच्च अधिकारी का दौरा तय होता है, उन्हें अस्थायी रूप से ठीक करवा दिया जाता है। उन्होंने इसे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा दोनों के साथ खिलवाड़ बताया।

ज्ञापन में पाकुड़ के निवासियों की वर्षों से लंबित मांग को भी दोहराया गया कि पाकुड़ से दिल्ली के लिए एक सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध कराई जाए। वर्तमान में, दिल्ली जाने के लिए यात्रियों को अन्य शहरों से ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों बर्बाद होते हैं।

अंत में, उज्जवल भगत ने आम लोगों की सुविधा के लिए पाकुड़ में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को तेज और आरामदायक यात्रा का लाभ मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंडल रेल प्रबंधक इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेंगे और जल्द से जल्द उचित कदम उठाएंगे।

# केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

**वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है।**

**प्रह्लाद सबनानी**

आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है।







केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है।

वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलीयम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनैन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है।

इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था। अप्रत्यक्ष कर की मद की तुलना में प्रत्यक्ष कर की मद से अधिक कर राशि का संग्रहण होना यह भी दर्शाता है कि भारत में नागरिकों की कर देने योग्य आय में वृद्धि दर अधिक है एवं आय कर अदा करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय सुधार हो रहा है। अर्थात, देश में उच्च आय अर्जित करने वाले नागरिकों एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक अब तेज गति से मध्यमवर्गीय नागरिकों की श्रेणी में परिवर्तित हो रहे हैं।

यदि भारत के नागरिक लगातार इसी प्रकार की आर्थिक तरक्की करते रहे तो केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के लिए देश में पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने एवं समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाये रखने में किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी नहीं होगी। किसी भी देश के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए वित्त की अनुपलब्धता ही मुख्य समस्या के रूप में सामने आती है। परंतु, देश के नागरिक जो गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यमवर्गीय अथवा उच्चवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं, वे यदि केंद्र एवं राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तो भारत के लिए आर्थिक विकास की दर को दहाई के आंकड़े तक ले जाने में कोई बहुत अधिक समय नहीं लगने वाला है।

**संपादकीय**

## सर्वदलीय बैठक जरूरी

जो 'भारत-दूत' देश की नीतियों और सोच, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का संकल्प प्रस्तुत करने विदेश गए थे, वे स्वदेश लौट आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे मुलाकात की और उनके अनुभवों को सुना। यह मुलाकात और संवाद ही लोकतंत्र की सच्ची विविधता है। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद, पूर्व विदेश मंत्रियों के अलावा, वरिष्ठ राजनयिक भी विदेशों में भेजे गए थे। उन्हें 'भारतदूत' का विशेषण दिया गया, क्योंकि वे विदेश में भारत के ही चेहरे थे। उनकी यही राष्ट्रीय पहचान थी। राजनीतिक पहचान गौण हो चुकी थी। कुल 7 प्रतिनिधि मंडलों में 59 सांसद और राजनयिक थे, जिन्होंने 33 देशों का प्रवास किया। भारत ने यह कूटनीतिक प्रयोग पहली बार किया, जो अपनी बात रखने में कामयाब रहा। किसी भी देश ने भारत का विरोध नहीं किया। यह भी तथ्य सामने आया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से कमोबेश 100 देश ऐसे हैं, जिन्होंने भारत की तरह ही आतंकवाद का दंश झेला है। उनमें 'ग्लोबल साउथ' के अफ्रीकी देश भी हैं, जिनका आतंकवाद शेष विश्व ने साझा नहीं किया है, लिहाजा उन्होंने आतंकवाद पर भारत का नेतृत्व स्वीकार करने की बात कही। अमरीका समेत प्रमुख यूरोपीय देशों ने भारत के पक्ष का समर्थन किया, लेकिन देश में विभिन्न टीवी चैनलों के स्तर पर अलग ही व्याख्याएं की जा रही हैं। बहरहाल बुनियादी मुद्दा पाकपरस्त आतंकवाद का था, जिसके कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' तक की नौबत आई। हालांकि भारत अब भी मानता है कि संघर्ष दो देशों और उनकी अवाम के बीच नहीं है। वह आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने का ऑपरेशन था। हमारे 'भारतदूतों' ने विदेश में राजनीतिक नेतृत्व, नागरिक समाज, थिंक टैंक, उद्योग जगत के नेतृत्व और भारतीय प्रवासी समुदाय आदि से मुलाकातें कीं। संवाद और संबोधन के जरिए विदेशों को खुलासा किया गया कि आतंकियों के अड्डे और करीब 170 आतंकियों को मौत के घाट उतारना क्यों अनिवार्य था? यदि 9-10 मई की दरमियानी रात में युद्ध जैसे हालात बने, तो उसके लिए पाकिस्तान दोषी था, क्योंकि आतंकियों पर किए गए प्रहार को उसने पाकिस्तान के अस्तित्व पर हमला मान लिया और भारत के सैन्य तथा नागरिक ठिकानों पर हवाई हमले किए। भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी, नतीजतन पाकिस्तान के संवेदनशील, महत्वपूर्ण एयरबेस, रनवे, रडार एवं एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिए गए। उसके बाद कथित संघर्ष-विराम घोषित कर दिया गया। सैन्य कार्रवाई विराम को अब एक माह बीत चुका है, लेकिन विपक्ष अब भी वही सवाल रट रहा है- पहलगाम नरसंहार के आतंकी कहां फरार हो गए? वे 'अमरनाथ यात्रा' के दौरान भी हमला कर सकते हैं! मोदी सरकार की विदेश नीति नाकाम साबित हुई, लिहाजा 'भारतदूत' के रूप में विपक्षी सांसदों, नेताओं को विदेश भेजना पड़ा? संसद का मॉनसून सत्र अभी काफी दूर है, लिहाजा सरकार एक और बार सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुला लेती? आतंकवाद के मोर्चे पर अमरीका भारत और पाकिस्तान को 'समान महत्व के देश' मानता है, क्या भारत इस कूटनीति को उचित मानता है? क्या अमरीका के इस रवैये का भारत को उचित, राजनयिक जवाब नहीं देना चाहिए? अमरीका की केंद्रीय कमान के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला ने कहा है कि कोई 'बाइनरी स्विच' नहीं हो सकता कि यदि वाशिंगटन के नई दिल्ली से संबंध हैं, तो इस्लामाबाद के साथ रिश्ता नहीं हो सकता। जनरल का मानना है कि आईएसआईएस-खुरासान अमरीका समेत अन्य देशों के खिलाफ भी साजिश रचने वाले सक्रिय आतंकी संगठनों में से एक है। पाकिस्तान उसके खिलाफ लड़ाई में मदद करता है। बहरहाल वही घिसे-पिटे सवाल करने से न तो भारत ताकतवर होगा और न ही मोदी सरकार ढह जाएगी। बेशक कुछ सवाल इतने जरूरी हैं कि उनके जवाब मिलने चाहिए और वह सरकार ही देगी, लेकिन उतावलेपन से क्या हासिल होगा? संसद सत्र आ रहा है। विपक्ष अपने सवाल और रणनीति तैयार कर ले, लेकिन ध्यान रहे कि सवालों की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण

**अशोक भाटिया**

गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसा रोंगटे खड़े करने वाला था. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले हमें आसमान में काला धुआं दिखा, तो लगा कि कहीं आग लगी होगी. इसके बाद पता चला कि एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया. विमान में बहुत से लोग सवार थे. ऐसे में किसी का बच पाना मुश्किल था. घटनास्थल से महज दो किलोमीटर दूर रहने वाले जयराम रमेश ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि प्लेन क्रैश के बारे में आसपास के लोगों को जैसे ही जानकारी मिली, तो सभी सहम गए. पहले बताया गया कि एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया, कोई भी बच नहीं पाएगा.इनमें 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। हादसे में किसी के भी बचे होने की उम्मीद ना के बराबर है। यात्रियों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी भी थे। ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। आश्चर्य जनक केवल यह है कि इसमें से एक यात्री बच गया.

दुनियाभर के विमानों पर नजर रखने वाली फ्लाइट रडार के मुताबिक, प्लेन ने दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी। प्लेन का एक वीडियो वायरल हो गया है।इसमें लैंडिंग गियर (टायर) खुले दिखाई देते हैं। विमान धीरे-धीरे नीचे जाता है और आग की लपटें उठने लगती हैं। लंदन के लिए लंबी दूरी की उड़ान टेकऑफ़ से पहले ईंधन से भरी हुई थी। वीडियो देखने से एक बात साफ है कि विमान को इंजन से थ्रस्ट (ऊपरी शक्ति) नहीं मिलती है और वह ऊंचाई नहीं बढ़ा सकता है।

वीडियो में इंजन में आग या धुआं नहीं दिख रहा है। तो यह कहा जा सकता है कि पक्षियों का झुंड विमान से टकराया और इंजन में फंस गया। विमान के कॉकपिट की जांच से दुर्घटना के सही कारण का पता चलेगा। अहमदाबाद हवाई अड्डे के बंद होने का मतलब है कि जांच दल रनवे की जांच कर सकता है। उसका भी पता लगाया जा रहा है। टेक-ऑफ के दौरान हुआ हादसा भयानक है। क्योंकि यह ईंधन से भरा है। वीडियो देखने के बाद एक बात स्पष्ट हो जाती है कि विमान के पंख सपाट हैं और संतुलन ठीक है; लेकिन यह नीचे गिर रहा है। इससे पता चलता है कि विमान ऊंचाई खो रहा है।

उसे ऊपर जाने के लिए इंजन से बिजली नहीं मिलती है। विमान के टेक-ऑफ में एक गंभीर चरण होता है। यहां तक कि अगर पायलट को इसे पार करने के बाद कोई समस्या मिलती है, तो भी वह टेक-ऑफ को रोक नहीं सकता है। क्योंकि उस स्थिति में अधिक नुकसान हो सकता है। यदि विमान का एक इंजन काम कर रहा है, तो पायलट विमान को ऊंचाई पर ले जा सकता था और आपात स्थिति में उसे उतार सकता था। इसका मतलब है कि विमान के दोनों इंजन विफल हो गए और वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। यह किसी त्रुटि या विद्युत विफलता के कारण हो सकता है। विमान उड़ाते समय V1 और V2 गति होती है। V1 गति में, पायलट उड़ान भरने का फैसला करता है।



रनवे छोड़ने के बाद, V2 गति के दौरान टेक-ऑफ को रद्द नहीं किया जा सकता है। एयर इंडिया के विमान ने रनवे से उड़ान भरी, जिसका अर्थ है कि ड्ड1 गति तक सब कुछ ठीक था। पायलट ने ड्ड2 गति के साथ एक समस्या देखी होगी; लेकिन आपातकाल के बाद भी वह उड़ान रद्द नहीं कर सके।

अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद पायलट ने मेयडे कॉल का मैसेज एटीसी को भेजा, जिसके बाद संपर्क टूट गया, इसलिए फ्लाइट में दिक्कत का तुरंत पता नहीं चल सका। लेकिन दुर्घटना के समय विमान के लैंडिंग गियर (टायर) उजागर हो गए थे और टेक-ऑफ के समय विंग फ्लैप स्थिति में थे; लेकिन पायलट विमान को 600 से 700 फीट की ऊंचाई पर नहीं उठा पाया। दोनों इंजनों से बिजली न मिलने के कारण उसने विंग लेवल को मेंटेन करते हुए असाधारण उड़ान कौशल दिखाया है।

पायलट के अनुभव में, इस दुर्घटना में मानवीय त्रुटि की संभावना बहुत कम लगती है। यहां तक कि अगर एक इंजन विफल हो जाता है, तो विमान को दूसरे इंजन पर संभाला जा सकता है। विमान दुर्घटना का मतलब है कि दोनों इंजन बिजली प्रदान नहीं कर सकते हैं। अहमदाबाद विमान दुर्घटना से पहले पायलट ने तीन बार संकेत दिया। अधिकांश आधुनिक विमानों में कंप्यूटर नियंत्रित इंजन होते हैं। इसलिए, कोई कारण नहीं बताया जा सकता है कि इंजन काम क्यों नहीं करता है। एक कारण ईंधन हो सकता है। लेकिन इस विमान में उनमें से बहुत सारे थे।

दूसरा कारण यह हो सकता है कि पाइपलाइन में ब्लॉक होने के कारण इंजन तक ईंधन नहीं पहुंच रहा था। तीसरा कारण यह हो सकता है कि कंप्यूटर को सही इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल नहीं मिले। लंदन के लिए उड़ान भरने से पहले विमान अहमदाबाद में कुछ घंटों के लिए जमीन पर था। माना जाता है कि एयर इंडिया के इंजीनियरों ने इस अवधि के दौरान सब कुछ देखा है। दूसरी ओर, एयरलाइंस का लक्ष्य हवाई यातायात में वृद्धि के कारण विमान और श्रमिकों का उपयोग करने वाली एयरलाइनों की लागत को कम करना है। पायलटों और कर्मचारियों के पास अब लंबे समय तक काम करने का सप्ताह है और इसलिए अधिक कार्यभार है। परिणामस्वरूप, दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

थकान से संबंधित सुरक्षा दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है और कर्मचारी अब परिचालन संबंधी त्रुटियों को जिम्मेदार ठहराते हैं जैसे कि गलत रनवे पर उतरना या ईंधन को गलत तरीके से पढ़ना तनाव और नींद की कमी को जिम्मेदार ठहराता है। भारतीय एयरलाइनों की सुरक्षा अन्य एयरलाइनों की तुलना में दुनिया के समग्र विमानन में कुछ हद तक उपेक्षित है। हालांकि, विमान दुर्घटनाओं की संख्या में कमी नहीं आई है, पिछले दो दशकों में 21-23 प्रतिशत प्रमुख विमान दुर्घटनाओं को जांच का एक संभावित कारण निर्धारित किया गया है। 2020 में, यूरोपीय विमानन सुरक्षा एजेंसी ने बड़े विमानों के लिए शीर्ष सुरक्षा समस्या के रूप में 'बड़े विमानों के लिए कल्याण और फिटनेस स्थिति' की पहचान की।

2010 में एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 की भयानक दुर्घटना इस बात का उदाहरण है कि पायलट की थकान का विमान के सुरक्षित संचालन पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। जब मंगलुरु में उतरते समय 166 यात्रियों को ले जा रहा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 158 लोग मारे गए। वास्तव में, कप्तान के खर्राटों की आवाज को पहली बार कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर द्वारा रिकॉर्ड किया गया था। दुनिया की सबसे सुरक्षित एयरलाइन में किसी भी भारतीय एयरलाइन का नाम नहीं लिया गया है।

हर साल, एयरलाइन विशेषज्ञों की एक टीम दुनिया में 400 एयरलाइनों की सुरक्षा की जांच करती है। यह पिछले दो वर्षों में 400 एयरलाइनों की सुरक्षा का आकलन करती है। विमान दुर्घटनाओं की संख्या, दुर्घटनाओं की कुल संख्या, सरकारी रिपोर्ट, जीवन और विमान की संख्या, पायलट प्रशिक्षण की गुणवत्ता और एयरलाइन की वित्तीय स्थिति। कंपनियों की लिस्ट जारी कर दी गई है।

लिस्ट में एक भी भारतीय एयरलाइन का नाम नहीं लिया गया है, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि भारतीय यात्री हवाई यात्रा में कितने सुरक्षित हैं। हालांकि, भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को कम लागत वाली एयरलाइनों की सूची में 19वां स्थान दिया गया है। पांच अमेरिकी एयरलाइंस को इस वर्ष शीर्ष 24 सबसे सुरक्षित एयरलाइनों में शामिल किया गया है, जिसमें फ्रंटियर (नंबर 5), साउथवेस्ट (नंबर 9), सन कंट्री (नंबर 15), जेटब्लू (नंबर 17) और एलिगेंट एयर (21 वां) शामिल हैं।

यह हर साल 400 एयरलाइनों का विश्लेषण करता है और उनके विभिन्न सुरक्षा मानकों की जांच करता है। यह प्रमुख दुर्घटनाओं, कुल घटना आवृत्ति, हाल की दुर्घटनाओं, विमान की जीवन प्रत्याशा, लेखा परीक्षा और विमान की कुल संख्या, पायलट प्रशिक्षण की गुणवत्ता और वित्तीय स्थिति के आधार पर रेटिंग देता है। किसी भी कंपनी में वित्तीय अस्थिरता एयरलाइन के लिए गंभीर परिचालन चुनौतियां पैदा कर सकती है। उसकी सुरक्षा रैंकिंग भी प्रभावित हो सकती है। यही वजह है कि वित्तीय संकट से जूझ रही एयरलाइंस इस सूची में जगह नहीं बना पाती हैं।

भारत मे जैसे कि पहले बताया विमान दुर्घटना के चार्ट में कुछ एक दुर्घटनाओं को छोड़ कर नंबर बहुत ही पीछे है . देखा जाय तो घाटकोपर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान एक छोटा चार्टर विमान था। किंग एयर चार्टर विमान एक परीक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारत में पहली विमान दुर्घटना 1938 में हुई थी। मध्य प्रदेश के दतिया के पास एयर फ्रांस पोटेज़ विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सात लोग मारे गए। पिछले 15 वर्षों में भारत की दूसरी बड़ी दुर्घटना मई 2010 में कर्नाटक के मंगलुरु में हुई थी। फरवरी 1990 में, एक एयरबस ए 320 रनवे से फिसल गया और बेंगलुरु में उतरते समय एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 92 लोग मारे गए। पायलट की गलती से अब तक कई दुर्घटनाएं हुई हैं।

# आधुनिक भारतीय पिता की बदलती भूमिका और उनकी उपेक्षा

**अम्बिका कुशवाहा अम्बी**

हमारे समाज में माता-पिता की भूमिका को लंबे समय तक एक रूढ़िगत दायरे में देखा गया है। पिता को घर का मुखिया, आर्थिक आधार, और अनुशासक माना गया। भारतीय समाज में पिता को अक्सर वह व्यक्ति माना जाता था, जो परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करता है, लेकिन भावनात्मक रूप से दूरी बनाए रखता है। वही मां की जिम्मेदारी रसोई से लेकर परिवार की सेवा तक घर के अंदर सीमित रखा गया।

भारतीय संस्कृति में माताओं को पूजनीय माना गया, और उनकी मेहनत, त्याग, और बलिदान की गाथाएँ पीढ़ियों से गूँजती रही हैं। हालाँकि, आधुनिक समय में यह परिभाषा तेजी से बदल रही है। आज का पिता न केवल आर्थिक स्तंभ है, बल्कि भावनात्मक समर्थन, लैंगिक समानता का समर्थक, और घरेलू जिम्मेदारियों में सक्रिय भागीदार भी है। वही महिलाएं भी घर से बाहर समाज, राजनीति एवं आर्थिक क्षेत्र में भागीदार बन रही है। फिर भी, इस बदलाव के बीच पिता की उपेक्षा एक हकीकत है।



आधुनिक पिता अब केवल परिवार का आर्थिक रक्षक नहीं है। वह बच्चों का दोस्त, मार्गदर्शक, और भावनात्मक सहारा बन रहा है। वह बच्चों के साथ समय बिताता है, उनकी भावनाओं को समझता है, और उनकी रुचियों को प्रोत्साहित करता है। पिता अब लैंगिक समानता के प्रबल समर्थक भी हैं। वे बेटियों को खेल, विज्ञान, या तकनीक जैसे क्षेत्रों में प्रोत्साहित करते हैं और बेटों को घर के कामों में भाग लेना सिखाते हैं। साथ ही, वे घरेलू जिम्मेदारियों में सक्रिय हैं– खाना बनाने से लेकर बच्चों को स्कूल छोड़ने तक। एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 62त्न शहरी पिता घर के कामों में नियमित रूप से योगदान करते हैं। यह बदलाव न केवल परिवारों में समानता को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक प्रभाव डालता है।

हालाँकि पिता की भूमिका में यह सकारात्मक बदलाव आया है, लेकिन उनकी मेहनत और योगदान को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। भारतीय संस्कृति में माताओं के त्याग और बलिदान की कहानियाँ तो खूब सुनाई जाती हैं, लेकिन पिता के संघर्ष और समर्पण को उतना महत्व नहीं दिया जाता। पिता को परिवार का ÷मजबूत आधार÷ मानकर उनकी भावनात्मक और मानसिक जरूरतों को अनदेखा कर दिया जाता है। समाज की यह अपेक्षा कि ÷पिता को हमेशा मजबूत रहना चाहिए÷ उनके लिए एक अदृश्य बोझ है। समाज में अवधारणा बनी हुई है कि, जो महिलाएं घर परिवार संभालती है, कड़ी मेहनत सिर्फ वो करती है बाकी मर्द जो कमाकर घर आता है, उनकी मेहनत कम होती है। भारतीय पिता अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाते हैं। मर्द को दर्द नहीं होता जैसी रूढ़ियाँ उन्हें अपनी कमजोरियों या तनाव को छिपाने के लिए मजबूर करती हैं। आधुनिक पिता से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल आर्थिक जिम्मेदारियाँ निभाए, बल्कि भावनात्मक रूप से उपलब्ध हो, घर के कामों में मदद करे, और बच्चों की परवरिश में सक्रिय रहे। यह तभी संभव है, जब महिलाएं भी आर्थिक जिम्मेदारी में बराबरी की जिम्मेदार और हिस्सेदार बने। माताओं की तुलना में पिताओं की मेहनत को कम सराहा जाता है। माँ का त्याग और प्रेम तो कविताओं, गीतों, और सिनेमा में अमर है, लेकिन पिता के संघर्ष को अक्सर सामान्य मान लिया जाता है। फादर डे जैसे अवसर भी मदर डे की तुलना में कम उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। यह असंतुलन पिताओं को यह महसूस कराता है कि उनके योगदान को पर्याप्त महत्व नहीं मिलता।

भारतीय पिता को कानूनी एवं सामाजिक भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। तलाक या पारिवारिक विवादों में पिताओं को अक्सर बच्चों की कस्टडी या भावनात्मक रिश्ते में कम प्राथमिकता दी जाती है। भारतीय कानून और सामाजिक धारणाएँ माँ को प्राथमिक देखभालकर्ता मानती हैं, जिससे पिता अपने बच्चों से दूर हो सकते हैं। यह उनके लिए भावनात्मक और मानसिक रूप से कष्टकारी होता है।

पिता की उपेक्षा का असर न केवल उन पर, बल्कि परिवार और समाज पर भी पड़ता है। जब पिता की भावनात्मक जरूरतों को अनदेखा किया जाता है, तो वे तनाव, अवसाद, या अलगाव का शिकार हो सकते हैं। इससे परिवार में संवाद की कमी और रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है। बच्चे भी पिता के साथ गहरे भावनात्मक रिश्ते से वंचित रह सकते हैं, जो उनके व्यक्तित्व विकास पर असर डालता है। समाज में भी, पिता की अनदेखी लैंगिक रूढ़ियों को और मजबूत करती है, जिससे पुरुषों के लिए अपनी भावनाएँ व्यक्त करना और मुश्किल हो जाता है। फिर भी, समाज में अपनी जगह बनाने का सबसे मजबूत पक्ष पिता होता है।

आज का पिता न केवल परिवार की नींव है, बल्कि भावनात्मक सहारा, लैंगिक समानता का समर्थक, और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। हम पिताओं के योगदान को न केवल सराहें, बल्कि उनकी भावनात्मक और मानसिक जरूरतों को भी समझें। एक ऐसा समाज बनाएँ, जहाँ पिता को न केवल मजबूत बल्कि संवेदनशील और सम्मान के रूप में भी देखा जाए। क्योंकि पिता भी उतने ही पूजनीय हैं, जितना कि माँ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### उपायुक्त ने किया पुराना सदर अस्पताल CHC का निरीक्षण, बच्चों के स्वास्थ्य की ली जानकारी



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने आज साहेबगंज स्थित पुराने सदर अस्पताल (CHC) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने महिला ओपीडी, तथा कुपोषण उपचार केंद्र (MTC) का गहन निरीक्षण किया। MTC में उपस्थित बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने उनकी स्वास्थ्य रिपोर्ट की भी जांच की। उन्होंने बच्चों के इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के पोषण और बेहतर स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में नालियों की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित पदाधिकारी को तत्काल नालियों की मरम्मत एवं साफ-सफाई कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, चिकित्सा पदाधिकारी (MOIC) समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### मोबाइल टॉवर कनेक्टिविटी एवं भारत नेट योजना को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



**अजय कुमार कुशवाहा ब्यूरो आदिवासी एक्सप्रेस**
उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आज गोपनीय कार्यालय में मोबाइल टॉवर कनेक्टिविटी एवं भारत नेट योजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले के उन छाया क्षेत्रों (Shadow Areas) में नेटवर्क कनेक्टिविटी की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर वहां शीघ्रता से मोबाइल टॉवर लगाने की कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान को गति देने हेतु सुदूरवर्ती इलाकों में मोबाइल और इंटरनेट नेटवर्क की पहुंच सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान भारत नेट योजना के अंतर्गत पंचायतों में बार-बार आ रही तकनीकी समस्याओं एवं नेटवर्क विफलताओं पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने चिंता जताई कि इन समस्याओं के कारण कई प्रज्ञा केंद्र सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।
विशेष रूप से मंडरो प्रखंड के पंचायतों में भारत नेट के कार्यों की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिया कि दिसंबर 2025 से पूर्व भारत नेट कनेक्टिविटी का कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्य की प्रगति की प्रतिवेदन (रिपोर्ट) समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें। बैठक में EDM सुशील कुमार, संबंधित तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

### एक युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। मिली जानकारी के अनुसार महाराजपुर नया टोला निवासी नथनी महतो का 28 वर्षीय पुत्र रामानंद सागर, का घर में पति-पत्नी के बीच आठ, नौ महीने से आपसी विवाद चल रहा था। जहां आज सुबह पति-पत्नी में कहा सुनी होते होते बात इतना आगे बढ़ गया कि पति रामानंद सागर ने गुस्से में आकर फांसी के फंदे से लटक कर जान देने की कोशिश किया। जहां परिजनों ने समय रहते फांसी के फंदे से उक्त युवक को उतरा। वही मूर्छित अवस्था में उक्त युवक को इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रभात मलिक ने युक्त युवक का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर भागलपुर रेफर कर दिया। जहां परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भागलपुर ले गए हैं। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है।

### तीनपहाड़ एटीएम के पास मालवाहक टेंपो पलटने से दो लोग घायल हो गए

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** तीनपाहड थाना क्षेत्र के तीनपहाड़ बभनगामा मुख्य सड़क के तीनपहाड़ एटीएम के पास मालवाहक टेंपो पलटने से दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बभनगामा मोड़ के तरफ से पंडाल का सामान लोड कर मालवाहक टेंपो तीनपहाड़ की ओर जा रहा था। इस दौरान तीनपहाड़ एटीएम के पास जर्जर सड़क के गड्ढे के कारण टेंपो पलट गया। जिससे उसके चालक और पंडाल कर्मी आंशिक रूप से घायल हो गए। वही स्थानीय लोगों की मदद से वाहन और सामान को उठाया गया और घायलों को स्थानीय डॉक्टरों से प्राथमिक इलाज कराया गया। घटना से स्थानीय लोगों में जर्जर सड़क को लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि तीनपहाड़ सड़क काफी जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो गया है। इस कारण एटीएम के पास आए दिन वाहन दुर्घटना हो रहे हैं। उसे जल्द दुरुस्त नहीं कराया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

# कोटालपोखर उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**आदिवासी एक्सप्रेस मोहित मंसूरी**
कोटालपोखर उच्च विद्यालय में वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आज एक गरिमामय समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। विज्ञान एवं कला संकाय के इन मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी मेहनत को सराहा गया।
इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में प्रधानाचार्य,



समस्त शिक्षकगण, अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण उत्साह और गर्व से परिपूर्ण था।

**माध्यमिक स्तर पर सम्मानित छात्र-छात्राएं:**
आयशा नाच, गोपाल साहा, रक्षा कुमारी, भरत कुमार साहा, अनि कुमारी, सूरज कुमार साहा, नंदनी कुमारी, आकांक्षा पांडे, गीता कुमारी एवं किशन रजवाड़।

**उच्च माध्यमिक विज्ञान संकाय के मेधावी छात्र-छात्राएं:**
प्राची कुमारी, साहिल कुमार साहा, हरि प्रसाद साहा, मनीष पंडित, सानिया खातून, सीमा परवीन, साक्षी सिन्हा, भारती कुमारी, शमा परवीन एवं झरना कुमारी।

**कला संकाय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी**
उर्मिला कुमारी, आंचल कुमारी, अनुष्का भगत, अर्पित कुमारी, नंदनी कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रीति कुमारी, दिलीप कुमार साहा एवं लड्डू साहा।
इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ÷जो जैसी मेहनत करता है, वैसा ही फल उसे मिलता है।÷ उन्होंने इस उपलब्धि को पूरे कोटालपोखर गांव के लिए गौरव की बात बताते हुए सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी इसी तरह यहां के विद्यार्थी राज्य स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। समारोह का समापन विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन एवं सामूहिक फोटो सत्र के साथ हुआ।

# संताल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का भव्य शुभारंभ उपायुक्त साहिबगंज द्वारा किया गया

**अजय कुमार कुशवाहा ब्यूरो आदिवासी एक्सप्रेस**
उपायुक्त ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को न केवल खेल के प्रति प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का भी पाठ पढ़ाते हैं।
जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा फूलो-झानो इनडोर स्टेडियम में आज दो दिवसीय संताल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 कुल चार वर्गों में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें (बालक एवं बालिका अंडर-19 एवं ओपन डबल्स - पुरुष/महिला वर्ग) का शुभारंभ उपायुक्त साहिबगंज श्री हेमन्त सती द्वारा वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात पारंपरिक रूप से दीप



प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया ।
जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा ने आयोजन को लेकर स्वागत भाषण दिया। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पर्षद अभिशेक कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि उपायुक्त हेमंत सती एवं विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता गौतम भगत को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी तीन कोर्ट पर विभिन्न कैटेगरी के मुकाबले प्रारंभ हुए, जिनमें प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साह देखने योग्य रहा। आयोजन के अवसर पर जे. एस.सी.ए.सदस्य चंद्रेश्वर सिन्हा,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, प्रो रंजीत सिंह, आदित्य कुमार, जे.के.शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।
वहीं जिला खेल कार्यालय के गौतम झा, जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, टूरिज्म स्पेशलिस्ट गौरव प्रियदर्शी ,कोच योगेश यादव, प्रकाश सिंह बादल, खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार, सोनू, मनोज कुमार,आदित्य कुमार समेत जिले के शारीरिक शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।
सभी वर्गों के विजेता को 25000 उपविजेता खिलाड़ियों को 10,000 एवं अन्य सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

# राजमहल प्रखंड के किसानों को मिला बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ, बन रहे हैं स्वावलंबी मनरेगा के तहत आम, नींबू व सब्जी की खेती से हो रही है अच्छी आमदनी

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के अंतर्गत चलाई जा रही बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। साहेबगंज जिले के राजमहल प्रखंड के खुटहरी एवं गुनिहारी पंचायत के लाभुकों ने इस योजना का बेहतर उपयोग कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है।
पंचायत खुटहरी के रहने वाले सुधांशु शेखर सिंह एवं मुनि हेंब्रम ने योजना के तहत आम एवं सब्जियों की खेती शुरू की है। मुनि हेंब्रम ने बताया कि इस वर्ष नींबू की बिक्री



से 14,000 की आमदनी हुई है, जबकि आम की उपज भी बहुत अच्छी हो रही है। उनका कहना है कि इस योजना के तहत मिले सहयोग से आज वे स्वावलंबी बन चुकी हैं।
वहीं पंचायत गुनिहारी के लाभुक भोला प्रसाद यादव ने बताया की उन्होंने एक एकड़ भूमि में 112 आम के पौधे एवं 80 इमारती पौधों के साथ मिश्रित बागवानी की है। इसके साथ ही उन्होंने नींबू, कटहल, पपीता आदि की भी खेती की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में केवल आम की बिक्री से 34,000 की आमदनी हुई है। यह योजना न सिर्फ ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है, बल्कि हरित पर्यावरण को भी बढ़ावा दे रही है। आने वाले वर्षों में और भी अधिक ग्रामीणों को इस योजना से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

# एक विवाहित महिला ने कीटनाशक दवा खाने से सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला ने कीटनाशक दवा खाने से सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि करीब 1:00 बजे बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बोरियो बाजार शर्मा टोला का निवासी मनोज शर्मा की 30 वर्षीया पत्नी मनीषा देवी कीटनाशक दवा खा लेने के उपरांत परिजन इलाज के लिए लाया गया। मौके पर उपस्थित डॉक्टर सुदामा साह ने महिला का प्राथमिक



उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया। उक्त महिला को लेकर परिजन एंबुलेंस के मदद से सदर अस्पताल साहिबगंज इलाज के लिए पहुंचा। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त महिला का इलाज प्रारंभ कर दिया, इलाज के दौरान उक्त महिला की मौत हो गई। जहां बोरियो थाना पुलिस ने मृतक महिला को पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम डॉक्टर मुकेश कुमार ने किया, पोस्टमार्टम करने के उपरांत महिला के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक महिला ने अपने पीछे 8 साल लड़का व 6 साल की लड़की छोड़ गई है। मृतक महिला का पति सोना, चांदी का काम करता है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# दो जून के रात अपराधियों द्वारा दो पोकलेन एवं दो हाईवा जलाकर हड़कंप मचाया गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** मंडरो मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत दामीनभीठा पत्थर खदान में दो जून के रात अपराधियों द्वारा दो पोकलेन एवं दो हाईवा जलाकर हड़कंप मचाया गया था। उक्त मामले में मिर्जाचौकी पुलिस को सफलता मिली थी। जिसमें कुल चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वही 34/25 कांड मामले में मिर्ज़ाचौकी थाना के एसआई पवन कुमार ने गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वही थाना में पूछताछ के बाद आरोपी को जेल



भेज दिया गया। वही एसआई पवन यादव ने पुलिस बल के साथ गुप्त सुचना के आधार पर मिर्जाचौकी थाना के गडरा पंचायत के कानाडीह गोसायचक गांव के निवासी बिट्टू चौड़े को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में एसआई पवन यादव ने बताया कि इस कांड में संलिप्त आरोपियों को धर पकड़ जारी रहेगा। वही मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के नेतृत्व में मिर्जाचौकी पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। जिसके बाद अपराधियों में डर का माहौल बना हुआ है।

### अख्तर ने थाना में आवेदन देकर 5 लोगों पर मारपीट कर लाखों रुपए छीनने का आरोप लगाया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र के फुलवरिया कालीबाड़ी के अख्तर ने थाना में आवेदन देकर 5 लोगों पर मारपीट कर लाखों रुपए छीनने का आरोप लगाया है। आवेदन में पुलिस को बताया है कि 12 जून गुरुवार की रात लगभग 8:15 बजे कोयला बाजार से छड़, सीमेंट की दुकान का बकाया पैसा 1 लाख 7 हजार रुपए तगादा कर अपने भाई वसीम अकरम के साथ घर लौट रहा था। तभी फुलवरिया चौक के पास रूही मार्बल दुकान के सामने पूर्व से घात लगाए मुर्गी टोला निवासी बदरुद्दीन शेख, जिलानी शेख, और फुलवरिया निवासी अब्दुल शेख, मुस्ताक शेख, मोजबूर शेख आदि ने मिलकर एक मत होकर हम दोनों भाई को घेर लिया और पास के बगीचे में ले जाकर मारपीट करते हुए मुझे पकड़ लिया और भाई के पॉकेट में से 1 लाख 70 हजार रुपए निकाल लिया। जब बीच बचाव करने के लिए गया तो सभी ने मिलकर लोहे की रड से मारकर मेरे भाई वसीम अकरम को बुरी तरह घायल कर दिया। हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग पहुंचने से ही वह लोग सब मौके से भाग गया। मामले को लेकर प्रभारी थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि आवेदन मिला है छानबीन की जा रही है।

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से 6 साल का बालक हुआ गंभीर हायर सेंटर रेफर



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल बथानी गांव में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से 6 साल का बालक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल बालक को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया अस्पताल में चिकित्सक मुकेश कुमार के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया बताया जा रहा है कि लाल बथानी गांव निवासी जियाउल रहमान के 6 वर्षीय पुत्र मोहम्मद आलम अपने घर के पास बैठा हुआ था. और घर के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का हाई टेंशन तार गुजरा हुआ है अपने घर के दरवाजे कुर्सी पर बैठा हुआ था और कुर्सी के ऊपर से हाई टेंशन गुजारा है किसी कारणवश बालक कुर्सी के ऊपर चढ़ा तो 11 हजार हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया जिससे बालक झुलस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया अस्पताल में चिकित्सक मुकेश कुमार के द्वारा इलाज प्रारंभ करते हुए बालक के हालत नाजुक देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### घर में काम करने के दौरान लोहे के रड़ युवक के सिर परगिरने से घायल




**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौक बाजार निवासी घर में काम करने के दौरान लोहे रड़ सर पर गिरने से युवक घायल हो गया घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया बताया जा रहा है कि नगर थाना चौक बाजार निवासी स्वर्गीय मोहन प्रसाद स्वर्णकार के 22 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार अपने घर में डिश का छतरी ठीक कर रहा था. टीवी में सिग्नल मिल रहा था. उसी दौरान लोहे की रड़ सर पर गिर गया और घायल हो गया बरहाल घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर मुकेश कुमार के देखरेख में किया गया।

# राजमहल प्रखंड में आम महोत्सव- सह- बागवानी मेला का आयोजन

**अजय कुमार कुशवाहा ब्यूरो आदिवासी एक्सप्रेस**
राजमहल प्रखंड परिसर में आज एक दिवसीय आम महोत्सव -सह- बागवानी मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई, जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी- सह -अंचलाधिकारी मो. यूसुफ, प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी उरांव, जिला परिषद सदस्य मो. बारीक शेख, बीपीओ श्वेता, बीपीएम (JSLPS) राजेश कुमार एवं बीपीओ गगन बापू द्वारा संयुक्त



रूप से किया गया।
मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य मो. बारीक शेख ने मंच को संबोधित करते हुए लाभुकों को प्रोत्साहित किया और कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी कर लाभुक न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु सतत प्रयास करने का आह्वान किया।
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह -अंचलाधिकारी मो. यूसुफ ने कहा कि आज लाभुकों की मेहनत से एक छोटा पौधा वृक्ष बनकर फल देने लगा है, जो उनकी आजीविका को सशक्त बना रहा है। उन्होंने सभी लाभुकों से निरंतर मेहनत करने की अपील की। बीपीओ श्वेता ने बताया कि इस वर्ष राजमहल प्रखंड में 100 से अधिक लाभुकों को बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। उन्होंने लाभुकों से अगली बार होने वाले आम महोत्सव में भाग लेने के लिए अभी से तैयारी करने की सलाह दी। इस अवसर पर बीपीएम राजेश कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अभिजीत कुमार ने भी लाभुकों को शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन बीपीओ गगन बापू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न लाभुकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता विकास कुमार चौधरी, कनीय अभियंता भैया बेसरा, कुलदीप कुमार रजक, दीप नारायण मंडल, मो. सोहर वर्दी, धर्मेंद्र कुमार, उपेन्द्र तिग्गा, मोतीलाल तिग्गा, मनोज यादव, राजीव रंजन सहित सभी पंचायतों के मुखिया लालमाटी की बबीता देवी व गुनीहारी की सुखवा उरांव, समेत अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जनता के चेहरे पर संतोष का भाव देता है काम करने की प्रेरणाः उपायुक्त रामनिवास यादव

● जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें: उपायुक्त

● जिले के विकास के लिए जनता के साथ संवाद करना एवं उनकी समस्याओं का समाधान करना आवश्यकः उपायुक्त रामनिवास यादव

**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह, विशेष प्रतिनिधि।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए सभी अंचल, प्रखंड एवं जिलास्तरीय पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि पात्रता एवं पारदर्शिता का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का समाधान करें। जमीन के अधिक मामले जनता



दरबार में आते हैं इस हेतु सभी अंचल अधिकारियों को शीघ्रता से इसका निष्पादन करने का निर्देश दिया। प्रत्येक कार्यदिवस में कम से कम 1 घंटा जनता के लिए अवश्य निकलें। उनकी समस्याओं को सुनें और उसका निराकरण करें। इसी क्रम में जमीन के अधिक मामले को देखते हुए अंचल कार्यालयों में अपराह्न 1 बजे से 2 बजे तक जनता से मिलने हेतु विशेष समय निर्धारित किया गया है। उपायुक्त द्वारा मंगलवार एवं शुक्रवार को विशेष रूप से जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय में किया जाता है। इसी क्रम में समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में करीब 60 फरियादी आए। उपायुक ने बारी बारी से सबकी समस्याओं को सुना एवं संबंधित पदाधिकारी को अविलंब समस्याओं का समाधान करने का निदेश दिया।आज विशेष रूप से जमीन, शिक्षा, आवास, पेयजल, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि से संबंधी जनावेदन प्राप्त हुए। जिला प्रशासन और आम जनता के बीच दूरी न हो तभी एक सुदृढ़, सुव्यवस्थित,एवं जनकल्याणकारी समाज की स्थापना की जा सकती है। जन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है। उपायुक रामनिवास यादव ने जनता के हित में कार्य करने एवं उनकी प्राथमिकता तय करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी कार्य धरातल पर तभी संभव है जब हम जनता के बीच जाकर उन्हें सुने उनकी समस्याओं से अवगत हों और उसका निराकरण करें।

## संक्षिप्त समाचार

### नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो : जन-जागरूकता की नई पहल

● जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडल की महिलाओं ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान




**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**
**पाकुड़-** 10 जून से 26 जून, 2025 तक चल रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पाकुड़ के हिरणपुर, महेशपुर पाकुड़ सदर, अमडापाडा, पाकुरिया लिट्टीपाड़ा प्रखंडों में ग्रामीण विकास विभाग ,पलाश, जेएसएलपीएस द्वारा संचालित सखी मंडल कि दीदियों द्वारा विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नशा से दूर रहने की अपील के साथ जागरूकता अभियान चलाया।इस दौरान सखी मंडल की प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में सखी मंडल की दीदियों ने प्रतिभागियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया एवं नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई। संवाद सत्रों के माध्यम से महिलाओं ने नशा उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।साथ ही, महिलाओं द्वारा निकाली गई रैलियों ने नशामुक्ति का संदेश गांव-गांव पहुंचाया।

### झामुमो नेता हर्ष सिन्हा ने उपायुक्त राम निवास यादव से की मुलाकात

● छात्रों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एक पुस्तकालय की मांगः हर्ष सिन्हा

● चित्तरडीह में पुस्तकालय निर्माण की मांग



**जमुआ, प्रतिनिधि।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता हर्ष सिन्हा ने गिरिडीह जिले के नवनियुक्त उपायुक्त राम निवास यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री यादव को नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुलाकात के दौरान हर्ष सिन्हा ने जमुआ प्रखंड अंतर्गत चित्तरडीह में एक सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना को लेकर एक आवेदन पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के छात्र- छात्राओं को बेहतर अध्ययन के लिए पुस्तकालय की आवश्यकता है, जिससे उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर न जाना पड़े और वे स्थानीय स्तर पर ही शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। हर्ष सिन्हा ने विश्वास जताया कि उपायुक्त श्री यादव छात्रों के हित में सकारात्मक कदम उठाएंगे और जल्द ही पुस्तकालय स्थापना की दिशा में पहल करेंगे। हर्ष सिन्हा ने कहा कि छात्रों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एक पुस्तकालय की मांग है। इससे बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, और वे अपने ही समुदाय में ज्ञान और सीखने के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

### बराकर नदी में तैरता मिला अज्ञात युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी, जाँच में जुटी पुलिस



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के बराकर नदी स्थित परसबनी घाट के पास शुक्रवार की सुबह पानी में तैरता हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मुंह की ओर पानी में डूबा हुआ था। जिसके बाद ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया सुंदर किस्कू को शव मिलने की सूचना दी, सूचना मिलने के बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शव को बराकर नदी से बाहर निकाला। शव एक पुरुष की है हालांकि, शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है और शव की शिनाख्त करने और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## देवरी सोन नदी में डूबने से साकिब की मौत, परीजनो की शोक की लहर

**आज रात लोटनिया गांव में किया जाएगा सुपुर्द-ए-ख़ाक**

**आदिवासी एक्सप्रेस/ लालू कुमार यादव**
**हुसैनाबाद (पलामू)** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत स्थित लंबी गली में उस वक्त मातम पसर गया जब क्षेत्र के जाने-माने कपड़ा व्यवसायी आबिद अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र साकिब अंसारी की मौत देवरी सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से हो गई। यह हादसा आज सुबह करीब 9 बजे उस समय हुआ जब साकिब अपने तीन दोस्तों के साथ नदी में स्नान के लिए गया था।





प्राप्त जानकारी के अनुसार, साकिब के साथ उसके मित्र मोनू हुसैन, अरबाज खान और दिलशाद भी मौजूद थे। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चारों को नदी में नहाने से रोका गया था, लेकिन वे नहीं माने। थोड़ी ही देर बाद दो युवक गहरे पानी में डूब कर बहने लगे। तभी दो दोस्त के शोर मचाने पर स्थानीय गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन साकिब गहरे पानी में समा गया। घटना की सूचना हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब को मिलते ही हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, सीओ पंकज कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू कराई। एसडीएम के नेतृत्व में स्थानीय नाविकों व गोताखोरों की 10 सदस्यीय टीम गठित की गई, जिनमें मोहन चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, धनंजय चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, ननकू चौधरी, राजन चौधरी, छोटू चौधरी, विनय चौधरी सहित कई लोग शामिल थे। घटना स्थल पर हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं युवा नेता शेर अली भी मौजूद रहे और प्रशासनिक दल के साथ अंतिम समय तक समन्वय करते रहे। कई घंटे की मशक्कत के बाद साकिब का पार्थिव शरीर बरामद किया गया।

**आज रात्रि एशा की नमाज के बाद होगा अंतिम संस्कार**

देर शाम साकिब का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया। परिवार की ओर से जानकारी दी गई कि आज रात एशा की नमाज के बाद साकिब के पार्थिव शरीर को उसके पैतृक गांव लोटनिया में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया जाएगा। पूरे गांव में शोक की लहर है।सैंकड़ों की संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे

**स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की अपील**

देवरी घाट पर मौजूद लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि नदी घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि घाटों की गहराई व बहाव को देखते हुए यह बेहद आवश्यक है।

## डुमरी बीडीओ सहित चार लोगों पर कथित प्रताड़ना का आरोप

**डुमरी, प्रतिनिधि।** डुमरी बीडीओ सहित चार लोगों पर कथित प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए डुमरी के बलथरिया पंचायत में पदस्थापित पंचायत सेवक डुमरी के कुलगो निवासी सुखलाल महतो ने आत्महत्या की नियत से शुक्रवार को डुमरी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के परिसर में कीटनाशक की गोली खा ली। गंभीर हालत में उसे ईलाज के लिये एम्बुलेंस से डुमरी रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने धनबाद रेफर कर दिया। इसके पहले सुबह से ही सोशल मीडिया में उसके द्वारा डुमरी विधायक के नाम लिखा एक



पत्र वायरल हो रहा था। जिसमे उसने बीडीओ सहित चार लोगों द्वारा उसे प्रताड़ित करने के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी है। समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वायरल पत्र में उसने लिखा है कि मुझे मानसिक अपमानित और प्रताड़ना करने वाले प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डुमरी, पीएमएवाई डुमरी के बीसी अजय कुमार, बलथरिया के रोजगार सेवक अनिल कुमार और मुखिया पति प्रमेश्वर नायक है। मुझे प्रखण्ड विकास, महोदया डुमरी के द्वारा भरी बैठक सभा में मुझे तुम, ताम, तेरे, मेरे कर मानसिक अपमानित व प्रताड़ित किया जाता है। इस कारण में जीवन हत्या करने जा रहा हूँ। अतः माननीय विधायक महोदय आपका ध्यानाकर्षित कराते हुए मुझे मृत्यु पर्यन्त मेरे वंश परिवार की जीवन भरण, पोषण पर ख्याल करें। अब सबों को नम्रपूर्वक मैं अपने जीवन आत्मदाह हेतु अपने शरीर छोड़ आत्मा साथ जीवन ले जा रहा हूँ। वायरल पत्र में आरोप के संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ अन्वेषा ओना ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है। बैठकों में कर्मियों से विकास योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली जाती है। कमी मिलने पर निर्देश दिए जाते हैं।

## खिरगांव स्थित विद्युत शवदाह गृह के वर्षों से बंद पड़े होने को लेकर मुन्ना सिंह ने नगर आयुक्त से की चर्चा

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** खिरगांव स्थित विद्युत शवदाह गृह के वर्षों से बंद पड़े होने और नागरिकों को अंतिम संस्कार में हो रही कठिनाइयों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह नगर प्रभारी मुन्ना सिंह ने गुरुवार को नगर आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने मांग की कि मुक्तिधाम को आधुनिक तकनीक से युक्त कर पुनः क्रियाशील बनाया जाए। इसके लिए विद्युत व गैस आधारित नया फर्नेस लगाने और शीघ्र तकनीकी प्राक्कलन तैयार कर टेंडर प्रक्रिया



शुरू करने का आग्रह किया गया। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश प्रतिनिधि विरेन्द्र कुमार सिंह प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत सहकारिता विभाग के अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद जिला उपाध्यक्ष गोविंद राम जिला महासचिव ओमप्रकाश झा ओबीसी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रकाश कुमार युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रितेश तिवारी जिला सचिव मो. वारिस, डॉ. भैया असीम कुमार, बबलू सिंह, रूपेश कुमार, देव चव्हाण, विश्वास पासवान के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## शिक्षक नई तकनीक से कर रहे खेती किसानी, काफी मेहनत करते हैं हाजी मास्टर नुरूल होदा

**आदिवासी एक्सप्रेस/ लालू कुमार यादव**
**हुसैनाबाद पलामू।** पाण्डु प्रखंड कार्यालय से 02 किलोमीटर दूर पर स्थित एक गांव है। जिसका नाम है। मुसीखाप पंचायत के ग्राम कुसहा जो एक व्यक्ति से प्रेरणा लेने अति आवश्यक है ?जिनका नाम है। मास्टर हाजी नुरूल होदा उन्होंने संवाददाता को बताया कि मनुष्य को ज़िन्दगी में शिक्षा ज्ञान से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। शिक्षा बिना जिंदगी आधी अधुरी रहती है। शिक्षा है तो दुनिया जांहा सब कुछ है। अपने जीवनी के बारे बताया कि सन् 1974 इमरजेंसी के दौरान मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद सतबरवा में प्रशिक्षण प्राप्त के उपरांत 1977 में शिक्षक बने। और पहले पदस्थापना सबनवा हैदर नगर में प्रारंभ किया। और आज सेवानिवृत्त होने के बाद अपने पुस्तैनी जमीन में खेती कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को सुक्षाव दिया कि मेहनत करते रहे स्वास्थ्य लाभ के साथ ताजा ताजा सब्जियां और फलें खेतों में उगाएं। जिससे खानें को मिलेगा।अपने खेत के सब्जी और फल अन पैदा जैविक खेती की तरीके करते रहे। बहुत हद तक बिमार नहीं पड़ेंगे उन्होंने आज खेतों में विभिन्न प्रकार के फल उगाएं है। काजू,अंगुर, सेव, संतरा नींबू अमरूद जामुन,आम बागवानी देखने में काफी सुंदर लगता है। और इनके मेहनत देखकर एक किसान को इनसे मिलना चाहिए। और सलाह भी लेना चाहिए।अभी इनके खेतों में विभिन्न प्रकार के सब्जीयों लगा हुआ है। और दिन -रात खेतों में 70 वर्षो के उम्र के बाद भी मेहनत करते रहते हैं। यह शिक्षक हाजी मास्टर नुरूल होदा एक किसान के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए है। इसे बौद्धिक क्षमता से प्रामाणित हो गया की दुनिया में शिक्षा ज्ञान है। तभी सब कुछ है। अगर मनुष्य के पास शिक्षा है तो किसान हैं। नहीं तो जिंदगी आधी अधुरी रह जाएगी।



## गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार, लूटपाट और बेरोजगारी चरम पर : सुमन वर्मा

**जमुआ, प्रतिनिधि।** गठबंधन की सरकार में भ्रष्टाचार, लूटपाट और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। इस सरकार में किसी को भला नहीं होने वाला है। यह सरकार गरीबों की नहीं। उक्त बातें छात्र युवा नेता सुमन वर्मा ने कहा। उन्होंने कहा कि जमुआ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार से आम नागरिक परेशान हैं, अधिकारी अपने ऑफिस से रहते हैं नदारद, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि जमुआ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार हैं, कहा कि अंचल या प्रखंड कार्यालय में संबंधित अधिकारी के लिए चिन्हित ऑफिस उपलब्ध होने के बाद भी अधिकारी अपने कक्ष में नहीं बैठते हैं, और जहां-तहां अपने बिचौलियों के ऑफिस में बैठकर भ्रष्टाचार की उगाही करते हैं। अबुआ आवास, मनरेगा योजना, अंचल संबंधित, पंचायती राज्य, पेंशन, राशन सभी विभाग में भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को किसी भी क्षेत्र में रोजगार नहीं प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता का शोषण कर रही है। कहा कि ब्लॉक के अंतर्गत सभी विभागों में घूसखोरी चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं के लिए कहीं भी बिना रिश्वत का कोई कार्य नहीं होता है। इसके लिए सभी लोगों को प्रयास करते हुए घूसखोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है।



## करचैता में जामुन के पेड़ से गिरने पर एक किशोर की मौत

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**सतगावां कोडरमा।** सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करचैता निवासी शिवदानी प्रसाद यादव के पुत्र सचिन कुमार की मौत जामुन के पेड़ से गिरने के कारण हो गई । वह 14 वर्ष का था , बताया जाता है कि दो दोस्त गांव के बगल में ही जामुन खाने गया था , एक दोस्त नदी तरफ चला गया की कुछ देर में हम आते हैं इसी बीच सचिन जामुन के पेड़ पर चढ़ गया , पेड़ के सबसे पतले टहनी पर जामुन तोड़ने लगा और पेड़ के टहनी टूट गया और टहनी के साथ सचिन जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। जब उसका दोस्त देखा तो हो हल्ला करने पर ग्रामीण पहुंचे जहां सचिन को बेहोश पड़ा देखा , आनन - फानन में उसे कोडरमा ले जाने के क्रम रस्ते में सचिन की मृत्यु हो गई। मृतक सचिन मां- पिता के इकलौता पुत्र था, पिता दिल्ली में रहता है सूचना मिलते ही दिल्ली से गांव के लिए रवाना हो गए वही परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है एवं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



## जुआ और नशा के खिलाफ पंचायत स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन

**जब तक लोग अपनों प्रति जागरूक नहीं होंगे तब तक नशा से छुटकारा मुश्किलः निशु कुमारी**


**इचाक (हजारीबाग)** इचाक प्रखंड के बरियठ पंचायत भवन मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. जिसमे मुख्य रूप से थाना प्रभारी संतोष कुमार , अंचलाधिकारी रामजी गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष सिंह, युवा नेता गौतम कुमार, मुखिया निशु कुमारी, पसस गोविन्द मेहता, सुजीत मेहता समेत सैकड़ो लोग सम्मिलित हुए.जागरूकता संगोष्ठी मे अंचलधिकारी रामजी गुप्ता ने कहाँ की नशा एक व्यक्ति विशेष मुद्दा नहीं है. समाज के लोग जब तक इस बिंदु पर



एकजुटता नहीं दिखाएंगे तब तक यह इसको खत्म करना मुश्किल है. विडिओ संतोष सिंह ने कहा की इचाक जुआ और नशा मे एक बहुत बुरा दौर से गुजर रहा.युवा का भविष्य युवा लोग ही बर्बाद कर रहे. जबतक सामाजिक दबाव पेडलर पर नहीं पड़ेगा तब तक पुर्ण रुप से मिटा नहीं पाएंगे. वही थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा की हमलोग के पास पुलिस बहुत कम है. और 88गांव व दो लाख आबादी वाले क्षेत्र मे सबो पर पहुंच पाना बहुत मुश्किल होता. फिर भी जो भी ड्रग्स पेडलर ड्रग्स का सप्लाई करता है उनको रंगों हाथ पकड़कर सुचना दीजिये,पुलिस कानूनी कार्यवाही करने से नहीं चूकेगी. वही युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की युवाओं का देश नशा का चपेट मे है. घर का एक सदस्य नशा का गिरफ्त मे आता तो परिवार के सभी सदस्यों को परेशानी का सामना करना पड़ता.बन्दुक की गोली से भी खतरनाक है ड्रग्स. गोली लगने के बाद तुरंत मौत होती लेकिन ये ड्रग्स तड़पा तड़पा कर पुरा परिवार को जान लेता.मुखिया निशु कुमारी ने सभी महिलाओ को सड़क पर उतरकर नशा व जुआ के खिलाफ उतरेंगे. जागरूकता अभियान मे ,मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार मेहता , राज्वल्लभ मेहता ,हेमंत कुमार ,महेंद्र ,तुलसी ,विकास कृष्ण चंद्रा,अनिल मेहता ,हुलास मेहता ,सिंपल मेहता ,पिंटू कुमार, संतोषी मेहता, अर्जुन कुमार ,अनूप मेहता ,महेश मेहता, विकास मेहता ,बोला मेहता इत्यादि समेत सैकड़ो महिला पुरुष नशा नहीं करने का शपथ लिए।

# संक्षिप्त समाचार

## महाप्रबंधक ने रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा

**संवाददाता द्वारा**
**हाजीपुर।** महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज रामाशीष चौक, हाजीपुर स्थित रेलवे कॉलोनी का गहन निरीक्षण किया गया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने रेलवे कॉलोनी में साफ़-सफाई, रेलकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायज़ा लिया तथा कॉलोनी के साफ-साफई से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कॉलोनी में लगे हरियाली पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इसके साथ ही महाप्रबंधक महोदय द्वारा रेलवे कॉलोनी परिसर में स्थित पॉली क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।
निरीक्षण के क्रम में रेलवे कॉलोनी के कर्मचारीगण महाप्रबंधक महोदय से भेंट कर उन्हें कॉलोनी से संबंधित मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा जिस पर महाप्रबंधक महोदय ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पानी में आयरन की ज्यादा मात्रा के मद्देनजर वाटर प्यूरीफायर प्लांट लगाने तथा कॉलोनी के ड्रेनेज सिस्टम को और बेहतर बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, मूंगथला में दो साल से संचालित अवैध क्लिनिक बंद



**फूल शंकर डामोर उदयपुर**
**आबू रोड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी के निर्देशन में चिकित्सा विभाग द्वारा शुक्रवार को आबू रोड ब्लॉक के मूंगथला गांव में अवैध रूप से संचालित एक क्लिनिक पर कार्यवाही की गई। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. एस.पी. शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके पर पहुंच कर भेराराम मेघवाल पुत्र धनाराम द्वारा पिछले दो वर्षों से अधिक समय से संचालित अवैध क्लिनिक का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी चिकित्सकीय योग्यता एवं वैध पंजीयन के अभाव में मरीजों का उपचार कर रहा था।
मौके पर मौजूद टीम ने नियमानुसार क्लिनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया एवं झोलाछाप भेराराम मेघवाल को पुलिस के सुपुर्द कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई आरंभ कर दी। चिकित्सा विभाग की टीम में चनार पीएचसी प्रभारी डॉ. सलीम, वाहन चालक हनुवंत सिंह देवड़ा सहित अन्य स्वास्थ्य कार्मिक भी उपस्थित रहे।
सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि झोलाछाप के विरुद्ध विभाग द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध चिकित्सा गतिविधियों के कारण आमजन के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि उपचार हेतु केवल पंजीकृत एवं अनुभवी चिकित्सकों से ही चिकित्सा परामर्श प्राप्त करें तथा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना विभाग को तत्काल उपलब्ध करावें। चिकित्सा विभाग की ओर से ऐसे झोलाछाप के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शाखा प्रबंधक को धन्यवाद देते साथ ही बच्चे जरूरत पढ कर आगे जायेगा



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** तालझारी नव प्रथामिक विद्यालय बोगा पहाड़ ,तालझारी में शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा लालमाटी के सौजन्य से विद्यालय में नामांकन सभी बच्चों को साबुन, चमनपरास , चोकलेट एवं पढ़ाई की सामग्री दी। ये सभी सामग्री बच्चों की पढ़ाई एवं स्वास्थ्य संबंधित काम आएगी। शाखा प्रबंधक रत्नेश नारायण ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक न केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है बल्कि सामाजिक दायित्व को भी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे देश के भविष्य हैं बच्चे पढ़ाई में ध्यान दें और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। वही विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मरियम पहाडिन ने कहा कि आदिम जन जाति के बच्चो के प्रति आपका सोच सकारात्मक इसके लिये शाखा प्रबंधक को धन्यवाद देते साथ ही बच्चे जरूरत पढ कर आगे जायेगा। उपाध्यक्ष बाजा पहाड़ियां ने कहा बच्चे मन लगाकर पढ़ें ताकि गांव में पढ़ा के प्रति लोग जागरूक हो। इस दौरान प्रधान शिक्षक नवनीत कुमार , प्रबंधन समिति अध्यक्ष मरियम पहाडिन , उपाध्यक्ष बाजा पहाड़ियां , सदस्य विश्वनाथ पहाड़ियां सहित बच्चे मौजूद थे।

## बाइक दुर्घटना में एक युवक घायल, सीएचसी में उपचार



**बालूमाथ।** बालूमाथ चतरा से पलामू की ओर जा रहे एक युवक की बाइक बारियातू थाना क्षेत्र के सहदेव पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। युवक की पहचान अजित कुमार दांगी (उम्र 25 वर्ष),पिता सुरेंद्र दांगी, निवासी चतरा के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही बरियातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को त्वरित कार्रवाई करते हुए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ. प्रकाश बड़ाइक के द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉ. बड़ाइक ने बताया कि युवक को हल्की चोटें आई हैं और वह पूर्णतः खतरे से बाहर है। प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे निगरानी में रखा गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बाइक की गति तेज थी,जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटना हो गई।

# बरहरवा-कोटालपोखर अवैध कारोबार पर बड़ा खुलासा: वायरल ऑडियो ने खोली तंत्र की पोल, सीओ पर उठे सवाल

**अजय कुमार कुशवाहा**
**आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो**
**साहिबगंज।** बरहरवा अंचल में पत्थर परिवहन के अवैध कारोबार और प्रशासनिक तंत्र की सांठगांठ को लेकर एक सनसनीखेज ऑडियो वायरल हुआ है, जिसने पूरे जिले में हलचल मचा दी है। वायरल ऑडियो में एक डिजिटल मीडिया चैनल के संवाददाता और बरहरवा अंचलाधिकारी की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवान हाजिकुल के बीच बातचीत हो रही है, जिसमें स्पष्ट रूप से अवैध गतिविधियों के बदले प्रतिदिन 2000 रुपये मजिस्ट्रेट को देने की बात की जा रही है।
ऑडियो में होमगार्ड कहता है–सीओ साहब रिस्क नहीं लेंगे, अगर गाड़ी चलेगी, आप प्रतिदिन 2000 रुपये




चेकनाका पर तैनात मजिस्ट्रेट से ले लीजिएगा। इस कथन से न केवल प्रशासनिक तंत्र पर सवाल उठे हैं, बल्कि यह भी संकेत मिलता है कि कैसे मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी तक इस कथित वसूली तंत्र का हिस्सा हो सकते हैं।
रिपोर्टिंग से समझौता या वसूली की साज़िश?
ऑडियो में पत्रकार की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होती है। बातचीत से ऐसा लगता है कि पत्रकार ने पूर्व में अवैध पत्थर परिवहन के खिलाफ रिपोर्टिंग की थी और अब उसी मुद्दे पर मैनेजमेंट या समझौते की दिशा में बातचीत की जा रही थी। इसमें होमगार्ड हाजिकुल की भूमिका एक बिचौलिए जैसी सामने आती है, जो प्रशासन और मीडिया के बीच मध्यस्थ की भूमिका में है।
मजिस्ट्रेट से वसूली के गंभीर आरोप
मजिस्ट्रेट से प्रतिदिन 2000 की लेन-देन की बात इस पूरे प्रकरण को और भी गंभीर बना देती है। सवाल उठता है कि:
क्या मजिस्ट्रेट वाकई वसूली में शामिल हैं?
क्या उनकी तैनाती केवल अवैध वसूली सुनिश्चित करने के लिए की गई है?
क्या स्थानीय प्रशासन का पूरा ढांचा इस काले कारोबार में लिप्त है?
बरहरवा-कोटालपोखर: अवैध खनन का गढ़
बरहरवा अंचल और कोटालपोखर थाना क्षेत्र वर्षों से अवैध खनन और पत्थर परिवहन का हॉटस्पॉट रहे हैं। स्थानीय लोगों की माने तो अधिकारियों, ठेकेदारों और बिचौलियों के गठजोड़ ने पूरे इलाके को अवैध आर्थिक गतिविधियों का अड्डा बना दिया है। अब इस गठजोड़ में कथित तौर पर कुछ पत्रकारों की भी भागीदारी सामने आ रही है।

**ज़रूरत है निष्पक्ष जांच की**
यह मामला केवल ऑडियो रिकॉर्डिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे तंत्र की पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर सवाल खड़े करता है। आवश्यक है कि, वायरल ऑडियो की फोरेंसिक जांच कराई जाए। सीओ, मजिस्ट्रेट और होमगार्ड हाजिकुल की भूमिका की स्वतंत्र एजेंसी से जांच हो। बरहरवा व कोटालपोखर के चेकनाका रजिस्टर, पास जारी दस्तावेज और पत्थर परिवहन के रिकॉर्ड की भी गहन पड़ताल की जाए।
क्या कहते हैं अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल?
पूरे मामले पर जब राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, मामले की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।
बरहरवा अंचलाधिकारी और उनके सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवान हाजिकुल से इस विषय में पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक संपर्क नहीं हो पाया।
यह ऑडियो एक बार फिर झारखंड के संवेदनशील क्षेत्रों में प्रशासनिक भ्रष्टाचार और अवैध खनन तंत्र की भयावह सच्चाई को उजागर करता है। जब तक इस तरह के मामलों की पारदर्शी जांच नहीं होती और दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक न तो अवैध कारोबार रुकेंगे और न ही लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस-2025 पखवाड़ा में अर्पिता महिला मंडल ने किया वृक्षारोपण

**संवाददाता द्वारा**
पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने अर्पिता महिला मंडल के सहयोग से गांधी नगर स्थित कार्यकारी छात्रावास प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस-2025 पखवाड़ा का समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया। इस वर्ष आयोजन की थीम रही - ÷एक पेड़ माँ के नाम।
इस अवसर पर सीसीएल परिवार के 250 से अधिक सदस्य, जिनमें अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे, पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। भवनात्मक जुड़ाव से प्रेरित इस अभियान के तहत 75 पौधे रोपे गए और 100 से अधिक पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अपने घरों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनने



के लिए प्रेरित किया गया।
यह आयोजन 1 जून से चल रहे 'पर्यावरण जागरूकता पखवाड़ा' का समापन कार्यक्रम था। इस दिन कर्मचारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पूर्व में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने हेतु भव्य पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया।
कार्यक्रम का नेतृत्व अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह ने किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा,÷प्रकृति की रक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सभी को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर अगली पीढ़ी के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने फलों के बीजों के पुनः उपयोग द्वारा प्राकृतिक बीज प्रसार को प्रोत्साहित करने की अपील की, और एकल-प्रयोग प्लास्टिक के उन्मूलन को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।÷
इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती रीता तिवारी, श्रीमती रूपा रानी और श्रीमती इंदु मिश्रा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने पर्यावरण संतुलन, महिला सहभागिता और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।
÷एक पेड़ माँ के नाम÷ सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि धरती माँ के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण के लिए साझा जिम्मेदारी की एक सशक्त अभिव्यक्ति है। यह आयोजन सीसीएल द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की जीवंत मिसाल है।
ज्ञात हो कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 05 जून, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान की शुरुआत की गई थी।

## असम से एनडीए के दो उम्मीदवार राज्यसभा में जिते निर्विरोध




**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
असम से एनडीए के दो उम्मीदवार, असम गण परिषद के बीरेंद्र प्रसाद बैश्य ओर भाजपा के कणाद पुरकायस्थ असम से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए हैं। असम के खाली हुए दो राज्यसभा के आसनों के लिए विपक्षी दलों ने राज्यसभा चुनाव के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि कल गुरुवार 12 तारीख तक थी। कल तक कोई दूसरा उम्मीदवार विपक्ष द्वारा नहीं दिए जाने के बाद असम गण परिषद के बीरेंद्र प्रसाद बैश्य ओर भाजपा के कणाद पुरकायस्थ को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। हालांकि दोनों राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 19 जून को होने थे।पुरकायस्थ राज्यसभा सीट जीतने के बाद सांसद के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे। वे राज्य के सिलचर से वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री कबीर पुरकायस्थ के पुत्र हैं। कणाद पुरकायस्थ अब भाजपा की राज्य इकाई के सचिव हैं। असम गण परिषद के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र प्रसाद बैश्य तीसरी बार सांसद के उच्च सदन के सदस्य होंगे और उन्होंने लोकसभा में भी अपना कार्यकाल पूरा किया है। असम में राज्यसभा की सात सीटें हैं, जिनमें से चार भाजपा के पास हैं और एक-एक उसके सहयोगी एजीपी और यूपीपीएल के पास है। एक सीट का प्रतिनिधित्व एक निर्दलीय सांसद करता है।

## हिमंत बिस्वा सरमा ने गलत हरकत 'देखते ही गोली मारने' के दिए आदेश

**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज शुक्रवार को राज्य के धुबरी जिले में एक समूह के सक्रिय होकर गलत हरकतें करने के बाद उनको देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं। वे हिंदुओं के मंदिरों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से सक्रिय हुआ है। इसलिए उसके खिलाफ यह सख्त आदेश जारी किया गया है। एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक संदेश में, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि, हमारे मंदिरों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से धुबरी में एक विशेष समूह सक्रिय हो गया है। हमने उन्हें देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं। एक्स पर एक अन्य पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जिले की स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को धुबरी का दौरा किया और यदि आवश्यक हुआ, तो फिर से दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने धुबरी के निवासियों से सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा, असम सरकार आपके साथ है। मुख्यमंत्री सरमा ने अपने पोस्ट में लिखा, मैंने धुबरी के लोगों को आश्वासन दिया कि किसी को भी डर में रहने की जरूरत नहीं है। सरकार उनके साथ हैं।



# असम के कामरूप ज़िले में राज्य के मंत्री चंद्रमोहन पटवारी ने किया अरुणोदय 3.0 योजना की समीक्षा

**पंकज नाथ**
**आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
असम के कामरूप ज़िले में अरुणोदय 3.0 योजना की समीक्षा मंत्री चंद्रमोहन पटवारी ने किया । असम सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के मंत्री तथा कामरूप जिले के अभिभावक मंत्री चंद्रमोहन पटवारी ने आज यह निर्देश दिया कि सभी योग्य लाभार्थियों को अरुणोदय 3.0 योजना के तहत शामिल किया जाए। आज कामरूप जिले के अमिनगांव स्थित समेकित जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अरुणोदय 3.0 के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में उपस्थित होकर मंत्री ने यह निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित



ब्लॉक विकास अधिकारियों को अपने-अपने विकास खंड के अंतर्गत अरुणोदय 3.0 के लिए लाभार्थी चयन के समय यह सुनिश्चित करने को कहा कि पहले, यानी अरुणोदय 2.0 के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे योग्य लाभार्थी किसी भी कारणवश बाहर न हों। बैठक में मंत्री ने लाभार्थियों के आवेदन पत्रों के डिजिटलीकरण और योजना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी समीक्षा की। इसी बैठक में उन्होंने कामरूप जिले में मुख्यमंत्री की एटी कोली, डूटी पात योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान और मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम अभियान के कार्यान्वयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की। बैठक में रंगिया के विधायक भवेश कलिता, कमलपुर के विधायक दिगंता कलिता, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी हेमंत चौधरी, कामरूप के जिला आयुक्त देव कुमार मिश्रा, कामरूप जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ गोस्वामी, जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता, जिला स्तरीय समिति के सदस्य अंजन गोस्वामी, विधायकों के प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आज की बैठक में कल अहमदाबाद में हुई दुखद विमान दुर्घटना में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन प्रार्थना भी की गई।

# माननीय मंत्री श्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में आगामी राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन

- सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ देवतुल्य श्रद्धालुओं को बाबा नगरी में बेहतर अनुभूति की हो प्राप्तिः माननीय मंत्री
- सभी टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के आवासन की सुविधा को किया जाएगा वृहत और बेहतर
- सम्पूर्ण मेला क्षेत्र के साथ देवघर नगरी को भव्य तरीके से करे सुसज्जित
- मेला क्षेत्र में पेयजल, शौचालय, स्नानगृह के साथ मिस्टकूलिंग और इंद्र वर्ष की संख्या में किया जाएगा इजाफा

**राजा कुमार का रिपोर्ट**
राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर (Out of turn Darshan) VIP, VVIP दर्शन पर पूर्ण रूप से रहेगा रोक- माननीय मंत्री
आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को और भी बेहतर सुविधा मुहैया कराने का किया जा रहा है कार्य.
मेला क्षेत्र में क्यू आर कोड के माध्यम से फीडबैक सिस्टम को डेवलप किया जायेगा, ताकि श्रद्धालुओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके
देवघर और बासुकीनाथ के बीच आवागमन में श्रद्धालुओं को न हो किसी प्रकार की असुविधा
राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारी को 05 जुलाई तक करे पूर्ण- माननीय मंत्री
आज दिनांक 13.06.2025 को माननीय मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग श्री सुदिव्य कुमार की



अध्यक्षता में आयोजित आगामी राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन देवघर परिसदन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त देवघर श्री नमन प्रियेश लकड़ा एवं उपायुक्त दुमका श्री अभिजीत सिन्हा ने एक-एक कर विभागवार मेला क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व नये तकनीकों के उपयोग से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया।
इसके अलावे बैठक के दौरान माननीय मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग श्री सुदिव्य कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि 11 जुलाई से 09 अगस्त तक राजकीय श्रावणी मेला की तिथि निर्धारित है। ऐसे में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली तैयारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष रूप से इंतजाम करने की आवश्यकता है, ताकि बाहर से आने देवतुल्य श्रद्धालु सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो। साथ ही उन्होंने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर (आउट ऑफ टर्न दर्शन) भीआईपी, भीभीआईपी दर्शन पर पूर्ण रूप से बंद रहने की बात कही, ताकि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि झारखण्ड राज्य का सबसे बड़ा मेला है, ऐसे में मेला के दौरान श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से मधुर स्मृति लेकर वापस लौटे यह हम सभी की जिम्मेवारी व जवाबदेही है। आगे राजकीय श्रावणी मेला के दौरान की जाने वाली तैयारियों की विभगार समीक्षा के क्रम में विद्युत आपूर्ति, पथ निर्माण विभाग, नगर निगम, जनसम्पर्क विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भवन प्रमंडल एवं पुलिस विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए 05 जुलाई तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

**आधुनिक तकनीक और समर्पण भाव से करे कार्य**
समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अन्तर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से बनाये जाने वाले ओ0पी0, ट्रैफिक ओ0पी0, स्वास्थ्य केन्द्र, सूचना सह सहायता केन्द्र, विद्युत केन्द्र, पर्यटन केन्द्र, मातृत्व विश्राम गृह, के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये जाने वाले टेंट सीटी, मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, स्नानगृह, कूड़ेदान, साफ-सफाई व कचड़ा उठाव की व्यवस्थाओं को चौबिसों घंटे दुरूस्त रखने का निदेश दिया। साथ ही मेला क्षेत्र में पथ प्रकाश, साज-सज्जा, तोरण द्वार एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर सुरक्षात्मक उपायों के अलावा वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था की स्थिति को दुरूस्त करने का निदेश दिया। आगे उन्होंने तीन स्थलों पर बनाये जाने वाले टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के आवासन की सुविधा को बेहतर और वृहत करने का निर्देश दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को आवासन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा गर्मी और उमस से निजात के उद्देश्य से मिस्टकूलिंग और इंद्र वर्ष की संख्या में इजाफा करने का निर्देश दिया गया है। साथ देवघर और बासुकीनाथ के बीच आवागमन में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसको लेकर जिला स्तर के अधिकारियों एवं नेशन हाइवे के अधिकारियों आपसी समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने मेला क्षेत्र में क्यू आर कोड के माध्यम से फीडबैक सिस्टम को बेहतर तरीके से मेला में उपयोग करने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया जा सके, जिसके पश्चात संबंधित विभाग के द्वारा त्वरित समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इसके अलावे गर्मी को ध्यान में रखते हुए इंद्र वर्षा, मिस्ड कूलिंग सिस्टम की संख्या बढ़ाने के साथ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी बेहतर करने की दिशा में कार्य करने का निदेश दिया। आगे समीक्षा बैठक के दौरान माननीय मंत्री ने अपने अपने आवंटित कार्यों के अलावा किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

# ये 5 दिन तक टिक पाएगा? इंग्लैंड टूर से पहले वैभव सूर्यवंशी को किसने दे दिया ओपन चैलेंज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । वैभव सूर्यवंशी : आईपीएल 2025 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचने वाले वैभव सूर्यवंशी चर्चा में बने रहते हैं. 14 साल का ये खिलाड़ी अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर जाने वाला है, जिसकी शुरुआत 27 जून से होने वाली है. मगर, इससे पहले वैभव को खुला चैलेंज मला है. पूर्व क्रिकेटर ने सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं कि क्या वैभव 5 दिन तक मैदान पर टिक भी पाएंगे.

**Vaibhav Suryavanshi को मिला चैलेंज**

आईपीएल में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से बड़े-बड़े रिकॉर्ड बनाने वाले 14 साल के वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड जाने की तैयारी कर रहे हैं. आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है. मगर, इससे पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने इस युवा खिलाड़ी पर प्रतिक्रिया दी.



योगराज सिंह ने वैभव को लेकर कहा, मुझे लगता है कि वैभव की असली परीक्षा टेस्ट क्रिकेट होगा. देखना ये होगा कि क्या वह पांच दिन तक टिक सकते हैं? 50 ओवर का गेम ठीक है. 20 ओवर का गेम भी ठीक है. मैं इन फॉर्मेट्स को नहीं मानता, लेकिन, अब ये फॉर्मेट्स हैं तो आपको तीनों फॉर्मेट्स में खेलने के लिए फिट होना चाहिए. आप संघर्ष क्यों करते हैं? क्योंकि आप सिर्फ ज्ञ20, ढ्ढक्क और 50 ओवर पर ध्यान देते हैं. आज तो 50 ओवर भी नहीं खेल सकते हैं हम लोग.%

**IPL 2025 में वैभव ने मचाया धमाल**

Vaibhav Suryavanshi की उम्र तब सिर्फ़ 13 साल थी जब राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें पिछले साल हुए मेगा ऑक्शन के दौरान 1.1 करोड़ में खरीदा था. उन्होंने 19 अप्रैल को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपना आईपीएल डेब्यू किया, जिसमें शार्दुल ठाकुर की पहली ही गेंद पर उन्होंने छक्का जड़ा. उस पल के बाद से वैभव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार आगे बढ़ते गए. वैभव ने आईपीएल 2025 में सिर्प 35 गेंद पर शतक लगाया और सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय क्रिकेटर बने. आंकड़ों की बात करें, तो उन्होंने 7 मैचों में उन्होंने 36 की औसत और 206.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए.

# टीम इंडिया को इंग्लैंड में छोड़कर अचानक भारत लौटे Gautam Gambhir, वजह भी आई सामने!

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम मौजूदा समय में इंग्लैंड में है और अपकमिंग टेस्ट सीरीज की तैयारियों में जुटी हुई है. खिलाड़ियों के साथ हेड कोच गौतम गंभीर भी इंग्लैंड गए थे, लेकिन अब अपडेट सामने आ रही है कि हेड कोच गौतम गंभीर अचानक इंग्लैंड से भारत लौट रहे हैं. हालांकि, बोर्ड या गंभीर की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है.



**अचानक भारत क्यों लौटे गौतम गंभीर?**

भारतीय हेड कोच टीम के खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना हुए थे और वहां अपकमिंग सीरीज की तैयारी करवा रहे हैं. मगर, अब रिपोर्ट्स के हवाले से खबर आई है कि गंभीर फैमिली इमरजेंसी के चलते अचानक भारत लौट रहे हैं. बताया जा रहा है कि गौतम गंभीर की मां फिलहाल ढ्ढष्ट में हैं, जहां डॉक्टर उनकी सेहत पर लगातार नजरें जमाए हैं. हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. बता दें, फिलहाल इंग्लैंड-भारत के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज के शुरू होने में अभी लगभग एक हफ्ते का वक्त है. ऐसे में गंभीर वक्त पर वापस भी लौट सकते हैं.

**तैयारियों में जुटी हुई है शुभमन गिल की टीम**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाने वाली है, जिसका पहला मुकाबला 20 जून से शुरू होगा. शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम पिछले हफ्ते ही इंग्लैंड आ गई थी और तैयारियों में जुट गई. बताते चलें, रोहित शर्मा के टेस्ट रिटायरमेंट के बाद शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान चुना गया और ऋषभ पंत को उपकप्तान चुना गया है.

# 19 छक्के, 296 का स्ट्राइक रेट, फिन एलेन बने नए 'सिक्सर किंग', तोड़ दिया क्रिस गेल का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**एजेंसी**

**न्यूजीलैंड** । न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने मेजर लीग क्रिकेट (MLC) 2025 सीजन के पहले ही मैच में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए क्रिस गेल का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है. एलन ने अपना रिकॉर्ड 19वां छक्का जड़ते हुए केवल 49 गेंदों में 150 रन पूरे किए, जो टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन हैं. इसी के साथ एलन के इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए अधिकतम स्कोर ने क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के 18-18 छक्कों के पिछले बेस्ट रिकॉर्ड को तोड़ दिया और मेन्स टी20 पारी में छक्कों का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया.

**फिन एलेन ने रचा इतिहास**

मेजर टी-20 लीग 2025 के पहले ही मैच में एक रिकॉर्डतोड़ मैच देखने को मिला. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की तरफ से ओपनिंग करने आए फिन एलेन ने तो तहलका मचा दिया. उन्होंने शुरू से ही गेंद अटैक किया और पावरप्ले के अंदर ही 14 गेंदों पर 5 छक्कों की मदद से 40 रन बनाए. 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 20 गेंदों पर 50 रन बनाने के बाद से ही आक्रमण को और तेज कर दिया. आक्रामक कीवी सलामी बल्लेबाज ने 2 बार 1 ओवर में 3 छक्के लगाए और मात्र 34 गेंदों में अपना चौथा टी-20 शतक पूरा किया, जो कि मेजर टी-20 लीग का सबसे तेज शतक और न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे तेज टी-20 शतक बन गया. एलन ने 17वें ओवर में रिकॉर्ड 19वां छक्का जड़कर पांच और छक्के जड़ दिए, इससे पहले कि वह अगले ओवर में अपना 20वां छक्का लगाते हुए आउट हो जाते.





**एलेन ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड**

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने इस तूफानी पारी के दौरान 19 छक्के जड़े और यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल का सालों पुराना रिकॉर्ड धराशाही कर दिया. एलेन ने क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के 18-18 छक्कों के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को तोड़ दिया और पुरुषों की टी20 पारी में छक्कों का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. अब एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड फिन एलेन के नाम पर दर्ज हो गया है.

बताते चलें, फिन एलेन की इस तूफानी पारी की बदौलत पिछले सीजन की रनर-अप रही यूनिकॉर्न्स ने मौजूदा चैंपियन वॉशिंगटन फ्रीडम को 270 रनों का लक्ष्य दिया है.

# BCCI के पीठ पीछे साजिश कर रहा PCB, एशिया कप की चर्चा के बीच सामने आ गया उसका पूरा प्लान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इस साल सितंबर महीने में एशिया कप का आयोजन होगा या नहीं? पाकिस्तान की टीम भारत आएगी या नहीं? फिलहाल ये सवाल सिर्फ सवाल हैं... पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जब एशिया कप का होना मुश्किल दिख रहा है, तो पाकिस्तान एक अलग ही तैयारी में है. रिपोर्ट्स के हवाले से खबर आई है कि पाकिस्तान ट्राई सीरीज कराने की तैयारी में है, जिसके लिए उसने संपर्क साधना भी शुरू कर दिया है.

**ट्राई सीरीज की तैयारियों में जुटा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड**

सितंबर में होने वाले एशिया कप की मेजबानी भारत के पास है. लेकिन, पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अब एशिया कप का आयोजन सितंबर में होना मुश्किल लग रहा है. इस मामले पर लगातार पाकिस्तान की ओर से बयानबाजी भी चल रही है, मगर बीसीसीआई ने इसपर अब तक कोई अपडेट नहीं दी है. मगर, अब पाकिस्तान ने प्लान बी तैयार करना शुरू कर दिया है.



PCB के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी को बताया, अब जबकि एशिया कप के सितंबर में भारत में आयोजित होने की संभावना कम है, PCB एक ट्राई सीरीज प्रस्ताव पर काम कर रहा है.

**ये 2 देश हो सकते हैं शामिल**

अगर एशिया कप रद्द या फिर स्थगित होता है तो पाकिस्तान ट्राई सीरीज कराना चाहता है, जिसका खुलासा रिपोर्ट्स के माध्यम से हुआ है. इसके लिए क्चष्टक्च चाहता है कि अफगानिस्तान और यूएई की टीमें इस ट्राई सीरीज में हिस्सा ले. सूत्र ने आगे बताया, ÷अगर एशिया कप कैंसिल या स्थगित किया जाता है, तो क्चष्टक्च चाहता है कि अफगानिस्तान और UAE की टीमें अगस्त में पाकिस्तान में ट्राई सीरीज खेलें.

बताते चलें, एशिया कप की मेजबानी तो भारत के पास है, मगर अभी बीसीसीआई की तरफ से क्लीएरिटी नहीं मिली है कि टूर्नामेंट तय समय पर होगा या आगे बढ़ाया जाएगा.

# 'इससे तकलीफ होती है', 10 दिन में 2 फाइनल हारने पर छलका Shreyas Iyer का दर्द

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर एक बेहतरीन कप्तान हैं, मगर पिछले 10 दिनों में उन्हें 2 फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है. पहले आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स की टीम हारी और अब मुंबई टी-20 लीग में अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कन्स हारकर ट्रॉफी जीतने से चूक गई. 5 विकेट से फाइनल हारी Shreyas Iyer की टीम

मुंबई टी-20 लीग में लीग स्टेज पर शानदार प्रदर्शन करते हुए सोबो मुंबई फाल्कन्स और मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल तक का सफर किया था. इस मैच में टॉस हारकर श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी. जहां, 20 ओवर में टीम ने 157 रन बोर्ड पर लगाए. लेकिन, टीम इस स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाई और मराठा रॉयल्स ने 5 विकेट से इस मैच को जीतकर ट्रॉफी उठाई.

**क्या बोले श्रेयस अय्यर?**

मुंबई टी-20 लीग के फाइनल मैच में मिली हार के बाद श्रेयस अय्यर काफी निराश दिखे. उन्होंने 10 दिनों में 2 फाइनल खेलने को लेकर श्रेयस



अय्यर ने कहा, ये काफी हेक्टिक है. खास तौर पर जब आप हारते हैं, तो ये आपके माइंड में चलता रहता है. जिस तरह से सभी लोग बड़ी संख्या में आए, वह देखने लायक था. पूरा स्टेडियम भरा हुआ था. आने और सपोर्ट करने के लिए सभी का शुक्रिया. मैं किसी खास घटना का जिक्र नहीं करना चाहता. हमारे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया. हमने फाइनल तक पहुचने के लिए दौरान सिर्फ एक ही मैच गंवाया. सिर्फ एक गेम, जिसमें आप किसी पर भी निशाना नहीं साध सकते. ये मूल रूप से पीठ में छुरा घोंपना है और मुझे ये पसंद नहीं है. हमने इससे काफी कुछ सीखा.

**अय्यर ने बढ़ाया हौसला**

Shreyas Iyer ने आगे कहा, फाइनल हारकर निराश होना नॉर्मल है. इससे तकलीफ होती है. लेकिन, जब वह अगले सीजन आएंगे, तो उनके पास मोटिवेशन और कॉन्फिडेंस होगा. इसलिए उन्हें अपने प्रयासों पर गर्व होना चाहिए. टीम में कई खिलाड़ी ऐसे थे, जिनके पास ज्यादा अनुभव नहीं था और 20 हजार लोगों के सामने खेलना भी आसान नहीं था. मैं वहां रहा, मैंने ऐसा किया. जब आप घबरा जाते हैं, तो आप गलतियां करते हैं, लेकिन ये आपको बहुत कुछ सिखाता है, आप मजबूती से वापसी करते हैं.

# SCO vs NED: नीदरलैंड ने किया बड़ा कारनामा, जिसके कारण हर तरफ बज रहा है उनकी जीत का डंका

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** SCO vs NED: नीदरलैंड की टीम ने क्रिकेट के मैदान पर एक बड़ा कारनामा कर दिखाया है, जिसकी चर्चा हर तरफ हो रही है. नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की और इस दौरान 370 रनों के लक्ष्य को हासिल किया, जो वनडे क्रिकेट का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज बन गया.

**4 विकेट से नीदरलैंड ने जीता मैच**

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग टू 2023-2027 के दौरान स्कॉटलैंड का सामना नीदरलैंड से हुआ. इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम की ओर से शानदार बल्लेबाजी देखने को मिली, जिसने अपने सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से ने 6 विकेट के नुकसान पर 369 रन बोर्ड पर लगाए.



जवाब में नीदरलैंड के ओपनर Max ODowd ने 158 रनों की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. नतीजन, नीदरलैंड ने 4 गेंद रहते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया और 4 विकेट से एक अहम जीत दर्ज की.

**वनडे क्रिकेट का तीसरा सबसे बड़ा रनचेज**

नीदरलैंड ने वनडे मुकाबले में स्कॉटलैंड को 4 विकेट से हराकर एक अहम जीत दर्ज की. इस दौरान टीम ने 370 रनों के लक्ष्य को आखिरी ओवर में हासिल किया, जो वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज बन रहा. आपको बता दें, वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के नाम पर दर्ज है. टीम ने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 438 रन चेज किए थे. लिस्ट में दूसरा नाम भी साउथ अफ्रीका का ही है. वहीं, अब लिस्ट में तीसरा नाम नीदरलैंड का शामिल हो गया है, जिसने 370 रनों का सफलतापूर्वक रन चेज किया.

# ये हैं भारत के 5 रईस क्रिकेटर्स, जिनके पास है खुद का प्राइवेट जेट





**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। दौलत.. शौहरत... और हर वो चीज भारतीय क्रिकेटर्स की जेब में है, जिसका कोई भी सपना देखता है. बीसीसीआई अपने क्रिकेटर्स को मोटी सैलरी तो देती ही है. मगर, एडवरटाइजमेंट्स और सोशल मीडिया से भी खिलाड़ी खूब कमाई करते हैं. ऐसे में उनका अल्ट्रा लग्जरी लाइफ जीना स्वभावित है. महंगी गाड़ियां, लग्जरी वॉच, करोड़ों के घर आदि के अलावा भारत में कुछ ऐसे क्रिकेटर्स भी हैं, जिनके पास प्राइवेट जेट भी हैं. तो आइए इस आर्टिकल में आपको उन 5 क्रिकेटर्स के बारे में बताते हैं, जिनके पास ये लग्जरी मौजूद है.

**सचिन तेंदुलकर**

पूर्व भारतीय दिग्गज और क्रिकेट की दुनिया में भगवान माने जाने वाले सचिन तेंदुलकर को संन्यास लिए कई साल बीत चुके हैं, मगर वह आज भी नेटवर्थ के मामले में भारत के नंबर-1 क्रिकेटर हैं. महंगी कार और मुंबई में लग्जरी घर के अलावा सचिन के अलावा वह एक प्राइवेट जेट के भी मालिक हैं. रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है कि, भारतीय क्रिकेटरों में सबसे महंगा प्राइवेट जेट सचिन तेंदुलकर के पास ही है और इसकी कीमत लगभग 260 करोड रुपए आंकी जाती है.

**कपिल देव**

भारत को पहला वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान कपिल देव भी इस लिस्ट में शुमार हैं, जिनके पास अपना प्राइवेट जेट है. कपिल देव वैसे तो सादगी से जीना पसंद करते हैं और बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते हैं. दिग्गज के पास जो प्राइवेट जेट है, उसकी कीमत लगभग 110 करोड़ रुपए आंकी जाती है.

**हार्दिक पांड्या**

अपनी लग्जरी लाइफ को फ्लॉन्ट करने वाले हार्दिक पांड्या सुर्खियों में बने रहते हैं. करोड़ों की गाड़ी और घड़ियां पहनने वाले हार्दिक भी उन चुनिंदा भारतीय क्रिकेटर्स में शुमार हैं, जिनके पास अपना प्राइवेट जेट है. हालांकि, सचिन, विराट और धोनी की तुलना में उनका प्राइवेट जेट सस्ता है, जिसकी कीमत 40 करोड़ रुपये से ज्यादा है.

**एमएस धोनी**

भारत के ही नहीं दुनिया के सबसे सफल कप्तानों में शुमार एमएस धोनी भले ही इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके हो, लेकिन वह अभी भी आईपीएल में खेलकर अपने फैंस को रोमांचित करते हैं. माही भी उन क्रिकेटर्स में से एक हैं, जिनके पास प्राइवेट जेट है. रिपोर्ट्स के अनुसार, धोनी के इस प्राइवेट जेट की कीमत सचिन के प्राइवेट जेट के बराबर ही है. दोनों की कीमत लगभग 260-260 करोड़ रुपये बताई जाती है.

**विराट कोहली**

पूर्व भारतीय कप्तान और 2 दशक तक वर्ल्ड क्रिकेट में अपने नाम का डंका बजाने वाले विराट कोहली मौजूदा समय में भारत के सबसे अमीर क्रिकेटर्स में आते हैं. तो ऐसे में जाहिर तौर पर उनके पास हर वो लग्जरी है, जिसका एक आम इंसान सपने देखता है.

कोहली उन क्रिकेटर्स में शुमार हैं, जिनके पास प्राइवेट जेट है. रिपोर्ट्स की मानें, तो कोहली के इस प्राइवेट जेट की कीमत 125 करोड़ रुपये है. हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है.

# संजय कपूर की पहली पत्नी नंदिता का विराट कोहली से है खास कनेक्शन

## क्रिकेटर के लिए कर चुकी हैं ये काम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। करिश्मा कपूर और उनके एक्स पति संजय कपूर का रिश्ता कैसा था, ये तो सभी जानते हैं. कैसे दोनों की शादी हुई और फिर किस तरह कपल तलाक लेकर अलग हो गए. संजय ने 3 शादियां कीं और दूसरी वाइफ करिश्मा रहीं. मगर, क्या आप संजय की पहली पत्नी नंदिता महतानी के बारे में जानते हैं, जिनके रिलेशनशिप के चर्चों के बारे में तो आपने सुना ही होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनका एक खास कनेक्शन भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली से भी है.

**कौन हैं नंदिता महतानी?**

संजय कपूर ने 3 शादियां की थीं. उनकी पहली पत्नी नंदिता महतानी थीं, जिसके साथ उनकी शादी 4 साल ही चल पाई थी और फिर दोनों अलग हो गए थे. बात करें, नंदिता की तो वह एक जानी मानी फैशन डिजाइनर हैं जो दो दशकों से भी अधिक समय से फैशन इंड्रस्ट्री में हैं.

वह अपने कॉकटेल और रिसॉर्ट वियर कलेक्शन के लिए जानी जाती हैं, जिन्होंने भारत के साथ-साथ इंटरनेशनल लेवल पर लोकप्रियता हासिल की है.

अपने करियर के अलावा, वह कई हाई-प्रोफाइल रिश्तों से भी जुड़ी रही हैं। कथित तौर पर, उन्होंने अभिनेता डिनो मोरिया, रणवीर कपूर और विद्धुत जामवाल को डेट किया.

**क्या है विराट कोहली से कनेक्शन?**

जैसा कि हमने आपको बताया कि नंदिता महतानी पेशे से फैशन डिजाइनर हैं. 2012 से ही नंदिता कई सेलिब्रिटीज को स्टाइल कर चुकी हैं, जिसमें भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली का नाम भी शामिल है. नंदिता ने कहा था कि, %विराट की



इम्पैकेबल स्टाइल है, जो उनकी स्ट्रॉन्ग पर्सनालिटी से आती है. वह स्पोर्टी कैजुअल लुक पसंद करते हैं, लेकिन उन्हें कभी-कभार ड्रेस अप करना भी अच्छा लगता है.%

**विराट कोहली ले चुके हैं टेस्ट और टी20 से संन्यास**

विराट कोहली ने 2008 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था और उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा. वह भारत के ही नहीं दुनिया के सबसे शानदार क्रिकेटर्स की लिस्ट में शुमार हैं. टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में खिताबी जीत दर्ज करने के बाद उन्होंने सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था और फिर इसी साल मई में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से भी रिटायरमेंट की घोषणा कर दी.

ऐसे में अब वह सिर्फ वनडे क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे. इसके अलावा आपको बता दें, विराट कोहली का 18 सालों का इंतजार खत्म हुआ और 3 जून 2025 को आरसीबी ने अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी उठाई.

## खुदरा महंगाई दर मई में घटकर छह साल के निचले स्तर पर 2.82 फीसदी पर आई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को बड़ी राहत देने वाली खबर है। खुदरा महंगाई दर मई महीने में घटकर 2.82 फीसदी पर आ गई है, जो 6 साल का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2019 में ये 2.86 फीसदी रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण खुदरा महंगाई दर घटी है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर मई में सालाना आधार पर घटकर 2.82 फीसदी पर आ गई है, जो छह साल का निचला स्तर है। इससे पिछले महीने अप्रैल में खुदरा महंगाई दर कम होकर 3.16 फीसदी पर आ गई थी, जबकि मार्च, 2025 में यह 3.34 फीसदी रही थी। ये खुदरा महंगाई का 67 महीने का निचला स्तर था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2019 के बाद से यह सबसे कम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) महंगाई दर है। एनएसओ के मुताबिक खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से अनाज और दालों की कीमतों में नरमी के कारण खुदरा महंगाई दर में यह गिरावट आई है।

## व्यापार समझौते के लिए भारत और यूरोपीय संघ के बीच गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इन मुद्दों का हल निकालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। भारत-स्वीडन उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश नीति फोरम में स्वीडिश उद्यम परिसंघ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में लिखा है, ''भारत-स्वीडन उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश नीति फोरम में स्वीडिश उद्यम परिसंघ को संबोधित करने और अग्रणी स्वीडिश और भारतीय व्यवसायों के साथ जुड़ने पर प्रसन्नता हुई। दोनों पक्षों के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में जारी प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर संयुक्त पत्र, मजबूत आर्थिक संबंधों और समावेशी विकास के भविष्य को बनाने के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।''

## एआई स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे अधिक परिवर्तनकारी तकनीक : सर्वे

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के अगले दो से तीन वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे अधिक परिवर्तनकारी तकनीक के रूप में देखा जा रहा है जिसमें चालू वर्ष में डॉयग्नोस्टिक से जुड़े निर्णय लेने उसके कार्यान्वयन में विशेष रूप से उपयोग किया जा रहा है।डीएचएन दिल्ली फोरम 2025 में वार्षिक डिजिटल स्वास्थ्य रुझान और आउटलुक 2025 रिपोर्ट जारी की गयी है। इस कार्यक्रम में हेल्थकेयर उद्यमी, नीति निर्माता और भारतीय हेल्थकेयर के भविष्य को आकार देने वाले इनोवेटर की मौजूदगी में जारी नई रिपोर्ट में डिजिटल परिवर्तन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकार्ड आधुनिकीकरण और रणनीतिक सहयोग को अहम बताया गया है। इस सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से 54 प्रतिशत ने एआई को अगले 2-3 वर्षों के लिए स्वास्थ्य सेवा में सबसे अधिक परिवर्तनकारी तकनीक के रूप में मना है। 51 प्रतिशत से अधिक का कहना है कि यह मरीजों से जुड़ने के मददगार हो सकता है जिनमें से अधिकांश पहले से ही उपभोक्ता-सामना करने वाले डिजिटल उपकरणों में निवेश कर रहे हैं। हालांकि कुछ लोगों ने बेहतर ख़तरा प्रबंधन के बावजूद, कर्मचारियों के प्रशिक्षण और ऑडिट तत्परता में खामियाँ डिजिटल अपनाने में चल रही कमज़ोरियों की ओर भी ध्यान देने की बात कही।

## भारत के लिए 'दुर्लभ मृदा' का संकट गहराय: अमेरिका-चीन की 'रेयर अर्थ' डील ने बढ़ाई ऑटो इंडस्ट्री की चिंता

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच 'रेयर अर्थ' (दुर्लभ मृदा) धातुओं को लेकर हुए एक नए समझौते ने भारतीय उद्योग, विशेष रूप से ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लिए एक नया संकट खड़ा कर दिया है। यह डील ऐसे समय में हुई है जब भारत अपनी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए आयात पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रहा है। दुर्लभ मृदा धातुएं आधुनिक तकनीक, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अपरिहार्य हैं, और इन पर चीन का वैश्विक प्रभुत्व भारत के लिए चिंता का विषय रहा है।अमेरिका-चीन के बीच हुए इस समझौते से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर चीन की पकड़ और मजबूत होने की आशंका है, जिससे भारत जैसे देशों के लिए इन महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच और भी मुश्किल हो सकती है।

## इजरायल-ईरान के बीच संघर्ष से सोने की कीमत एक लाख रुपए के पार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोने के दाम मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को करीब दो प्रतिशत बढ़कर एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गए हैं। सोने में तेजी की वजह मध्य-पूर्व में इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष का बढ़ना है।

सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी तेजी देखी जा रही है। एमसीएक्स पर सोना 1,108 रुपए या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 99,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। सोना 98,392 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इसके बाद शुरुआती कारोबार में ही एमसीएक्स पर सोना 1 लाख रुपए के स्तर को पार कर 1,00,403 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। दोपहर 2ः35 पर सोना 1.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,00,079 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। चांदी 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,06,639 रुपए प्रति



किलो पर थी। वायदा बाजार के साथ-साथ स्पॉट पर भी सोने और चांदी की कीमतों में उछाल देखने को मिला है। 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 99,170 रुपए हो गया है, जो कि पहले 97,455 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 90,840 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 89,269 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 74,378 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 73,091 रुपए प्रति 10 ग्राम पर थी।

चांदी की कीमत में भी बढ़त देखी गई है और यह बढ़कर 1,06,240 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,498 रुपए थी। कामा ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर कॉलिन शाह ने कहा कि भू-राजनीतिक तनावों और भारतीय रुपए के कमजोर होने के चलते देश में सोने की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि सोने की कीमतों को अल्पावधि में प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय आर्थिक और राजनीतिक घटनाक्रमों के चलते एमसीएक्स पर सोना 1,00,200 रुपए से 1,00,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच रह सकता हैं।

## अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एविएशन सेक्टर के शेयरों में बड़ी गिरावट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में आज हुए विमान हादसे के कारण एविएशन सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई। इस हादसे की खबर मिलते ही इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटर ग्लोब एवियशन लिमिटेड के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक टूट गए। इसी तरह स्पाइसजेट के शेयर भी 1.7 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गए। घरेलू बाजार के अलावा न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में प्री मार्केट ट्रेडिंग सेशन के दौरान बोइंग के शेयर भी 5 प्रतिशत से अधिक टूट गए। अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने के तुरंत बाद आज एयर इंडिया का बोइंग विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे की खबर मिलते ही एविएशन सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों पर दबाव बन गया। इनमें इंडिगो एयरलाइंस का संचालन करने वाली कंपनी इंटर ग्लोब एवियशन लिमिटेड के शेयर 187 रुपये यानी 3.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,444 रुपए के स्तर पर बंद हुए। इसी तरह स्पाइसजेट लिमिटेड के शेयर 1.92 प्रतिशत तक टूट गए। हालांकि, अंत में हुई मामूली खरीदारी के कारण स्पाइसजेट के शेयर निचले स्तर से रिकवरी करके 1.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 44.68 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस हादसे का असर अमेरिका के शेयर बाजार पर भी नजर आया, जहां विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग के शेयर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) के प्री मार्केट ट्रेडिंग सेशन के दौरान 5 प्रतिशत से भी अधिक टूट गए। अहमदाबाद में जो विमान हादसे का शिकार हुआ है, उसका निर्माण बोइंग कंपनी ने ही किया है। इसीलिए बोइंग के शेयर इस हादसे की वजह से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं।

## एयर इंडिया विमान हादसाः टाटा ग्रुप ने मृतकों के परिजनों के लिए एक-एक करोड़ रुपये की घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** । टाटा समूह ने अहमदाबाद में एयर इंडिया की ड्रीमलाइनर बोइंग 787-8 फ्लाइट संख्या AI171 की दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 1-1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है। इसके अलावा समूह सभी घायल यात्रियों को चिकित्सा कवर की सुविधा भी मुहैया कराएगी। इस विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने जारी बयान में कहा कि एयर इंडिया फ्लाइट AI171 से जुड़ी दुखद घटना से हम बहुत दुखी हैं। इस समय हम जो दुख महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

चंद्रशेखरन ने लिखा है हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो घायल हुए हैं। टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देगा। घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेगा और सुनिश्चित करेगा



कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त बी.जे. मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेगा। समूह की तरफ से कहा गया है कि वे इस अकल्पनीय समय में प्रभावित परिवारों और समुदायों के साथ खड़ा है। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद से लंदन जाने वाला बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्?ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के पांच मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के पास घनी आबादी वाले रिहायशी इलाके में जा गिरा।

## पिछले 11 वर्षों में ऑयल और गैस इन्फ्रा में काफी सुधार हुआ, भारत की एनर्जी सिक्योरिटी मजबूत हुईः हरदीप सिंह पुरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत के ऑयल और गैस सेक्टर का काफी विस्तार हुआ है, जिसमें आधुनिक रिफाइनरियों और पाइपलाइनों के निर्माण से लेकर भंडार सुरक्षित करने और स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ग्रोथ स्टोरी में इन्फ्रास्ट्रक्चर केंद्र में रहा है और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर में इन प्रयासों ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत किया है और आत्मनिर्भर भविष्य की नींव रखी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए पुरी ने कहा कि देश में अब 23 आधुनिक रिफाइनरियों का परिचालन हो रहा है, जिनकी कुल क्षमता 257 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जो पेट्रोल, डीजल, जेट ईंधन और एलपीजी जैसे पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करती हैं।

देश में घरेलू रसोई के लिए ग्रीन कुकिंग फ्यूल उपलब्ध कराने वाले पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी)



इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर अब देश भर के 733 जिलों में कर दिया गया है। इसके अलावा वाहनों को ईंधन देने के लिए कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) देश भर में 8,000 खुदरा स्टेशनों पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालय की कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीबीजी) पहल के परिणामस्वरूप 625 टीपीडी की संयुक्त क्षमता वाले 106 संयंत्र स्थापित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पुदुर की भंडारण क्षमता 2.25 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) है, विशाखापत्तनम सुविधा में 1.33 एमएमटी कच्चे तेल के भंडारण की क्षमता है, जबकि मैंगलोर की भंडारण क्षमता 1.5 एमएमटी है। इसके अलावा चंडीखोल में एक और रणनीतिक रिजर्व सुविधा बनाई जा रही है, जो समुद्र तट पर ही है।

## एक दशक में डीबीटी ट्रांसफर में 90 गुना से अधिक का उछाल, रियल टाइम पेमेंट में 'भारत' दुनिया में सबसे आगेः वित्त मंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत महज एक दशक में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) में 90 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि भारत रियल टाइम पेमेंट में दुनिया में सबसे आगे है, जहां 2024-25 में 260 लाख करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन किए गए।वित्त मंत्री सीतारमण ने एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महज एक दशक में 2013-14 के 7,368 करोड़ रुपए से लेकर 2024-25 में 6.83 लाख करोड़ रुपए तक, डीबीटी हस्तांतरण में 90 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हर रुपया हर नागरिक तक पहुंचा। उन्होंने आगे कहा कि भारत रियल टाइम पेमेंट में दुनिया में सबसे आगे है। जहां, 2024-25 में



260 लाख करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन दर्ज किए गए और मात्रा के हिसाब से सालाना आधार पर लगभग 18,600 करोड़ लेनदेन किए गए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, पिछले 11 वर्षों में भारत की तकनीकी यात्रा किसी क्रांति से कम नहीं रही। उन्होंने जोर देकर कहा, ÷भारत डिजिटल इनोवेशन, टेक आधारित शासन और ग्लोबल ट्रस्ट का हब बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर स्पेस टेक तक, डिजिटल पेमेंट से लेकर ग्रामीण कनेक्टिविटी तक, परिवर्तन स्पष्ट, प्रभावशाली और स्थायी है। उन्होंने आगे कहा कि यह बदलाव केवल डिवाइस और प्लेटफॉर्म को लेकर नहीं है, यह निर्बाध शासन, नागरिक सशक्तीकरण और टेक-फर्स्ट विकसित भारत के निर्माण को लेकर भी है।आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव के अनुसार, भारत में 55.44 करोड़ जन धन खाते खोले गए हैं, जिनमें से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इसी के साथ इन खातों में जमा कुल राशि इस वर्ष 21 मई तक 2.5 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में, डिजिटल पेमेंट में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह प्रतिदिन 60.81 करोड़ लेनदेन तक पहुंच गया, जिसमें यूपीआई का योगदान 83.73 प्रतिशत रहा। उन्होंने आगे कहा कि यूपीआई का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है।

## बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निफ्टी में 6 दिन से जारी तेजी पर लगा ब्रेक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और पश्चिम एशिया में तनाव की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। इस गिरावट के साथ ही निफ्टी में लगातार 6 कारोबारी दिन से जारी तेजी के सिलसिले पर भी ब्रेक लग गया। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स तथा निफ्टी दोनों सूचकांकों की मजबूती और बढ़ी, लेकिन ये तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार लगातार गिरता चला गया?। खासकर, दोपहर 1:30 बजे के बाद अहमदाबाद प्लेन क्रैश की खबर आते ही बाजार में बड़ी गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.99 प्रतिशत और निफ्टी 1.01 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।आज दिनभर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, एफएमसीजी, आईटी, ऑयल एंड गैस, पावर और रियल्टी इंडेक्स में 1 से 2 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, हेल्थ केयर और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## मनोहर लाल ने जम्मू-कश्मीर के लिए बिजली और शहरी विकास क्षेत्र की समीक्षा की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने श्रीनगर में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर के शहरी विकास और विद्युत क्षेत्र के परिदृश्य की समीक्षा की। बैठक के दौरान केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बिजली क्षेत्र के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।विद्युत मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में बताया कि केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने बैठक के दौरान कहा कि केंद्र शासित प्रदेश को अपने उपभोक्ताओं के लिए बिजली की लागत कम करने के लिए जलविद्युत परियोजनाओं पर लगाए गए जल उपकर को माफ करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगस्त 2025 तक सभी सरकारी प्रतिष्ठानों और सरकारी कॉलोनियों के लिए प्रीपेड मीटर पर्याप्त संख्या में प्रदान किए जाएंगे। मनोहर लाल ने



कहा कि विद्युत मंत्रालय और केंद्र शासित प्रदेश को जलविद्युत परियोजनाओं के लिए स्थानीय कार्यबल के कौशल विकास और क्षमता निर्माण के लिए समन्वय करना चाहिए। उपभोक्ताओं के जीवन को सुगम बनाने के लिए कनेक्शन शुल्क को सरल बनाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सर्दियों के दौरान मांग को पूरा करने के लिए राज्यों के बीच मांग की अनुपूरकता के आधार पर बिजली की बैंकिंग हो। मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक के दौरान केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बिजली क्षेत्र के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्र शासित प्रदेश ने शहरी और बिजली क्षेत्र से जुड़े मुद्दों और प्रमुख उपलब्धियों तथा भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए संभावित समाधान पर भी प्रकाश डाला। बैठक में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी भी मौजूद थे। बैठक में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, भारत सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यों के विदुयत निगम और सीपीएसई के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए।

## एयर इंडिया विमान दुर्घटना के राहत कार्यों में हर संभव मदद करेगी रिलायंसः अंबानी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के दिग्गज उद्योगपति एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की। आरआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी एवं व्यथित हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। मुकेश अंबानी ने आगे लिखा है, ''दुख की इस घड़ी में, रिलायंस चल रहे राहत प्रयासों को अपना पूर्ण और अटूट समर्थन देता है तथा हर संभव तरीके से सहायता करने के लिए तैयार है। हम प्रार्थना करते हैं कि प्रभावित सभी लोगों को इस



अकल्पनीय क्षति से उबरने की शक्ति और सांत्वना मिले। ओम शांति। उल्लेखनीय है कि गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई थी। एक यात्री जिंदा बचा है। एयर इंडिया के अनुसार इस विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश नागरिक, सात पुर्तगाली नागरिक और एक कनाडाई नागरिक सवार थे, उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान में आग लग गई।

## टेफाल के प्रीमियम कुकवेयर और स्मार्ट होम अप्लायंसेस का विस्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रीमियम कुकवेयर और होम अप्लायंसेज़ बनाने वाली कंपनी टेफाल ने वर्ष 2025-26 में 40 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च करने की योजना के साथ गुरूवार को यहां भारत के लिए अपनी अब तक की सबसे व्यापक और नवाचार-प्रेरित प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। ग्रुप एसईबी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कक्कड़ ने अभिनेत्री दीया मिर्जा के साथ नये उत्पादों का अनावरण किया। इस मौके पर श्री कक्कड़ ने कहा कि स्थानीयकरण और टिकाऊपन पर विशेष ज़ोर देते हुये टेफाल ने भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार अपने नवीनतम उत्पाद प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को टेफाल प्रीमियर ब्रांड के तहत उतारा गया है। 2025-26 में 40 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च करने की योजना के साथ टेफाल श्रेणियों का विस्तार और स्थानीय नवाचार को गति दे रहा है। 10 से अधिक उत्पाद पूरी तरह भारत के लिए डिज़ाइन और डेवलप किए गए हैं तथा हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित निर्माण इकाई में बनाए जा रहे हैं। यह सुविधा इन-हाउस मोटर निर्माण को भी सपोर्ट करती है। टिकाऊपन को प्राथमिकता देते हुए टेफाल ऐसे उत्पाद विकसित कर रहा है जो लंबे समय तक चलें और बार-बार बदले जाने की आवश्यकता को कम करें।

## गोयल ने व्यापक सरकारी और उद्योग वार्ता के जरिए भारत-स्वीडन सहयोग को आगे बढ़ाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/स्टॉकहोम।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्टॉकहोम की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के पहले दिन स्वीडिश सरकार के वरिष्ठ सदस्यों और उद्योग जगत के नेताओं के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और गहरा करना, व्यापार और निवेश प्रवाह को बढ़ाना और उभरते क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशना था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने स्टॉकहोम की अपनी दो-दिवसीय आधिकारिक यात्रा के पहले दिन स्वीडिश सरकार के वरिष्ठ सदस्यों और प्रसिद्ध उद्योगपतियों के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करना, व्यापार और निवेश प्रवाह को बढ़ाना और उभरते क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशना था। इस दौरान पीयूष गोयल ने अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग और विदेश व्यापार मंत्री बेंजामिन डौसा और विदेश व्यापार सचिव हाकन जेवरेल से मुलाकात की। चर्चा में भारत-स्वीडन व्यापार और निवेश साझेदारी के दायरे को बढ़ाने, सतत औद्योगिक सहयोग को सुविधाजनक



बनाने और प्रौद्योगिकी और नवाचार-संचालित विकास के लिए प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। गोयल ने भारत-स्वीडन प्रमुख व्यापारिक गोलमेज (बिजनेस लीडर्स राउंडटेबल) को भी संबोधित किया, जहां उन्होंने स्वीडिश उद्योग के प्रमुख सदस्यों के साथ बातचीत की यात्रा के दौरान आर्थिक, औद्योगिक और वैज्ञानिक सहयोग के लिए भारत-स्वीडन संयुक्त आयोग का 21वां सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र की सह-अध्यक्षता विदेश व्यापार के सचिव हाकन जेवरेल, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव संजीव और वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव साकेत कुमार ने की। गोलमेज सम्मेलन ने स्वच्छ ऊर्जा, स्मार्ट विनिर्माण, गतिशीलता, जीवन विज्ञान और डिजिटल प्रौद्योगिकियों में निजी क्षेत्र के सहयोग को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि पीयूष गोयल ने वैश्विक विनिर्माण और नवाचार केंद्र बनने के भारत के दृष्टिकोण को दोहराया और हरित प्रौद्योगिकियों, नवाचार-आधारित विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्वीडन के साथ निरंतर साझेदारी का आह्वान किया। स्टॉकहोम में हुई बैठकें भारत-स्वीडन रणनीतिक साझेदारी में जारी गति को प्रतिबिंबित करती हैं तथा प्रभावी तरीके से भविष्योन्मुख पहलों पर सहयोग करने की साझा महत्वाकांक्षा की पुष्टि करती हैं।



## 'अगर तुम्हें कोई लड़का पसंद आए तो...' बेटी

# जान्हवी कपूर

## को डेटिंग पर क्या सलाह देती थीं श्रीदेवी?



दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी अपनी दोनों ही बेटियों जान्हवी कपूर और खुशी कपूर के काफी करीब थीं. हालांकि बड़ी बेटी जान्हवी से उनका खास लगाव था. जान्हवी भी अपनी मां को बेहद मानती थीं और वो उनके निधन के बाद बुरी तरह टूट गई थीं. जान्हवी अपनी मां की अभिनय की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं और उन्हें अब बॉलीवुड में काम करते हुए सात साल से भी ज्यादा समय हो चुका है.श्रीदेवी और बोनी कपूर ने अपनी बेटियों को बहुत अच्छी परवरिश दी है. श्रीदेवी अपनी बेटियों के हर काम पर और हर एक्शन पर नजर रखती थीं. वो जान्हवी और खुशी से डेटिंग को लेकर भी खुले तौर पर कह चुकी थीं. जान्हवी ने बताया था कि मां और पापा कहते थी कि अगर उन्हें कोई लड़का पसंद आए तो हम उससे उनकी शादी करा देंगे.

**जान्हवी को डेटिंग लिए श्रीदेवी ने क्या कहा था ?**

जान्हवी कपूर ने एक बार एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया था कि डेटिंग को लेकर उनके पैरेंट्स उनसे क्या कहते थे ? जान्हवी के मुताबिक, मां और पापा डेटिंग लाइफ को लेकर बहुत ही ड्रामेटिक थे. वो कहते थे, अगर तुम्हें कोई लड़का पसंद आए तो हमें बताना, हम तुम्हारी शादी करा देंगे. मैं कहती थी- क्या ? हमारी शादी हर अच्छे लगने वाले लड़के से नहीं हो सकती. जान्हवी अपनी मां से कहा करती थी कि चिल और मस्ती के लिए भी तो किसी को डेट कर सकते हैं. हालांकि श्रीदेवी को बेटी की ये बात पसंद नहीं आती थी और वो जान्हवी से पूछती थी कि चिल ? चिल का क्या मतलब होता है ?

## कौन है बिमल पारेख? जो बॉलीवुड सितारों के एक-एक पैसे का रखता है हिसाब



फिल्मों का 'राजा' कौन ? इस सवाल के जवाब के लिए लोग बॉक्स ऑफिस कलेक्शन देखते हैं. रियल लाइफ और कमाई में चढ्ढ्हत्त कौन ? इसके जवाब के लिए स्टारडम और कुल संपत्ति देखी जाती है. हर साल एक्टर्स करोड़ों की कमाई करते हैं. बात जब सुपरस्टार आमिर खान की हो, तो सोचा है कि वो पैसे कमाते तो हैं. पर इसे संभालने की जिम्मेदारी किसके हाथ है ? खुद उनके, बच्चों के या फिर एक्स पत्नी और गर्लफ्रेंडज्सबका सीधा जवाब है- इनमें से कोई भी नहीं. यह जिम्मा खुद उन्होंने बिमल पारेख को सौंपा हुआ है. आखिर कौन है ये शख्स ? जिसके लिए आमिर खान ने कहा कि- वो मुझे एक पल में कंगाल कर सकता है.

आमिर खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बिमल पारेख का जिक्र किया था. जिसे मजाक में अपनी सौतेली मां बताते हुए भी दिखाई दिए थे. सुपरस्टार का कहना था कि शुरुआत से ही उनका पूरा ध्यान क्रिएटिविटी पर रहा है. पैसों में कभी कोई दिलचस्पी नहीं रही. उनके पूरे पैसों की जिम्मेदारी बिमल पर है. यहां तक बोल गए थे कि वो मेरे पैसों का क्या करता है वो नहीं जानते. वो चाहे तो एक पल में उन्हें कंगाल कर सकता है और एक्टर उसे रोक नहीं पाएंगे. पर बिमल पारेख है कौन ? आइए बताते हैं.

**कौन है बिमल पारेख ?**

बिमल पारेख बॉलीवुड वालों के पसंदीदा चार्टेड अकाउंटेंट (CA) हैं. साथ ही फाइनेंशियल एडवाइजर भी हैं. सिर्फ आमिर खान ही नहीं, वो रणबीर कपूर, कटरीना कैफ, जूही चावला से लेकर कपिल शर्मा तक के सीए हैं. साथ ही कई प्रोडक्शन हाउसेज को फाइनेंशियल गाइडेंस दे चुके हैं. जिसमें फरहान अख्तर-रितेश सिधवानी का E&cel Entertainment, जोया अख्तर-रीमा का टाइगर बेबी, भंसाली और आशुतोष गोवारिकर का प्रोडक्शन हाउस शामिल है.

हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बिमल पारेख ने खास बात की. साथ ही कहा कि, वो खुद को पावरफुल नहीं मानते. मैं चार्टेड अकाउंटेंट बना, क्योंकि मेरे पिता भी थे. आप की असली पावर उन लोगों से आती है, जिनके साथ आप काम करते हैं. इस दौरान बिमल पारेख ने बताया कि फिल्म में काम कर रहे लोग पैसे नहीं देते. लेकिन इतने सालों में एक भी क्लाइंट को डिफॉल्ट नहीं किया गया है.

